सुप्रभात
रांची, रविवार
18.06.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आषाढ़, कृष्ण पक्ष, अमावस्या संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 333



12 आदिपुरुष ने की पहले ही दिन रिकार्डतोड़ कमाई


BIOME®
Leading Institute for Pre-Medical Exam.
A Unit of Bhavya Educational Services LLP

## सिर्फ मेडिकल Preparation का संस्थान

झारखंड के इतिहास में पहली बार
NEET-UG में 700 मार्क्स पार

*Legacy of* BIOME *Continues....*

26 Out of 27 Selections from Ranker's Batch in NEET 2023





Jharkhand State Topper

705/720 RAKHI

Most of the Selected Students are from Classroom Program



691/720 MAHIYA MAHESHWARI
686/720 ADITYA ASTHANA
683/720 PRIYA GHOSH

Best & Highest Selection in NEET from एक शहर, एक संस्थान



| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ABHAY 675/720 | JYOTIRMOY 670/720 | SHREYA RAJ 666/720 | HIMANSHU 663/720 | TANJEEL 663/720 | AMRENDRA 662/720 | MRITUNJAY 660/720 | ANJALI 655/720 | RITIK 655/720 | SONAM 650/720 | AMAN 650/720 |
| AKASH 646/720 | CHAITANYA 643/720 | ADITI 643/720 | VINAY 642/720 | ANIRBAN 640/720 | SUPRIYA 637/720 | SIDDHARTH 635/720 | ANSHUMAN 634/720 | KHUSHI 633/720 | SHAISTA 631/720 | SHIVANI 628/720 |
| ALOK 627/720 | TEJAS 627/720 | DURGESH 626/720 | HARSH 625/720 | MOHAMAMD 622/720 | SHAGUFTA 622/720 | SANJAY 622/720 | SHEYNAAZ 616/720 | BITU RAZ 614/720 | SEEMA 612/720 | AFTAB 611/720 |
| VIKASH 609/720 | HARSH 607/720 | SNEHA 607/720 | SHALU 607/720 | PIYUSH 607/720 | MADHU 607/720 | ANAND 606/720 | SWATI 605/720 | TANU SHREE 604/720 | RANI 601/720 | PALLAVI 601/720 |

and many more...

**LAKSHYA**
*For 500+ Scorer in* NEET 2023
*Starting from* 6th July, 2023

**TARGET**
*(12th Passed Students)* for NEET 2024
*Starting from* 22nd June, 2023

**FOUNDATION**
*(11th moving students)* for NEET 2025
*Starting from* 22nd June, 2023

**TEST SERIES**
*(12th Passed Students)* for NEET 2024
*Starting from* 12th July, 2023

NEET-UG Counselling Seminar : 2 July, 2023 at 11:00 A.M., Venue : BIOME, Hinoo Campus

7360066185 / 86 / 87 / 88 / 89 / 90 / 91 / 92

**CORPORATE OFFICE :** Shivpuri (Kilburn Colony), Opp. Spring City Mall, Hinoo, Ranchi

**BRANCH OFFICE :** New Nagratoli, Near Women's College, Science Block, Ranchi

www.biomeinstitute.in youtube.com/biomeinstitute facebook.com/biomeinstitute/

LIBRARY SCHOOL HOSTEL TRANSPORT
Managed by third party

## खबर एक नजर में

### 22 को सीएम पंचायत सचिवों को देंगे नियुक्ति पत्र

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 22 जून को नवनियुक्त पंचायत सचिवों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। लगभग 1632 पंचायत सचिवों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया जायेगा। पंचायती राज विभाग के सचिव राजीव अरूण एक्का ने नियुक्ति पत्र वितरण समारोह के लिए सभी जिलों के उपायुक्तों को पत्र लिखा है। सचिव ने कहा कि वे सुनिश्चित करायें कि 22 जून को सारे पंचायत सचिव समारोह स्थल में उपस्थित हों। पंचायत सचिवों की नियुक्ति होने के बाद पंचायत सचिवालय के कार्य बेहतर होंगे। पंचायती राज, सहित ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं का क्रियान्वयन उचित तरीके से हो सकेगा।

### सीएम से मिलीं मिसेज इंडिया वर्ल्ड वाइड की विजेता डॉ अपराजिता



रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को मिसेज इंडिया वर्ल्ड वाइड की विजेता डॉ अपराजिता सिन्हा ने अपने माता-पिता के संग औपचारिक मुलाकात की। डॉ अपराजिता ने इस प्रतिष्ठित सौंदर्य प्रतियोगिता के अनुभवों को मुख्यमंत्री के साथ साझा किया। मुख्यमंत्री ने मिसेज इंडिया वर्ल्ड वाइड का खिताब हासिल करने के लिए उन्हें बधाई दी और सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने डॉ अपराजिता से कहा- इस प्रतिष्ठित सौंदर्य प्रतियोगिता का खिताब जीतकर आपने पूरी दुनिया में झारखंड और देश का नाम रोशन किया है।

### 19 को लंबित कांडों की समीक्षा करेंगे एडीजी

रांची। एडीजी अभियान आगामी 19 जून को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से झारखंड में चार साल से अधिक समय से लंबित आपराधिक कांडों की समीक्षा करेंगे। बैठक में राज्य के सभी जिलों के एसएसपी, एसपी, जोनल आईजी और सभी रेंज के डीआईजी शामिल होंगे। इस दौरान अभियोजन स्वीकृत्या देश के लंबित कांडों की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की जायेगी। लंबे समय से लंबित केस के निष्पादन के लिए मार्गदर्शन और अनुवीक्षण समिति बनायी गयी है। इस समिति के अध्यक्ष एडीजी अभियान संजय आनंद लाटकर, उपाध्यक्ष, आईजी और सीआईडी असीम विक्रांत मिंज को बनाया गया है।

### यूपी के जल शक्ति मंत्री आज से झारखंड प्रवास पर

रांची। महा जनसंपर्क अभियान के तहत उत्तर प्रदेश भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं उत्तरप्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव आज सुबह 8 बजे रांची आयेंगे। यहां से चाईबासा के लिए प्रस्थान करेंगे और वहां एक जनसभा को संबोधित करेंगे। आज और कल उनका संपर्क से समर्थन, टिफिन बैठक एवं चाईबासा में प्रेसवार्ता का भी कार्यक्रम है।

### मिथलेश केरकेट्टा ने लिया डीएसई-डीइओ का प्रभार

रांची। गढ़वा के निवर्तमान मिथलेश केरकेट्टा ने रांची जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के पद पर शनिवार को स्वत: प्रभार ग्रहण किया। प्रभार ग्रहण के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक एवं झारखंड शिक्षा परियोजना कार्यालय रांची के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। बताते चलें कि गुरुवार को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने गढ़वा के डीएसई-डीईओ को रांची और रांची के डीएसई-डीईओ को गढ़वा स्थानांरित किया था।

### भाकपा के शीर्ष नेता पहुंचे रांची



रांची। भाकपा के राष्ट्रीय नेता शनिवार को रांची पहुंचे। जिनमें राष्ट्रीय महासचिव सह पूर्व सांसद डी राजा, राष्ट्रीय सचिव के. नारायणा, नागेंद्र नाथ ओझा और भाई चंद्र कांगो शामिल है। राष्ट्रीय सचिव डी राजा ने कहा कि एकजुट होकर केंद्र में काबिज सरकार को उखाड़ फेंकना होगा। इसके लिये विपक्षी गुटों को एकजुट होना होगा। डी राजा ने कार्यकर्ताओं से इसे अभियान के रूप मे शुरू करने की अपील की। इस दौरान राज्य सचिव महेंद्र पाठक, मनोज कुमार, अजय सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### शिक्षा सचिव चार सप्ताह में प्रोन्नति का बकाया भुगतान सुनिश्चित करें, अन्यथा कोर्ट में हों उपस्थित

रांची। बकाया भुगतान से संबंधित एक अवमानना याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को निर्देश दिया कि याचिकाकर्ताओं की ग्रेड 4 में प्रोन्नति की तिथि 1 अप्रैल 2003 की तिथि से बकाया भुगतान सुनिश्चित करें, अन्यथा स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव अगली सुनवाई में कोर्ट में सशरीर हाजिर हों। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एसएन पाठक की कोर्ट में हुई। अगली सुनवाई 21 जुलाई को होगी। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अमित कुमार तिवारी ने पैरवी की।

### भारत जोड़ो यात्रा आज से उलिहातु से होगी शुरू



रांची। कांग्रेस के पूर्व सांसद राहुल गांधी के 53वें जन्मदिवस के अवसर पर झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस 53 किलोमीटर लंबी भारत जोड़ो यात्रा का आयोजन कर रहा है। प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिजीत राज के नेतृत्व में यात्रा आज 18 जून को सुबह 10:30 बजे खूंटी के उलीहातू स्थित भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थली पर श्रद्धांजलि देने और उनके परिवार के सदस्यों को सम्मानित करके प्रारंभ किया जाएगा और 19 जून को दोपहर 12:00 बजे रांची स्थित बापू वाटिका में गांधीजी को पुष्पांजलि दे समापन होगा। यात्रा का शुभारंभ भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास वीबी के द्वारा किया जाएगा।

### 14 सीओ की सेवा की सेवा भूमि सुधार विभाग को

रांची। झारखंड प्रशासनिक सेवा के कई अंचल अधिकारी (सीओ) की सेवा राजस्व, निबंधन और भूमि सुधार विभाग को सौंपी गई है। इन अधिकारियों को जिला भू-अर्जन पदाधिकारी (डीएएलओ) के पद पर पदस्थापित किया जायेगा। इनमें शुभ्रा रानी सीओ पुटकी, वैभव कुमार सिंह सारवां, धनंजय राजनगर, रितेश जयसवाल, महेशपुर जयवंती देवगन चाकुलिया, द्वारिका बैठा जमुआ, सुनील चंद्र नोआमुंडी, छोटन महेंद्र उरांव राहे, संदीप अनुराग टोपनो गोमिया, छुटेश्वर कुमार दास सिमरिया, नीतू कुमारी दारू, वैद्यनाथ कामति कर्रा, निर्भय कुमार पांकी और रवि किशोर राम सुंदर पहाड़ी के सीओ की सेवा विभाग को सौंपी गयी है। इनकी पोस्टिंग डीएएलओ को पद पर की जायेगी।

### टेंडर हो चुकी शहरी विकास योजनाओं पर काम हर हाल में मानसून बाद करें शुरू: विनय चौबे



रांची। नगर विकास सचिव विनय चौबे ने 15वें वित्त आयोग के तहत शहरों में बनने वाले तालाब, पार्क और वेंडर मार्केट के लिए डीपीआर बनाने के काम में तेजी लाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि इस कार्य में लापरवाही बर्दास्त नहीं की जायेगी। सचिव ने अधिकारियों को बैठक में यह निर्देश दिया है। अमृत योजना के तहत सचिव ने निर्देश दिया कि जहां टेंडर निष्पादित हो गया हो वहां कायार्देश दे दिया जाये, लेकिन काम मानसून के बाद शुरू कराया जाये। इसके आलावा सचिव ने जुडको के अधिकारियों को पेयजलापूर्ति योजनाओं को ससमय पूरा कराने का निर्देश दिया। कांटाटोली फ्लाईओवर निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने के लिए कहा। सचिव ने राज्य में चल रही नगर विकास की योजनाओं को गुणवत्तापूर्वक काम कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यालय नगर निकायों को हर संभव मदद करने के लिए तैयार है। अमृत योजना का काम शिफ्ट वाईज कराई जाये।

## राष्ट्र सेवा के लिए भाजपा सबसे उचित मंच : राजीव रंजन सिंह

# केंद्र में फिर लाना है मोदी सरकार, प्रदेश में बनाना है भाजपा की सरकार : दीपक

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। भाजपा प्रदेश कार्यालय के दीनदयाल सभागार में भारतीय पुलिस सेवा से अवकाश प्राप्त पदाधिकारी राजीव रंजन सिंह ने शनिवार को अपने समर्थकों के साथ भाजपा की विधिवत सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने पार्टी का पट्टा पहनाकर सदस्यता ग्रहण करने वालों का मंच पर स्वागत किया। प्रदेश मंत्री एवं जमशेदपुर महानगर के प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू ने टॉल फ्री नंबर पर विधिवत् ऑनलाइन सदस्यता दिलायी।

**भाजपा किसी परिवार की नहीं, पारिवारिक सोच की पार्टी :** श्री प्रकाश ने कहा कि भाजपा किसी परिवार की पार्टी नहीं, बल्कि पारिवारिक सोच की पार्टी है। इसके चिंतन में सबका साथ और सबका विकास है। अंत्योदय से सर्वोदय है। श्री प्रकाश ने कहा कि भाजपा के लिए राजनीति समाज सेवा का माध्यम है। उन्होंने कहा कि धारा 370 की समाप्ति, भव्य राम मंदिर निर्माण जैसे ऐतिहासिक कार्य ने पार्टी की वैचारिक प्रतिबद्धता को मजबूत किया है। उन्होंने झारखंड सहित देश के सर्वांगीण विकास के लिए आगामी लोकसभा चुनाव में झारखंड की 14 लोकसभा सीट पर जीत सुनिश्चित कराने और विस चुनाव में कमल खिलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश की जनता तीसरी बार मोदी सरकार के लिए संकल्पित है।

**60 वर्षों तक केवल गरीबी हटाओ का नारा दिया :** भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 60 वर्षों तक केवल गरीबी हटाओ का नारा दिया, लेकिन गरीबी दूर करने का सच्चा प्रयास मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार की जननी है और उसके सहयोगी दल भ्रष्टाचार के पोषक। वहीं मोदी राज में गरीबों के पास 15 पैसा नहीं बल्कि पूरा 100 पैसा उनके खातों में पहुंचता है। उन्होंने कहा मोदी सरकार की प्राथमिकता में गांव, गरीब किसान हैं।

वहीं, राजीव रंजन सिंह ने कहा कि भाजपा की नीति, नीयत और नेतृत्व से प्रभावित होकर उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सबका साथ, सबका विकास मंत्र ने बहुत प्रेरित किया। उन्होंने भाजपा के केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए कहा कि देश सेवा के लिए भाजपा से अच्छा कोई राजनीतिक मंच नहीं।

श्री सिंह के साथ सदस्यता ग्रहण करने वालों में काजल सहाय, आर के सिंह, अशोक कुमार, घनश्याम गोस्वामी, विनोद सिंह, रमाकांत सिंह, गुरप्रीत सिंह, शैलेश कुमार, जगतार सिंह, दीपक कुमार, अशोक सिंह मुंडा, बलविंदर सिंह कलसी, अमित खंडेलवाल, संतोष साहू, अनिल सिंह, दुर्गा ठाकुर, विवेक सिंह, मिथिलेश सिंह, अंकित चेतानी, कैलाश शर्मा, मुन्ना सोनी, गोपाल प्रसाद गुप्ता, शंकर चौधरी आदि शामिल हैं।

## राज्यसभा चुनाव 2016 मामले में पूर्व मंत्री योगेंद्र साव की याचिका खारिज

**तत्कालीन एडीजी अनुराग गुप्ता और प्रेस सलाहकार अजय कुमार के खिलाफ नहीं होगी सीबीआई जांच**

**कोर्ट ने आदेश में कहा, सरकार से अपेक्षा की जाती है कि मामले का अनुसंधान जल्द हो पूरा**

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। राज्यसभा चुनाव 2016 में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट देने के लिए बड़कागांव की तत्कालीन विधायक निर्मला देवी को लालच देने के मामले में आरोपी सीआईडी के तत्कालीन एडीजी अनुराग गुप्ता एवं तत्कालीन सीएम रघुवर दास के प्रेस सलाहकार अजय कुमार के खिलाफ सीबीआई जांच का आग्रह करने वाली पूर्व मंत्री योगेंद्र साव की याचिका झारखंड हाईकोर्ट ने खारिज कर दी। कोर्ट ने राज्य सरकार से अपेक्षा की है कि इस मामले का अनुसंधान जल्द पूरा हो एवं आवश्यक कार्रवाई की जाए। हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग की ओर से अधिवक्ता एके सिंह ने कोर्ट को बताया कि चुनाव आयोग के हस्तक्षेप के बाद मामले में से जगन्नाथपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है लेकिन अनुराग गुप्ता के खिलाफ कोई विभागीय कार्रवाई हुई है या नहीं, इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि अनुराग गुप्ता के खिलाफ पीसी एक्ट अब तक नहीं लगाया गया है। अनुराग गुप्ता एवं अन्य पर तत्कालीन राज्यसभा प्रत्याशी मुख्तार अब्बास नकवी एवं महेश पोद्दार के पक्ष में मतदान के लिए प्रलोभन देने का आरोप है।

**निर्वाचन आयोग ने एफआईआर का दिया था आदेश :** प्रथम दृष्टया जांच के बाद भारत निर्वाचन आयोग ने एफआईआर कराने का आदेश दिया था। गृह विभाग के अवर सचिव अवधेश ठाकुर के बयान पर सरकार ने तब जगन्नाथपुर थाना में मामला दर्ज करवाया था। इस मामले में अनुराग गुप्ता के निलंबन के बाद राज्य सरकार ने विभागीय कार्रवाई शुरू की थी जिसके संचालन का जिम्मा डीजीपी एमवी राव को दिया गया था। हालांकि बाद में अनुराग गुप्ता को विभागीय जांच में क्लीन चिट दे दी गई थी।

## मुख्यमंत्री ने तीरंदाज दिप्ती कुमारी को ₹2 लाख की आर्थिक मदद दी

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शानिवार को झारखंड की प्रतिभावान तीरंदाज और जूनियर नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप - 2020 की ओवरऑल चैंपियन दीप्ति कुमारी ने मुलाकात की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने दीप्ति कुमारी को आर्थिक सहायता के रूप में दो लाख रुपए का चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, लेकिन आर्थिक तंगी से कई खिलाड़ी आगे नहीं आ पाते हैं। ऐसे में सरकार प्रतिभावान खिलाड़ियों को हर संभव मदद और सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि वे अपने प्रदर्शन से झारखंड और देश का नाम दुनिया में रोशन कर सकें। इस सिलसिले में झारखंड खेल नीति बनाई गई है, जिसके जरिए खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस मौके पर पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री श्री मिथिलेश कुमार ठाकुर भी मौजूद थे।

## झारखंड हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक और सदस्य राकेश सिन्हा, अजय मिश्रा व संजीव तिवारी ने पदभार संभाला

**झारखंड में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना हमारा लक्ष्य : जयशंकर पाठक**

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। झारखंड हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक, सदस्य राकेश सिन्हा, अजय मिश्रा और संजीव तिवारी ने शनिवार को हिनू स्थित बोर्ड कार्यालय में अपना पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख नवनियुक्त तमाम सदस्यों को बधाई दी। पदभार ग्रहण के बाद अध्यक्ष जयशंकर पाठक ने कहा कि झारखंड में कई प्रसिद्ध तीर्थस्थल मौजूद हैं और काफी संख्या में तीर्थ यात्री यहां आते हैं। देवघर, पारसनाथ, इटखोरी, रजरप्पा, वंशीधर मंदिर, जगन्नाथपुर और पहाड़ी मंदिर जैसे तीर्थस्थल में श्रद्धालुओं की सुविधा का पूरा ख्याल रखा जाएगा, जहां मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं, वहां सुविधाएं देने का प्रयास किया जाएगा, जिससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिले। साथ ही जिन स्थलों पर कोई विवाद है, उनका निपटारा किया जाएगा। झारखंड में इस क्षेत्र में ज्यादा काम नहीं हुआ है और यहां बहुत ज्यादा संभावनाएं हैं, तो इस दिशा में पूरा प्रयास किया जाएगा। इतना ही नहीं उपरोक्त मंदिरों में लोगों के सहयोग से पीपी मॉडल पर धर्मशाला का निर्माण कराया जाएगा। जहां लोगों को ठहरने का भी व्यवस्था हो सके।

**ब्लूप्रिंट तैयार कर धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देंगे : राकेश सिन्हा**

सदस्य राकेश सिन्हा ने कहा कि बोर्ड के सदस्य पूरे झारखंड का भ्रमण करेंगे और देखेंगे कि कहां क्या कमी है और कहां पर काम करने की जरूरत है इसका ब्लूप्रिंट तैयार कर धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देंगे।

### शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करने के निर्णय का किया स्वागत

रांची। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करने का निर्णय स्वागत किया है। संघ के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने कहा की मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आदेश ही नहीं सख्त हिदायत दी है कि सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को पठन-पाठन के अलावा और कोई भी कार्य में नहीं लगाए जाये। राज्य के शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करें। सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को सिर्फ और सिर्फ पठन-पाठन कार्य में लगाया जाए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की इस घोषणा का अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने स्वागत किया है। मुख्यमंत्री शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्य से मुक्त करने के आदेश से राज्य के शिक्षको में व्यापक खुशी है। इस निर्णय पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। आने वाले समय में एक दो वर्षो में शिक्षको के पठन पठान काफी प्रभाव पड़ेगा।

## पांच किस्तों में बिजली बिल जमा करने के लिए बचे हैं सिर्फ 13 दिन

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड बिजली वितरण निगम की ओर से वन टाइम सेटलमेंट स्कीम (ओटीएस) चलायी जा रही है। योजना की अंतिम तारीख 30 जून तक है। राज्य के लंबे बिजली बिल बकायेदार इस योजना का लाभ ले सकते हैं। स्कीम के तहत लंबे बिजली बिल बकायेदार उपभोक्ताओं को पांच किस्तों में बिल जमा करने की सुविधा दी जा रही है। वहीं, डीपीएस में भी छूट दी जानी है। जेबीवीएनएल की ओर से उपभोक्ताओं को ओटीएस का लाभ देने के लिए अगल अलग जगहों में शिविर लगाया जा रहा है। सोशल मीडिया के जरिये भी उपभोक्ताओं को इस योजना की जानकारी दी जा रही है। जहां उपभोक्ताओं को जल्द से जल्द इस स्कीम का लाभ लेने की जानकारी दी जा रही है। योजना की अंतिम तारीख में अब 13 दिन ही रह गये है। ऐसे में निगम के कर्मियों और अधिकारियों की ओर से लगातार सोशल मीडिया में प्रचार किया जा रहा है। क्योंकि योजना की अंतिम तिथि 30 जून है। ऐसे में इस योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ताओं के पास सीमित समय है।

### मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना में सरलीकरण का मिला लाभ

## हेमंत सरकार ने दो साल में 6272 युवाओं को स्वरोजगार के लिए दिया 105 करोड़ का ऋण

**वर्ष 2023-24 में दो लाख युवाओं को इस योजना का लाभ देने का लक्ष्य**

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा रोजगार सृजन योजना में किया गया सरलीकरण स्वरोजगार करने वाले अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग के युवकों के लिए उपयोगी साबित हो रहा है। लाभुक स्वरोजगार अपना कर खुद मालिक बनने के साथ अन्य लोगों को भी रोजगार देने में सहायक बन रहे हैं। विभाग की ओर से जारी विज्ञप्ति में मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत विगत दो वित्तीय वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में राज्य भर के 6272 युवाओं को स्वरोजगार के लिए राज्य सरकार ने 104.97 करोड़ रुपये का ऋण प्रदान किया है। वहीं वित्तीय वर्ष 2023-24 में करीब दो लाख युवाओं को इस योजना से लाभान्वित करने का लक्ष्य तय किया गया है।

**पूर्वी सिंहभूम के लाभूकों को मिला सबाधिक लाभ :** इस योजना के तहत सबसे अधिक लाभुक पूर्वी सिंहभूम के हैं। यहां के 940 युवाओं को योजना का लाभ मिला और उनके बीच स्वरोजगार के लिए 6.26 करोड़ की राशि दी हुई। दुमका के 657 युवाओं को योजना का लाभ मिला। स्वरोजगार के लिए इन्हें 11.66 करोड़ रुपये ऋण दिया गया। वहीं हजारीबाग में 567 युवाओं के बीच 7.31 करोड़ की राशि बतौर ऋण दी गयी।

## मन की बात कार्यक्रम आज, 29,434 बूथों पर सुनेंगे जनता और कार्यकर्ता

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित अमेरिकी विदेश यात्रा के कारण माह के तीसरे रविवार को ही प्रसारित होगा मन की बात कार्यक्रम का 102 वां संस्करण। ऐसा प्रधानमंत्री के आगामी सप्ताह होने वाले विदेश प्रवास के कारण हुआ है। यह जानकारी कार्यक्रम के प्रदेश प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू ने दी। उन्होंने बताया कि झारखंड के 29, 434 बूथों पर यह कार्यक्रम सुना जाएगा। इसमें बूथ पर निवास करने वाले पार्टी के पदाधिकारी ,कार्यकर्ता एवम जनता शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश अपने चाईबासा प्रवास के कारण चाईबासा के बूथ पर कार्यक्रम को सुनेंगे। वहीं, उत्तरप्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री एवं प्रयागराज पश्चिम के विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह जमशेदपुर के भालूबासा किशोर संघ बूथ पर कार्यक्रम में शामिल होंगे। पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी एवं प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह हरमू स्थित अलग अलग बूथ पर कार्यक्रम सुनेंगे। प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा रांची ग्रामीण जिला स्थित अपने बूथ पर, जबकि बालमुकुंद सहाय पहाड़ी मंदिर रांची के बूथ पर भाग लेंगे।

### जेईपीसी के अनुसार गढ़वा की स्थिति सबसे खराब

# राज्य के 12 जिलों के 10 फीसदी से अधिक बच्चे कर जाते हैं ड्रॉपआउट

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। स्कूली बच्चों की पढ़ाई छोड़ने का आंकड़ा बेहद ही चिंताजनक है। राज्य के 24 में से 12 जिलों में 10 फीसदी से अधिक बच्चे ड्रॉपआउट कर जाते हैं। झारखंड शिक्षा परियोजना की रिपोर्ट के अनुसार सबसे ज्यादा गढ़वा जिले में ड्रॉप आउट की दर है, जहां 23 फीसदी स्कूली बच्चे बीच में ही पढ़ाई छोड़ देते हैं। सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले इसे लेकर राज्य सरकार के द्वारा कई तरह के प्रयास किए जा रहे हैं। परंतु हकीकत यह है कि इसके बावजूद सरकारी स्कूलों से बच्चे पढ़ाई छोड़ कर चले जाते हैं। हालांकि, इन्हें फिर से स्कूल वापस लाने के लिए शिक्षा विभाग अभियान चला रहा है।

**जिलों में ड्रॉपआउट बच्चों का आंकड़ा :** जेईपीसी के आंकड़े के अनुसार गुमला में 17.7%, खूंटी में 17.5%, सिमडेगा में 16.5% साहिबगंज में 16.2 %, पश्चिम सिंहभूम में 15.7%, लोहरदगा में 15%, गिरिडीह में 14.3%, पाकुड़ में 12.5% चतरा में 11.5%, देवघर में 11.4% और दुमका में 11.3%, गढ़वा में 23% बच्चे स्कूल छोड़ देते हैं।

ड्रॉप आउट बच्चों को फिर से स्कूल से जोड़ने की कवायद शुरू

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर 16 जून से शिक्षा विभाग ने ड्रॉप आउट बच्चों को फिर से स्कूल से जोड़ने की कवायद शुरू कर गयी दी है। इसके लिए अधिकारियों को जिला स्तर पर विशेष रूप से जिम्मेदारी दी गई है। झारखंड शिक्षा परियोजना ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए हर जिले में कई तरह के कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। प्रयास नाम से शुरू किए गए इस कार्यक्रम के संयोजक ममता लकड़ा बताती हैं कि जिलास्तर पर कार्यक्रम स्कूलों के खुलते ही 19 जून से शुरू होगा।

**सितंबर तक 53,247 बच्चों का नामांकन पूरा करने का लक्ष्य**

कार्यक्रम में स्कूल छोड़ने वाले बच्चों का फिर से नामांकन करना होगा। शिक्षा विभाग ने सितंबर तक अनामांकित और ड्रॉप आउट 53 हजार 247 बच्चों का नामांकन पूरा करने का लक्ष्य बनाया गया है। प्रयास कार्यक्रम की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी और इस अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जाएगा। इसके लिए अभिभावकों के बीच जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा।

### बदलाव की बूंद की ओर अग्रसर झारखंड

## 82.63 प्रतिशत विद्यालयों के बच्चों को मिल रहा शुद्ध जल

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। सरकार शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में लोगों के हर घर नल से शुद्ध जल उपलब्ध कराने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है। सरकार की फंक्शनल हाउसहोल्ड टैब कनेक्शन योजना के तहत 14 जून 2023 तक कुल 6120293 हाउसहोल्ड को लक्ष्य करते हुए 2240089 हाउसहोल्ड तक एफएचटीसी के मध्यम से शुद्ध जल की आपूर्ति सुनिश्चित की है। वहीं कुल 29595 गांव में एफएचटीसी के मध्यम से जल उपलब्ध कराने के लक्ष्य को साधते हुए 1974 गांव में 100 प्रतिशत, 2447 गांव में 90 से 100 प्रतिशत, 1505 गांव में 80 से 90 प्रतिशत एवं 8490 गांव में शून्य से 50 प्रतिशत योजना का लाभ दिया गया है। इस तरह 37 पंचायत 100 प्रतिशत को योजना का लाभ मिल चुका है, जबकि हर घर जल योजना के तहत कुल 661 गांव को आच्छादित किया जा चुका है और 156 गांव योजना के तहत सर्टिफाइड हो चुके हैं।

**विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्र तक पहुंच रहा जल :** राज्य भर के सरकारी विद्यालयों में भी टैप से शुद्ध जल की आपूर्ति की जा रही है। कुल 41408 विद्यालयों में 34215 विद्यालयों में टैप के माध्यम से जल पहुंच रहा है, जिसका प्रतिशत 82.63 प्रतिशत है। वहीं 38432 आंगनबाड़ी केंद्रों में 25980 केंद्रों तक पानी की आपूर्ति हो रही है।

सुप्रभात
रांची, रविवार
18.06.2023
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | आषाढ़, कृष्ण पक्ष, अमावस्या संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 333



12 आदिपुरुष ने पहले ही दिन की रिकार्डतोड़ कमाई

## न्यूज डायरी

### बलिया में हीटवेव से 72 घंटे में 74 लोगों की मौत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कई दिनों से गर्मी का प्रकोप जारी है। आग उगलते धूप का प्रकोप इतना विकराल है कि अब लोगों की जान मुश्किल में पड़ रही है। प्रचंड गर्मी और लू के बीच बलिया जिला अस्पताल से आने वाले मौत के आंकड़े भयावह है। मौतों की संख्या ने दिल दहला कर रख दिया है। आकंड़ों के अनुसार, बीते तीन दिनों में हीट स्ट्रोक से 74 लोगों की जान जा चुकी है।

### झारखंड के अक्षज ने कराटे में दिलाया गोल्ड

**रांची।** झारखंड के अक्षज जायसवाल ने दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में शनिवार से शुरू हुए इंडिया ओपन इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया है। 11 वर्ष आयु वर्ग के कराटे में स्वर्ण पदक जीतकर उसने देश का परचम लहराया। उसने ईरान के खिलाड़ी को फाइनल राउंड में हराकर यह पदक अपने नाम किया।

### हाथी ने महिला को पटक कर मार डाला

**पूर्वी सिंहभूम।** चाकुलिया के कालियाम में तड़के शौच करने गयी प्रभाती कर (40) को हाथी ने पटक कर मार डाला। सुबह शौच के लिए अपने घर से निकली थी। इसी दौरान घर के समीप झाड़ियों में खड़े एक हाथी ने उस पर हमला बोल दिया। एक अन्य दिव्यांग व्यक्ति भी डर से गिर के घायल हो गया।

### बोकारो में वाहन पलटने से दो की मौत

**बोकारो।** धनबाद-पुरुलिया हाईवे पर पिंड्राजोरा बेड़ानी मोड़ के पास एक 407 वाहन के पलट जाने से दो लोगों की मौत हो गयी। पांच लोग बुरी तरह से घायल हैं। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि पश्चिम बंगाल के पुरुलिया से 407 वाहन में सवार होकर ये लोग धान खरीदने के लिए बोकारो आ रहे थे। इसी दौरान गाड़ी की स्टीयरिंग फेल हो गयी।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

सीएम आवास घेरने जा रहे थे सहायक अध्यापक

## सीएमओ से वार्ता के बाद आंदोलन सशर्त स्थगित



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** शनिवार को रांची में शिक्षकों का आंदोलन चरम पर देखने को मिला। एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले भारी संख्या में सहायक अध्यापक मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने के लिए निकले, पर सीएमओ के साथ सहायक शिक्षकों से वार्ता के बाद उनका आंदोलन शांत हुआ। एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले राज्य के सभी 24 जिलों से लगभग 15 हजार से अधिक सहायक अध्यापक सीएम आवास घेराव करने पहले मोराबादी मैदान में जुटे। वहां से जुलूस की शक्ल में सीएम आवास की ओर बढ़े सहायक अध्यापकों को थोड़ी दूर बढ़ने पर पुलिस प्रशासन ने रोक दिया। इस दौरान उन्होंने सरकार से वेतनमान का वायदा पूरा करने पर जोर दिया।

(शेष पेज 11 पर)

देवघर-दुमका में गर्मी से दो की मौत, गोड्डा का पारा 47 पहुंचा

## जीना मुहाल, आग उगल रहा सूरज

- किसी जिले का पारा 40 से कम नहीं, न्यूनतम पारा भी 30 के पार, फिलहाल राहत की उम्मीद नहीं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में मौसम के तेवर और तल्ख हो गये हैं। पूरा सूबा प्रचंड धूप और लू की चपेट झुलस रहा है। मौसम विभाग ने पूरे प्रदेश में प्रचंड गर्मी और लू को देखते हुए अगले तीन दिनों तक अलर्ट जारी किया है। देह झुलसा देने वाली गर्मी ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। झारखंड ही नहीं बिहार में तो प्रचंड गर्मी ने पिछले 11 साल का रिकार्ड ही तोड़ दिया है। इधर भीषण गर्मी के बीच देवघर-दुमका में दो लोगों की मौत खबर है। पूरे झारखंड का जनजीवन अस्त व्यस्त है। किसी भी जिले का पारा 40 डिग्री से कम नहीं है। गोड्डा का अधिकतम तापमान 46.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। राज्य के सभी जिलों में शनिवार का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। ये सामान्य से काफी ऊपर है। राहत की उम्मीद इसलिए नहीं है कि न्यूनतम तापमान भी 30 डिग्री के ऊपर है। रांची का अधिकतम तापमान 40.8 डिग्री सेल्सियस रहा। भीषण गर्मी के कारण शनिवार को रांची में लगभग 13 ट्रांसफॉर्मर जले गये। इससे लोगों को और मुसीबत झेलनी पड़ रही है।

### धूप की तपिश के साथ भीषण लू की चपेट में पूरा झारखंड



पूरे झारखंड में सूरज आग उगल रहा है। धूप की तपिश के साथ भीषण लू की चपेट में है। मौसम विभाग ने पूरे प्रदेश में अलर्ट जारी किया है। 19 जून तक तेज लू का प्रकोप जारी रहने के आसार हैं। इस दौरान कुछ जिलों तेज हवा के साथ बारिश भी हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले चार दिनों तक राज्य के अधिकतम तापमान में बदलाव के आसार हैं।

#### गोड्डा सर्वाधिक गर्म रहा

इस सीजन में गोड्डा, झारखंड सबसे गर्म जिला रहा। गोड्डा का अधिकतम तापमान 46.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। राज्य के सभी जिलों में शनिवार का तापमान 40 डिग्री से ऊपर रहा। न्यूनतम तापमान भी 30 डिग्री सेल्सियस के ऊपर है। रांची का तापमान 40.8 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं जमशदेपुर का 42, डालटेनगंज 44.8, बोकारो 41.9, चतरा 41.6, देवघर 44.7, गिरिडीह 43.1, गुमला 42.8, हजारीबाग और खूंटी 40.6, लातेहार 41.3, लोहरदगा 40.7, पाकुड़ 41.6, रामगढ़ 43.4, साहिबगंज 41.9, सिमडेगा 42 और पश्चिमी सिंहभूम का अधिकतम तापमान 41.5 डिग्री सेल्सियस रहा।

#### दो की मौत

भीषण गर्मी में देवघर-दुमका में दो लोगों की मौत हो गयी। पहला मामला दुमका के रानीश्वर प्रखंड के आसनबनी का है। वहीं दूसरा मामला मधुपुर का। आसनबनी में 65 वर्षीय वृद्ध जयंती मंडल की मौत भीषण गर्मी के कारण घर में ही हो गयी। वहीं मधुपुर में स्टेशन रोड में 40 वर्षीय युवक शुक्रवार को बेहोशी की हालत में मिला। शुक्रवार को धूप से वह बेहोश गया था। इलाज के क्रम में उसकी मौत गयी। युवक की पहचान नहीं हो पायी है। पुलिस के अनुसार भीषण गर्मी की चपेट में आकर युवक की तबीयत बिगड़ गयी थी।

## स्टीफन की तबीयत बिगड़ी ओड़िशा के अस्पताल में भर्ती

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झामुमो के वरिष्ठ नेता और पाकुड़ के महेशपुर से विधायक स्टीफन मरांडी की अचानक तबीयत बिगड़ गयी है। उनका इलाज ओड़िशा के बुर्ला अस्पताल में चल रहा है। उन्हें गंभीर हालत में बलांगीर के भीम भोई मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी गंभीर हालत को देख उन्हें संबलपुर रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार ट्रेन यात्रा के दौरान अचानक वह गंभीर रूप से बीमार पड़ गये। विधायक स्टीफन मरांडी ट्रेन से वेल्लोर से झारखंड आ रहे थे। बलांगीर रेलवे स्टेशन पर उतारना पड़ा। एक विशेष चिकित्सा दल ने उनका वहां इलाज शुरू किया। उनका ऑक्सीजन लेवल लगातार कम हो रहा था, जिसके बाद प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें आगे के इलाज के लिए संबलपुर के बुर्ला अस्पताल में रेफर कर दिया गया। इस दौरान बलांगीर जिलाधिकारी लंबोदर धरूआ और बलांगीर के अतिरिक्त एसपी स्वयं निगरानी में वहां मौजूद थे।

पुलिस खुद एक विशेष मेडिकल टीम के साथ स्टीफन मरांडी को एंबुलेंस से बुर्ला अस्पताल ले गयी। इस मामले पर अभी तक न तो प्रशासन और न ही चिकित्सा अधिकारियों ने कोई प्रतिक्रिया दी है। उनकी तबीयत अभी भी गंभीर बनी हुई है। विधायक स्टीफन मरांडी के साथ उनकी एक बेटी भी मौजूद है।

पलामू में एनआइए का छापा, जुबैर अंसारी की तलाश

## रवींद्र गंझू के चालक के घर से मिले कई सबूत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**मेदिनीनगर, रांची।** नक्सलियों के खिलाफ एनआइए का छापामारी अभियान लगातार जारी है। शनिवार को एनआइए ने पलामू में टॉप नक्सली रविंद्र गंझू के ड्राइवर जुबैर अंसारी के घर के उसकी तलाश में छापेमारी की। छापेमारी पिपरा थाना क्षेत्र के लोहरसी के इलाके में की गयी। एनआइए के पहुंचने से पूर्व ही ड्राइवर अंसारी फरार हो गया। एनआइए ने उसके घर से कई अहम दस्तावेज बरामद किया है। जुबैर अंसारी के पिता अनीश अंसारी के घर से एनआइए की टीम जुबैर अंसारी का पास बुक अपने साथ ले गयी।
जानकारी के अनुसार पलामू के पांकी के इलाके में 2017-18 में हुए एक नक्सली घटना में यह छापेमारी की गयी है। एनआइए की टीम ने छापेमारी के लिए पलामू पुलिस से सहयोग मांगा। पलामू पुलिस की स्पेशल टीम उनकी मदद कर रही है। जुबैर अंसारी, टॉप नक्सली कमांडर रवींद्र गंझू नक्सली हमले के दौरान वह दस्ते में भी शामिल था। जुबैर नक्सलियों को एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाता था और कई तरह से मदद भी करता था। लुकईया हमले में भी जुबैर अंसारी शामिल था।

### कई नक्सली हमले में शामिल था जुबैर



जुबैर नक्सलियों के साथ कई बड़ी घटनाओं में शामिल रहता था। एनआइए को जुबैर के विरूद्ध कई सबूत हाथ लगे हैं। वर्ष 2017-18 में पलामू जिला के पांकी नक्सली घटना, लातेहार जिला के लुकईया नक्सली घटना सहित कई घटनाओं में वह शामिल रहा है। जौंच टीम बैंक खाते के सहारे जुबैर अंसारी तक पहुंचने में कामयाब रही है। लंबे समय से पलामू में चल रही नक्सली घटना और नक्सलियों के बैंक एकाउंट पर नजर रखी जा रही थी। इसी के तहत जुबैर अंसारी का बैंक खाता एनआईए के रडार पर चढ़ गया। एनआईए की टीम को जुबैर का एक पासुक हाथ लगा, जिससे कई अहम सुराग मिलने वाले है। इसमें सफेदपोशों के खाते से भी पैसा आने की उम्मीद है। फिलहाल जुबैर अंसारी फरार चल रहा है।

## छुप-छुपा कर कोर्ट पहुंचीं अमिषा पटेल

रांची कोर्ट में सरेंडर के बाद मिली सशर्त बेल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल शनिवार को चेक बाउंस के एक मामले में रांची सिविल कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुईं। अमीषा पटेल ने रांची सिविल कोर्ट के सिविल जज सीनियर डिविजन डीएन शुक्ला की कोर्ट में सरेंडर किया। कोर्ट ने 10 हजार के दो बेल बॉन्ड पर जमानत प्रदान की। इस दौरान मीडिया से बचने के लिए उन्होंने अपना चेहरा स्कार्फ से ढंक लिया था। जैसे ही अमीषा पटेल कोर्ट के समक्ष उपस्थित हुई, अदालत ने उन्हें अपने चेहरे से स्कार्फ हटाने का निर्देश दिया। उन्हें अपना चेहरा कोर्ट में दिखाना पड़ा। कोर्ट ने उन्हें दोबारा 21 जून को कोर्ट के समक्ष सशरीर हाजिर होने का निर्देश दिया है। ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट डी एन शुक्ला के कोर्ट ने अमीषा पटेल को कंडीशनल बेल दे दिया। साथ ही कहा कि अगर वह 21 जून को कोर्ट में पेश नहीं होती हैं तो उनकी बेल टूट जायेगी। (शेष पेज 11 पर)




## मैं जिंदा हूं, मरी नहीं हूं...

गलत खबर पर फूटा शारदा सिन्हा का गुस्सा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**मुख्य बातें**
- सोशल मीडिया में अपनी मौत की फेक खबरों का किया खंडन
- 2020 के बाद यह लगातार तीसरी बार फैली झूठी खबर



**पटना।** प्रख्यात लोक गायिका, बिहार कोकिला और पद्मभूषण शारदा सिन्हा सोशल मीडिया पर अपने निधन की झूठी खबरों से आहत हैं। शारदा सिन्हा ने कहा, मैं अभी जिंदा हूं...। शारदा सिन्हा ने सोशल मीडिया में अपनी मौत की फेक खबरों का जोरदार खंडन किया है। उन्होंने लोगों से कहा कि ऐसी खबरों पर ध्यान न दें, मैं मरी नहीं हूं, जिंदा हूं। दरअसल, सोशल मीडिया पर एक बार फिर शारदा सिन्हा की मौत को लेकर झूठी खबरें वायरल हो रही है। लोग उनकी तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहे हैं।

लोक गायिका शारदा सिन्हा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा कि हर वर्ष मेरे निधन की अफवाह फैलायी जाती है। इससे आंतरिक रूप से आहत हूं। 2020 के बाद से यह तीसरी बार हो रहा है। क्या बिहार सरकार के साइबर क्राइम की शाखा इस तरह की घटना की शिनाख्त नहीं कर सकती है? शारदा सिन्हा के पुत्र अंशुमान ने कहा- सुबह से कई फोन आ रहे हैं। मौत की झूठी खबर को लेकर उनके बेटे अंशुमान ने सोशल मीडिया पर कहा कि ऐसी बातें बार बार हो रही है, घर में सुबह से फोन की घंटी बज रही हैं। कोरोना काल के बाद यह लगातार तीसरी बार है, जब झूठी खबर फैलाई की शारदा सिन्हा जी का निधन हो गया।

शारदा सिन्हा ने कहा 'तितली उड़ी जो चली' गाने को अपनी आवाज देने वाली शारदा राजन का निधन हुआ है, इस खबर को सहारा बनाकर बार-बार शारदा जी के निधन की खबर वायरल कर देना गलत है। शारदा ठीक हैं। इस तरह की खबरों से कंफ्यूजन हो जाता है। मुझे लोग फोन करते हैं कि आपकी मां का निधन हो गया। इसलिए आज मैं कह रहा हूं कि ये निंदनीय है। पहली बार 25 अगस्त, 2020 को शारदा सिन्हा की मौत की खबर सोशल मीडिया पर फैल गयी थी। दरअसल, मोतिहारी की एक महिला दारोगा, जिनका नाम शारदा सिन्हा था और पटना के एक अस्पताल में कोरोना से उनकी मौत हो गयी थी, उसी दौरान शारदा सिन्हा को भी कोरोना हुआ था। सोशल मीडिया पर लोक गायिका शारदा सिन्हा की मौत बताकर अफवाह उड़ा दी, जो वायरल हो गयी थी। दूसरी बार शारदा सिन्हा की मौत की अफवाह : 5 सितंबर, 2022 लोक गायिका शारदा सिन्हा को लेकर सोशल मीडिया पर एक फेक खबर वायरल हुई. एक तस्वीर को पोस्ट कर लिखा गया कि शारदा सिन्हा का निधन हो गया है। हालांकि बाद में यह खबर झूठी साबित हुई।



## स्पीड न्यूज

### एसपी के पहल पर मरीज को मिला खून



**मेदिनीनगर।** पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरी निवासी शंकर महतो को शुक्रवार को खून की आवश्यकता थी। वह प्लास्टिक अमोनिया नामक बीमारी से जूझ रहा है,जिसके वजह से हर माह उसे खून की जरूरत पड़ती है। शंकर अपना खून चढ़वाने सदर अस्पताल पहुंचा था। खून के इंतजाम में शंकर महतो इधर-उधर काफी भटका परंतु खून का इंतजाम नहीं हो पाया। इसके बाद किसी व्यक्ति के माध्यम से शंकर महतो को पलामू एसपी चंदन सिन्हा का मोबाइल नंबर मिला। शंकर महतो एसपी के पास फोन कर अपना बीमारी बताते हुए रोने लगा। इसके बाद एसपी चंदन सिन्हा ने उसे आश्वासन दिया कि ब्लड की व्यवस्था हो जाएगी। इसके बाद एसपी ने सार्जेंट मेजर अनीश मोहित कुजुर को दो यूनिट ब्लड उपलब्ध कराने का आदेश दिया। सार्जेंट मेजर ने पुलिस लाइन से अपने दो जवान संजय चौधरी आरक्षी 617, जवान अनुज कुमार आरक्षी 554 को मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेजकर बीमार मरीज शंकर महतो को दो यूनिट खून दिया। खून मिलने के बाद मरीज व मरीज के परिजनों ने पलामू एसपी चंदन सिन्हा को धन्यवाद दिया। रक्तदान के संबंध में एसपी चंदन सिन्हा ने कहा कि जिले में खून की कमी से एक भी व्यक्ति की मौत ना हो यह सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने जिले वासियों से रक्तदान से संबंधित भ्रांतियां से दूर रहने व ऐसे सभी अफवाहों से बचने के साथ पीड़ित मानवता की जीवन रक्षा हेतु रक्तदान करने की अपील की।

### किशोर पांडेय के आम बागवानी में लगी भयंकर आग





**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता किशोर कुमार पांडेय की आम बागवानी में शनिवार को लग गई। देखते ही देखते आग ने रौद्र रूप धारण कर लिया। बाद में अधिकारियों के सहयोग और ग्रामीणों के प्रयास से आग पर काबू पाया जा सका। इस संबंध में पांडेय ने बताया कि ग्राम बसना प्रखंड नावा बाजार में मनरेगा योजना के तहत 6 एकड़ में मैंने आम बागवानी 2021 में लगवाया था। मेरा आम बागवानी बहुत अच्छे से विकास कर रहा था पर आज दोपहर में किसी शरारती तत्व ने आग लगाकर मेरे आम बागवानी को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया। जिसमें अभी तक की जानकारी में लगभग डेढ़ सौ पौधे जल गए हैं। आम बागवानी बचाने में अपर समाहर्ता व आपदा प्रबंधन अध्यक्ष सुरजीत कुमार सिंह, नावा बाजार प्रखंड के बीडीओ, बीपीओ, ग्राम सेवक, रोजगार सेवक, पंचायत के मुखिया चंदन कुमार व ग्रामीणों ने भरपूर सहयोग किया। नावा बाजार थाना प्रभारी दीपक कुमार ने भी आग बुझाने में सहयोग किया। किशोर कुमार पांडेय ने कहा कि वे अभी बाहर हैं। लौटने के बाद नुकसान का आकलन किया जाएगा। पांडेय ने पलामू एसपी व नावाबाजार थाना प्रभारी से आग्रह किया कि इस घटना को गंभीरता से जांच कर कानून सम्मत कार्रवाई करने का कष्ट करें।

### राजद अधिवक्ता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ने उपायुक्त को सौंपा मांग पत्र



**मेदिनीनगर।** राजद अधिवक्ता प्रकोष्ठ सह पलामू जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव ने उपायुक्त को मांग पत्र सौंपा। उन्होंने मांग पत्र में कहा कि बेलवाटिका पंपू कल से महावीर नगर श्मशान घाट इलाके में पानी का सप्लाई नहीं किया जा रहा है इस कारण मुहल्लेवासी परेशानी का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंपूकल से पूरे शहर का पानी सप्लाई किया जाता है। साथ ही मुहल्लेवाली पानी के लिए तरस रहे हैं यह नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि यदि तीन दिन के अंदर पानी का सप्लाई नहीं किया गया तो मुहल्लेवासी के साथ मिलकर जोरदार आंदोलन करने पर हमसभी मजबूर होंगे। श्री यादव ने नगर निगम आयुक्त, पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता को भी पानी को लेकर त्राहिमाम संदेश पत्र लिखा है कि अविलंब पानी का सप्लाई सुनिश्चित कराया जाये। मेदिनीनगर समेत पूरे पलामू जिला में पानी के लिए जनता तरह रही है वहीं विधायक, सांसद मस्त हुए हैं। उन्हें जनता के मुलभूत सुविधाओं से कोई लेना देना नहीं है। आनेवाले समय में जनता निरंकुश जनप्रतिनिधियों का माकूल जवाब देने को तैयार है।

### भाकपा माले महिला पहलवानों को न्याय दिलाने को लेकर निकाला प्रतिरोध मार्च



**छतरपुर पलामू।** भाकपा माले द्वारा महिला पहलवानों को न्याय दिलाने एवं भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर प्रखंड कार्यालय परिसर से प्रतिरोध मार्च निकाला। जो शहर के विभिन्न चौक चौराहों से होते हुए नुक्कड़ सभा में तब्दील हो गया। जिला कमिटी सदस्य देव प्रजापति ने कहा कि महिला पहलवानों द्वारा भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह पर यौन शोषण करने का आरोप लगाते हुए दिल्ली में महीनों आंदोलन चलाया गया। इन महिला पहलवानों पर पुलिस द्वारा बर्बरतापूर्वक लाठी चलाया गया जो दुर्भाग्यपूर्ण है। कहा कि जो सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देती है वही सरकार बेटियों पर जूल्म ढाहने का काम कर रही है। यौन आरोपी को संरक्षण देने का काम कर रही है। यह दोहरी नीति नहीं चलेगी। लालमोहन प्रजापति ने कहा कि दिल्ली पुलिस द्वारा यौन आरोपी सांसद को क्लिन चीट दिया जाना भी संदेह के घेरे में है। इस हालात में मात्र एक आंदोलन का ही रास्ता दिखाई देता है। जिससे महिला पहलवानों को न्याय मिल सके। संगीता देवी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार महिला सशक्तिकरण का नारा देकर ढोंग रचने का काम कर रही है। देश के भाजपा शासित प्रदेशों में सबसे ज्यादा महिलाओं पर जूल्म ढाहे जा रहे हैं। यह किसी से छिपी नहीं है। सच बोलनेवालों को केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा सीबीआई एवं ईडी को पीछे लगाकर जेल भेजने का काम किया जा रहा है। सभा को ममता देवी, उपेंद्र राम, विनोद राम ने भी संबोधित किया। प्रतिरोध मार्च में दिल्ली पुलिस शर्म करो, बढ़ती महिला हिंसा पर रोक लगाओ, निवेश, बजरंग, साक्षी तुम संघर्ष करो हम सभी तुम्हारे साथ हैं सरीके नारे लगा रहे थे। प्रतिरोध मार्च में राजनंदन यादव, महेंद्र राम, उपेंद्र राम, सहबीर यादव, मुखिया रविंद्र राम, मनोज राम, नीलेश प्रजापति, राजद प्रखंड अध्यक्ष लवलेश यादव समेत काफी संख्या में महिला पुरूष शामिल थे।

---

रेड़मा चौक स्थित ट्रेंड मॉल में प्रथम महापौर ने किया एफएफसी का उदघाटन

# केएफसी का मजा एफएफसी में लें शहरवासी : अरुणा शंकर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने इस बढ़ते शहर में अंतरराष्ट्रीय स्तर में ख्याति प्राप्त के. एफ. सी के तर्ज पर एफएफसी का उदघाटन फीता काटकर किया। मौके पर शंकर ने कहा कि एफएफसी इंदौर का फ्रेंचाइजी है जो पूरे देश में केएफ सी को टक्कर दे रहा है। जिसका शनिवार को हमारे शहर, रेडमा चौक स्थित ट्रेंड मौल के नीचे शुभारंभ हो गया। अब हमारे शहर में भी चिकन लॉलीपॉप, फिंगर फ्राइ जैसे व्यंजनों का लुफ्त हम सब उठा सकते हैं। मुझे खुशी है कि व्यवसाय की तलाश में जो युवाओं का पलायन मेदिनीनगर शहर से हो रहा था अब वह अपने शहर में कई संभावनाएं देख रहे और अपने शहर में ही नए-नए प्रतिष्ठान खोल अपनी व्यवसाय के साथ-साथ कई लोगों को रोजगार दे रहे हैं जो शुभ संकेत है। अरुणा शंकर ने इस प्रतिष्ठान के लिए प्रतिष्ठान के युवा डायरेक्टर अंशु कुमार गुप्ता को बधाई दी। इस अवसर पर पार्षद विवेका त्रिपाठी, धनंजय त्रिपाठी, सुनील गुप्ता, फिरोज उद्दीन अंसारी, छोटू गुप्ता के अलावे शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# लोगों को जागरूक करने से ही समाप्त होगा बाल विवाह : रो अनुग्रह नारायण

रोटरी स्कूल चैनपुर में बाल विवाह पर शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित

शिक्षा से ही रूकेगा बाल विवाह और महिला उत्पीड़न : प्राचार्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** एसोसिएशन फोर एडवोकेसी एंड लीगल इनिशिएटिव ट्रस्ट ( आली ) के तत्वावधान में रोटरी स्कूल के शिक्षकों को बाल विवाह मुद्दे पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य अश्लेष कुमार पाण्डेय ने किया। मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष रो अनुग्रह नारायण शर्मा ने अपने संदेश में कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक कोढ़ है इसे हर हाल में समाप्त किया जाना चाहिए। लोगों को जागरूक करने के लिए इससे सम्बंधित कई धारावाहिक भी बनाए गए हैं। यह निश्चित रूप से एक सराहनीय कार्य है। मौके पर प्राचार्य पांडेय ने बाल विवाह प्रथा की भर्त्सना करते हुए कहा कि प्राचीन काल में इसके पीछे लोगों की जो भी मंशा रही हो, वर्तमान परिप्रेक्ष्य में यह किसी भी दृष्टि से न्यायोचित नहीं है। इसके लिए लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है तथा जरुरत पड़ने पर खुलकर इसका विरोध करना होगा। मौके पर प्रशिक्षक रेशमा, अभोलिका व पुनम ने शिक्षकों को बाल विवाह संबंधित कई जानकारी दी। मुख्य प्रशिक्षिका रेशमा ने कहा कि हमारा उद्देश्य बाल विवाह के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देकर लोगों को इसके प्रति जागरूक बनाना है। विद्यालय के समन्वयक स्मिता सिंह, सुषमा कुमारी, नम्रता, हर्शबाला, गौरीशंकर मिश्र, उमाकांत मिश्र, सत्येन्द्र प्रसाद, रंजित शर्मा, रंजित कुमार, बरुण कुमार, राहुल भारद्वाज के द्वारा भी प्रश्न पूछे गये। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक शिक्षिकाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाये।

# एसबीआइ ने बघमनवा पंचायत में लगाया शिविर, बीमा योजना की दी जानकारी

लाभुक को दिया चेक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**विश्रामपुर पलामू।** विश्रामपुर भारतीय स्टेट बैंक द्वारा बघमनवा ग्राम पंचायत सचिवालय में ग्राम पंचायत स्तरीय जन सुरक्षा योजना अभियान के तहत शिविर लगाया गया। इस दौरान बीमा से जुड़ी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को विशेष जानकारी दी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ प्रशांत कुमार हेम्ब्रम व संचालन विश्रामपुर भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक नितेश कुमार किया। शिविर में मुख्य रूप से मेदिनीनगर क्षेत्रीय प्रबंधक प्रेम कुमार झा व मुख्य ऋण प्रबंधक संतोष कुमार झा भी शामिल थे। शिविर में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के बारे में लोगो को विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। प्रेम कुमार झा में कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति व सुरक्षा बीमा योजना बहुत ही जरूरी है। बीमाधारक को एक वर्ष के लिए जीवन कवरेज प्रदान करती है। बीमाधारक हर साल पॉलिसी का नवीनीकरण कर सकते है। अपनी पसंद के अनुसार, बीमाधारक किसी भी समय योजना से बाहर निकल सकता है और भविष्य में इसे फिर से शुरू कर सकता है। पॉलिसी में अधिकतम 2 लाख रुपये का बीमा किया जाता है। संतोष झा ने कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना किसी बीमा धारक की मृत्यु या कोई विकलांग हो जाये तो लाभार्थी या उसके परिवार को सरकार की ओर से आर्थिक मदद मिलेगी। इसके अलावा समूह से जुड़ी महिलाओं को भी बैंकिंग से जुड़ी आवश्यक जानकारी दी गयी। शिविर के दौरान कई लोगो का बीमा किया गया। साथ ही बीमा योजना का लाभ लीलावती देवी, तेतरी देवी व अनिल कुमार चौहान को दो-दो लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि मनीष कुमार, दया शम्भू राम, अम्बेडकर कुमार, ट्रेनर मनीष बैद्य, गुरुदेव विश्वकर्म, प्रियंका देवी, रेखा देवी, अशोक कुमार, गुड्डु यदाव सहित कई लोग मौजूद थे।

# हुसैनाबाद पोलडीह पंचायत : मॉडल आंगनबाड़ी भवन निर्माण, स्थल परिवर्तन से ग्रामीणों में आक्रोश

**गौतम पटेल**

**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड के पोलडीह पंचायत के अलीनगर गांव में मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का स्थल परीवर्तित कर भवन निर्माण कराए जाने को लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। इस संबंध में ग्रामीणों ने पलामू उपायुक्त को एक लिखित आवेदन दिया है। जिसमे कहा है कि अलीनगर में मॉडल आंगनबाड़ी भवन बनने के लिए निविदा निकाला गया था, संवेदक को कार्य करने की अनुमति भी मिल गई। इसके लिये अंचल पदाधिकारी द्वारा कार्य स्थल का निरीक्षण कर खाता संख्या 125/पलौट संख्या 214/0.60डी पर भवन निर्माण को लेकर उप विकास आयुक्त को चेक स्लीप भेज कर इस बात की जानकारी दी थी कि यह स्थल भवन निर्माण के लिय उपयुक्त है। लेकिन कुछ लोग के कारण इस भवन को गांव की घनी आबादी से दूर पर बनाया जा रहा है। ग्रामीणों ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि उक्त स्थल पर बच्चे असुरक्षित रहेंगे क्योंकि उक्त निर्माण स्थल पर 11 हजार हाइ बोल्टेज तार तीन तरफ से गुजरा हुआ है। केंद्र के छत के नजदीकी हैं दूसरी तरफ पहाड़ व जंगल झाड़ जैसा है। तीसरी तरफ मोबाईल नेटवर्किंग टॉवर हैं। हालांकि कुछ ग्रामीणों ने आरोप लगाया गया कि यह अंगबाड़ी केंद्र बीस बर्षो से मात्र कागज पर संचालित होता था अब धीरे धीरे ग्रामीणों युवाओं के जागरूकता के कारण केंद्र खुलना व संचालन होना शुरू हो गया। आवेदन देने वालों में वार्ड सदस्य चंदा देवी, अरबिंद पासवान, मंजीत पासवान, राजधानी पासवान, अक्षय कुमार शर्मा, बेबी देवी, बिंदु देवी, अमरदीप कुमार, सूरजमल पासवान, रविंद्र पासवान समेत गांव के अधिकांश लोग शामिल थे।



पूर्व के चयनित स्थल पर ग्रामीणों की भीड़।

**क्या कहना हैं अंचलाधिकारी का**

इस संबंध में हुसैनाबाद अंचलाधिकारी नंदकुमार राम ने बताया कि ग्रामीणों ने अपत्ति जताते हुए लिखित आवेदन दिया हैं जिसके बाद तत्काल कार्य पर रोक लगाने का निर्देश दे दिया गया, सीडीपीओ लेबल के स्थल सर्वे और ग्रामीणों के सहमति के बाद आगे निर्माण का आदेश दिया जाएगा। ये सूर्य मंदिर व मुख्य सड़क किनारे स्थल है जो पहला बार चयन किया गया था, ज्यादातर ग्रामीणों को यही मन है।

# सहायक अध्यापक संजय पांडेय के परिजनों को शिक्षक प्रतिनिधि ने दी सहयोग राशि

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पंडवा (पलामू)।** सड़क दुर्घटना में मृत्य सहायक अध्यापक संजय कुमार पांडेय को सरकारी शिक्षक व सहायक अध्यापक संघ ने व्यक्तिगत सहयोग से उनके परिजन को शुक्रवार को एक लाख की मदद की व परिजन को ढांढस बंधाया। मौके पर शिक्षक नेता रामानुज प्रसाद ने कहा कि झारखंड में सहायक अध्यापक के लिए सरकार कोई ठोस नियमावली नहीं बना पाई है। जिससे उनके मृत्यु उपरांत उनके परिवार को कोई आर्थिक सहयोग नहीं दिया जाता जिससे सहायक अध्यापक के परिवार के सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो जाती हैं। मौके पर सहायक अध्यापक के नेता अभय कुमार द्विवेदी ने कहा कि सरकार की ढुलमुल नीति के कारण आज राज्य के सहायक अध्यापक के परिवार को आर्थिक संकट से जूझना पड़ रहा है। इस मौके पर उपस्थित प्रखंड के सभी शिक्षकों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी व परिवार के सदस्यों को ढांढस बंधाया। इस मौके पर शशि भूषण सिंह, राजू रंजन, राजीव तिवारी, दिलीप सिंह, उर्मिला कुमारी, निर्मला कुमारी, रेनू कुमारी, उपेंद्र मिश्रा, मनोज कुमार, मुन्नी देवी, गंगा मांझी, तवकल महतो, कन्हाई महतो, सुनील कुमार, निरंजन मेहता, अमरेश मेहता, राजनाथ मेहता, मनदीप कुमार, सुरेन्द्र मेहता सहित दर्जनों सहायक अध्यापक उपस्थित थे।

# सतबरवा प्रखंड में 1 दिन में 3 की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न गांवों में एक दिन में तीन लोगों की मौत हो गई है। बताया जाता है कि शुक्रवार को पोंची पंचायत के हलुमांड गांव के 70 वर्षीय बुजुर्ग किशुन साव नामक व्यक्ति की मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार घटना के दौरान परिजन मेदिनीनगर सदर अस्पताल में थे। ग्रामीणों ने आशंका व्यक्त किया है कि तापमान अधिक होने के कारण बुजुर्ग को लू लग गई जिसके कारण मौत हो गई। जबकि दो लोगों की मौत शनिवार को हुई जिसमें पहली घटना रबदा पंचायत के ठेमी गांव के संजय सिंह (40) के साथ घटी है। बताया जाता है कि मृतक संजय मंगलवार को अपनी पत्नी तथा मित्रों के साथ तीर्थाटन के लिए उत्तराखंड गया हुआ था रास्ते में ही उसकी तबीयत खराब हो गई। शुक्रवार को रात में वह घर पहुंचा और शनिवार को उसकी मौत हो गई। मौत के कारण का पता नहीं चल सका है। वहीं दूसरी घटना पोंची पंचायत के मुक्ता गांव की है जहां पाटन प्रखंड कार्यालय में रोजगार सेवक के पद पर कार्यरत 40 वर्षीय साकीर अंसारी की मौत हो गई। साकीर अंसारी शनिवार को मोटरसाइकिल से पाटन कार्यालय जा रहा था इसी दौरान अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई। आनन-फानन में उसे मेदिनीनगर इलाज के लिए ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। घटना पर दुख व्यक्त करते हुए पोंची पंचायत के मुखिया सह प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष गिरवर प्रसाद राम ने कहा कि घटना काफी दुखदाई है। साकिर की मौत का कारण लू लगना हो सकता है क्योंकि पलामू का तापमान काफी बढ़ा हुआ है। लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। मुखिया श्रीराम ने सरकार व जिला प्रशासन शाकिर अंसारी के परिजनों को आर्थिक मदद के साथ एक सदस्य को सरकारी नौकरी दे ताकि परिवार के लोगों का भरण पोषण हो सके।

### साइबर ठग गिरोह से सावधान रहे : धीरज मिश्रा



**मेदिनीनगर।** सामाजिक कार्यकर्ता धीरज मिश्रा ने आम जनों से फर्जी अकाउंट बनाकर गुगल पे और पे फोन का मोबाइल नंबर के साथ ही बैंक अकाउंट का पासबुक नंबर आधार कार्ड का नंबर एटीएम कार्ड का नंबर का मांग करने वालों साइबर ठग गिरोह से सावधान रहने की अपील की है। धीरज ने बताया कि उनके फेसबुक अकाउंट पर पैसों की हेरा फेरी करने वाले साइबर क्राइम में शामिल सक्रिय ठग गिरोह द्वारा रांची के आलोक दुबे के नाम से फर्जी अकाउंट बनाकर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजा गया , फ्रेंड रिक्वेस्ट एक्सेप्ट करने के बाद फेसबुक मैसेंजर पर गुगल पे या पे फोन का मोबाइल नंबर का मांग किया गया । गुगल पे और पे फोन नंबर मांगे जाने का कारण पूछे जाने पर ठग गिरोह द्वारा बोला गया कि मेरा अकाउंट बंद हो गया है और मुझे पैसों की जरूरत है और मेरे दोस्त से मुझे पैसे लेना है इसके कारण आपका अकाउंट में मेरे दोस्त के द्वारा बीस हजार रुपए भेजा जाना है । धीरज ने आम लोगों से ऐसे फर्जी अकाउंट बनाकर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेज कर गुगल पे और पे फोन नंबर मांगने वाले को गुगल पे फोन नंबर देने पर रुपए ठगने वाले साइबर ठग गिरोह द्वारा रूपया की फर्जी तरीके से निकासी किया जा सकता है।

### भाकपा नेता ने स्कूल बंद करने का किया मांग

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रूचिर कुमार तिवारी ने उपायुक्त को पत्र लिखकर मांग किया है कि पलामू में प्रचंड गर्मी एवं कड़ी धूप को ध्यान में रखते हुए निजी विद्यालयों समेत सरकारी विद्यालयों में कक्षा एलकेजी से लेकर 10वीं वर्ग तक के स्कूल को एक सप्ताह के लिए बंद किया जाये। कारण कि पलामू में तापमान 43-44 डिग्री सेल्सियस रह रहा है। इस कारण छोटे बच्चे को स्कूल आने जाने में कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। वहीं बच्चे के अभिभावक काफी चिंतित रहेंगे। उन्होंने कहा कि मौसम विभाग के अनुसार मानसून लेट से आने की संभावना है। इस कारण बच्चों को सेहत को ध्यान में रखते हुए विद्यालय बंद करने का आदेश निर्गत करें। श्री तिवारी ने कहा कि निजी विद्यालय के संचालकों द्वारा विद्यालय खोल दिया गया है जबकि सरकारी विद्यालय खुलनेवाला है। गर्मी को ध्यान में रखते हुए बच्चे को एक सप्ताह के लिए ऑन लाईन पढ़ाई की व्यवस्था कराया जाये।

# संपूर्ण विकास की कुंजी राजनीतिक सत्ता में निहित : गया चरण दिनकर

बिश्रामपुर में हुई बसपा की समीक्षा बैठक, संगठन के मजबूती व विस्तार पर चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**







**बिश्रामपुर (पलामू)।** बसपा का विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठक विश्रामपुर डांक बंगला परिसर में हुई। बैठक में विश्रामपुर विस क्षेत्र के तहत आने वाले चार प्रखंड व एक नगर निकाय के नेता-कार्यकर्ता शामिल हुए। जिसमे संगठन के मजबूती व विस्तार पर चर्चा हुई। इसके अलावा 2024 के लोकसभा चुनाव के तैयारी की समीक्षा हुयी। कार्यकर्ताओं ने आगामी लोस चुनाव पूरे ताकत के साथ लड़ने का संकल्प लिया। बैठक के मुख्य अतिथि बसपा के वरीय प्रदेश प्रभारी गयाचरण दिनकर ने कहा कि बहुजन समाज के लोग मताधिकार की ताकत को समझें। लोकतांत्रिक व्यवस्था में संपूर्ण विकास की कुंजी राजनीतिक सत्ता में निहित है, जो मताधिकार के सही उपयोग से ही हासिल हो सकता है। मताधिकार का यह ताकत हमे बाबा साहब ने दिया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को कई टिप्स भी दिया। प्रदेश प्रभारी रामबाबू चिरगाईया ने कहा कि सामाजिक परिवर्तन के लिए बहुजन समाज को अपने मताधिकार का पूरा उपयोग करना होगा। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता ने कहा कि बहुजन समाज अब राजनीतिक रूप से जगरूक हो चुका है। आनेवाला समय बहुजन समाज का है। मौके पर प्रदेश महासचिव मनीष सिंह, पूर्व अध्यक्ष अरुण कुमार, बसपा नेता गोपाल राम, बिश्रामपुर प्रखंड अध्यक्ष वंशी चौधरी, नावाबाजार प्रखंड अध्यक्ष राजबली मेहता, पाण्डु प्रखंड अध्यक्ष विजय मंडेला, सुनील राम, नागेंद्र पांडेय, छोटन बैठा, मुकेश मेहता, रोहित मेहता, जयप्रकाश मेहता, डॉ राजेश राम, धर्मेंद्र ठाकुर, राजू राम, रामचरण राम, सुनीता देवी, राजबली राम, वीरेंद्र राम, सुनेशवर राम, अजय राम, अशोक कुमार, शिव पुकार राम, गोविंद चौधरी सहित बसपा के कई नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

# महिला सम्मान समृद्धि योजना से महिलाएं हो रही लाभांवित : डाक अधीक्षक प्रेमजीत कुमार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** भारत सरकार द्वारा महिला सम्मान समृद्धि योजना दो वर्ष के लिए लागू किया गया है। इसमें सिर्फ महिलाएं ही लाभ ले सकती हैं। इस संबंध में डाक अधीक्षक प्रेमजीत कुमार ने बताया कि इस योजना के तहत महिलाएं अधिकतम दो लाख राशि निवेश कर अधिकतम व्याज प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के जितने भी सरकारी बैंक , डाकघर व अन्य संस्थाएं हैं उसमें पैसा जमा करने पर अधिक ब्याज महिला सम्मान समृद्धि योजना के तहत डाकघर द्वारा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से इस योजना को 2022 में लागू किया गया है। अभी तक डाकघरों में लगभग एक हजार से अधिक महिलाएं इस योजना का लाभ ले रही हैं। उन्होंने अन्य योजनाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि भारत सरकार द्वारा आधार को प्रत्येक 10 वर्ष पर सभी आधार कार्ड धारियों अपना आधार को अपडेट कराना है। इसका मुख्य उद्देश्य है कि देश में आधार कार्ड की अद्यतन स्थिति क्या है यह अपडेट कराने से ही पता चल पायेगा। आधार कार्ड को अप टू डेट कराने का काम प्रधान डाकघर समेत प्रमंडल के 10 डाकघरों में आधार अपडेट किया जा रहा है। प्रेमजीत कुमार ने बताया कि डाकघर में पार्सल, पैकेजिंग यूनिट का शुभारंभ हो चुका है। लोग इस योजना के तहत अपने सामानों का पैकेजिंग डाकघर में कराकर सुरक्षित पार्सल अपने गंतव्य स्थान तक करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि डाकघर में निर्यात केंद्र का उदघाटन आगामी अगस्त माह में होनेवाला है। इस केंद्र के माध्यम से लोग विश्व के किसी भी देश में अपने उत्पाद को निर्यात कर सकते हैं। इसके तहत लोगों को अपने सामान सुरक्षित तरीके से विदेशों में भेजा जा सकता है। इस पर देश के सीमाओं पर लगे कस्टम से भी मुक्ति मिलेगा। निर्यात किये जानेवाले सामानों का पैकेजिंग वीडियोग्राफी द्वारा डाकघर में ही संबंधित व्यक्ति के समक्ष कराने के बाद ही इसे निर्यात करने की अनुमति दिया जा सकता है।

# पचास किसानों के बीच किया गया मक्का और धान के बीज का वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** बेतला किसान निमार्ता कंपनी लिमिटेड महुगांवा द्वारा किसानों के बीच हाईब्रिड मक्का और धान के बीज का वितरण का शुभारंभ किया गया। वितरण का शुभारंभ जिला कृषि पदाधिकारी दिनेश मांझी ने किया। जिला कृषि पदाधिकारी दिनेश मांझी ने कहा कि विभाग का प्रयास है कि किसानों को समय पर बीज उपलब्ध करा दिया जाए ताकि किसान समय पर खेती कर सकें। उन्होंने कहा कि अब किसानों को पारंपरिक खेती में बदलाव लाना होगा। वषार्पात की जो स्थिति है ऐसे में किसानों को कम पानी व कम समय में अधिक उपज देने वाले उन्नत किस्म के बीज लगाना होगा। इसके साथ ही किसानों को मोटा अनाज लगाने की जरूरत है। मोटा अनाज में कम पानी की जरूरत पड़ती है। उन्होंने कहा कि किसानों के जरूरत को देखते हुए बेतला किसान निमार्ता कंपनी लिमिटेड ने समय पर 50 प्रतिशत अनुदान पर बीज उपलब्ध कराकर सराहनीय कार्य किया है। कंपनी के सचिव ब्रजेश पांडेय उर्फ मुन्ना पांडेय ने बताया कि आज किसानों को 6444 हाईब्रिड बायर एराइज कंपनी का धान का बीज एवं एनएससी कंपनी के उन्नत किस्म के मक्का का बीज 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराया गया है। आज महुगावां एवं मझिगावां के 50 किसानों को बीज दिया गया है। ब्रजेश पांडेय ने कहा कि जिला कृषि पदाधिकारी दिनेश मांझी के अथक प्रयास का प्रतिफल है कि खेती करने से पहले बीज उपलब्ध करा दिया जा रहा है। पहले स्थिति ऐसी थी कि किसानों को समय पर सरकारी बीज समय पर नहीं मिल पाता था। इस मौके पर जिप सदस्य प्रमोद सिंह, उपप्रमुख सुनील सिंह, बीटीएम रंजीत कुमार, अध्यक्ष अशोक कुमार चौरसिया, सचिव ब्रजेश पांडेय, जितेन्द्र पाल, वीरेंद्र राम, मूकेश चौरसिया, रामनरेश सहित कई किसान मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

# नि:शुल्क कांवर यात्रा में 1000 श्रद्धालुओं का जत्था जायेगा बाबाधाम

- जत्थे में मानगों के अलावा सोनारी और कदमा के भी कांवरिया शामिल रहेंगे
- बाबा बैद्यनाथ सेवा संघ विकास सिंह की अगुवाई में तैयारी में जुटा



संवाददाता सम्मेलन में उपस्थित विकास सिंह व सहयोगीगण।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी सावन के पावन माह में बाबा बैद्यनाथ सेवा संघ की ओर से निशुल्क कंवर यात्रा का आयोजन किया जा रहा है । इस वर्ष 16 जुलाई दिन रविवार को यात्रा मानगो से सुल्तानगंज के लिए रवाना होगी। इस आयोजन में प्रत्येक वर्ष केवल मानगों के ही श्रद्धालु जाया करते थे लेकिन इस वर्ष सोनारी और कदमा के भी कांवरिया निशुल्क कांवर यात्रा में शामिल रहेंगे।

यह जानकारी संघ के संस्थापक सदस्य भाजपा के नेता विकास सिंह ने मानगो के बड़ा हनुमान मंदिर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दी। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए विकास सिंह ने कहा कि प्रत्येक वर्ष सोनारी और कदमा के रहने वाले कांवरिया लगातार कांवर यात्रा में शामिल होने के लिए संपर्क करते थे लेकिन तैयारी कम रहने के कारण सोनारी कदमा के लोग वंचित रह जाते थे। इस बार व्यवस्था तीन माह पूर्व से ही बनाई जा रही है जिससे लोगों को असुविधा नहीं होगी। विकास ने कहा पहले ही जाकर समिति के लोगों के द्वारा रास्ते में पड़ने वाले सारे स्थान सुरक्षित कर लिए गए हैं। विकास सिंह ने कहा एक जुलाई से पंजीयन का कार्य आरंभ होगा, पहले आओ पहले पाओ के तर्ज में लोगों का पंजीयन किया जाएगा।

### 2017 में 151 कांवरियों से शुरु हुई थी नि:शुल्क वार्षिक कांवर यात्रा

विकास सिंह ने बताया वर्ष 2017 से संघ के द्वारा निशुल्क कांवर यात्रा का आयोजन किया जा रहा है पहली बार तीन बसों से 151 कांवरिया गए थे 2018 में 351 कांवरिया और 2019 में 501 कांवरिया यात्रा में गए थे। 2020 और 2021 में कोविड-19 के कारण यात्रा का आयोजन नहीं किया गया था। पुन: 2022 में 700 कांवरिया बाबा बैधनाथ सेवा संघ की ओर से सुल्तानगंज गए थे इस वर्ष बाबा बैधनाथ की कृपा से 1000 कांवरियों को ले जाने का कार्य किया जा रहा है।

### जाने-आने में हर तरह का खर्च उठायेगा बाबा वैद्यनाथ सेवा संघ

विकास सिंह ने कहा किसी प्रकार का शुल्क किसी भी कांवरियों से नहीं लिया जाएगा यात्रा पूरी तरह निशुल्क रहेगी जिसमें शामिल कांवरियों को बस, धर्मशाला, भोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, बीमार पड़ने पर ईलाज की उचित व्यवस्था, संघ के द्वारा निशुल्क रहेगी । पंजीयन हेतु श्रद्धालु किशोर वर्मन 08540986994, एवं अरविंद महतो 08210320937 संपर्क कर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

**यात्रा में 18 वर्ष से कम और 60 वर्ष से अधिक उम्र वाले नहीं जायेंगे**

पूर्व में बाबा बैधनाथ सेवा संघ की ओर से आयोजित कांवर यात्रा में शामिल लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी । 18 वर्ष से कम आयु एवं 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का पंजीयन नहीं किया जाएगा। कोच बस एवं छोटी गाड़ी के माध्यम से कांवरिया सुल्तानगंज जाएंगे। सेवक बम जिसकी संख्या लगभग डेढ़ सौ के करीब रहेगी वह ट्रेन से सुल्तानगंज जाएंगे। पंजीयन किए गए सारे कांवरियों का ड्रेस कोड और आईडी कार्ड होगा उसी आईडी कार्ड से वाहन एवं धर्मशाला में प्रवेश मिलेगा। डॉक्टर के साथ साथ इस बार दो नर्सें भी जत्था में में जाएगी जिससे महिला कांवरियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो।

फलाहार में रहकर कांवर यात्रा कर रहे कांवरियों के लिए फल की सुविधा संघ के द्वारा दी जाएगी। 17 जुलाई को सोमवार के दिन सुल्तानगंज के उत्तरवाहिनी गंगा नदी से जल भरकर कांवरिया देवघर के लिए प्रस्थान करेंगे पहला पड़ाव असरगंज के शिकारी धर्मशाला में रहेगा।

**संवाददाता सम्मेलन में ये थे उपस्थित :** शनिवार को संवाददाता सम्मेलन पर मुख्य रूप से विकास सिंह, किशोर बर्मन, अरबिंद महतो, प्रो यू पी सिंह, मनोज ओझा, राम सिंह कुशवाहा, सूरज नारायण, छोटेलाल सिंह, दुर्गा दत्ता, नागमणि सिंह, संतोष चौहान, संजय सिंह, सुशीला शर्मा, मधु सिन्हा, अजय लोहार, डॉक्टर अनिल कुमार सिंह, जीतू गुप्ता , संदीप शर्मा, मधु सिन्हा, प्यारे लाल साहू, राजेंद्र राम, गिरिश सिंह, मुख्य रुप से उपस्थित थे।

## एनटीटीएफ गोलमुरी के 14 छात्रों का पीएमटी कंपनी पुणे में चयन



**जमशेदपुर।** एनटीटीएफ के आर डी टाटा टेक्निकल सेंटर गोलमुरी के छात्रों ने। एनटीटीएफ आर डी टाटा टेक्निकल सेंटर गोलमुरी मे कंपनी द्वारा कैंपस सिलेक्शन किया गया, जिसमे 14 छात्रों को विभिन्न पदों के लिए चुना गया। सर्वप्रथम पी एम टी कंपनी द्वारा दो राउंड रिटन टेस्ट एवं इंटरव्यू लिया गया फिर छात्रों की तकनीकी क्षमता को परखा गया। उपर्युक्त परीक्षा में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देते हुए सभी छात्रों को एक मल्टी-ब्रांड, मल्टी-डिवीजन कंपनी पी एम टी पुणे द्वारा चयनित किया गया। छात्रों की सफलता एवं मेहनत से पूरा संस्थान गौरवान्वित है। पुणे स्थित कंपनी ने एनटीटीएफ के टुल इंजीनियरिंग एंड डिजिटल मार्केटिंग ब्रांच के 14 छात्रों जिसमे करण कुमार, सोनू कुमार, इंजेमाम अहमद, करण राज, एमडी हुजैफा, निशांत प्रसाद सत्य प्रकाश, आकाश शर्मा, सागर बनर्जी, रोहित कुमार सिन्हा, आलोक कुमार मिश्रा, अभिषेक कुमार, विक्रांत कुमार रे, प्रियांशु शर्मा शामिल है। सभी चयनित छात्र फाइनल ईयर के हैं। सभी छात्रों को कंपनी द्वारा 2.40 लाख के पैकेज पर लॉक किया गया है। सभी प्रशिक्षक गण छात्रों के परिश्रम एवं सफलता से अत्यंत ही गौरान्वित महसूस कर रहे हैं। इसमे संस्थान के प्लेसमेंट पदाधिकारी नेहा एव मिथिला महतो ने सहयोग किया। रमेश राय अनिल के जवाली, मनीष कुमार, दीपक सरकार, पंकज कुमार, अजीत कुमार शर्मिष्ठा अन्य प्रशिक्षक ने शुभकामनाये दी। प्रशाशनिक अधिकारी वरुण कुमार ने भी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## राज्यपाल का आज चाकुलिया में कार्यक्रम



**जमशेदपुर।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन पूर्वी सिंहभूम के दो दिवसीय दिवसीय दौरे के क्रम में देर शाम आज जमशेदपुर पहुंचे। परिसदन में उनके आगमन पर पूर्वी सिंहभूम की डीसी विजया जाधव, एसएसपी प्रभात कुमार,डीडीसी मनीष कुमार द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट का उनका स्वागत किया गया। इस दौरान राज्यपाल का रविवार को चाकुलिया प्रखंड स्थित भातकुंडा ग्राम में ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद कार्यक्रम तथा चाकुलिया में ही एक अन्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप शामिल होना प्रस्तावित है। राज्यपाल के दौरे को लेकर उप विकास आयुक्त मनीष कुमार ने एसडीओ धालभूम पीयूष सिन्हा के साथ भातकुंडा स्थित कार्यक्रम स्थल तथा केदारनाथ झुनझुनवाला विद्यालय परिसर के कार्यक्रम स्थल का मुआवना कर तैयारियों का अवलोकन किया। भातकुंडा में ग्रामीणों से संवाद कार्यक्रम के दौरान आंगतुकों एवं ग्रामीणों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय पार्किंग आदि को लेकर जरूरी निर्देश दिए। मौके पर बीडीओ देवलाल उरांव, सीओ जयवंती देवगम तथा अन्य विभागीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह आज जमशेदपुर में



**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के नौ वर्ष पूर्ण होने पर महा जनसंपर्क अभियान के निमित्त उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री सह पश्चिमी प्रयागराज के विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह रविवार को लौहनगरी जमशेदपुर आएंगे। जहां वे भाजपा जमशेदपुर महानगर के विभिन्न कर्यक्रमों में भाग लेंगे। पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह रविवार संध्याकाल में जमशेदपुर लोकसभा के लोकसभा स्तरीय विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। एमजीएम मंडल क्षेत्र अंतर्गत गुरमा हाट मैदान में होने वाले जनसभा की सफलता को लेकर भाजपा ने व्यापक तैयारी की है।

# कोल्हान के पूर्व डीआइजी राजीव रंजन सिंह भाजपा में शामिल

प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने रांची में दी सदस्यता, गले लगाया

राष्ट्र सेवा के लिए भाजपा सबसे उचित मंच : राजीव रंजन सिंह



पूर्व डीआइजी राजीव रंजन सिंह को भाजपा की सदस्यता देकर गले लगाते प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सबका साथ, सबका विकास कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए भाजपा सभी का विश्वास भी प्राप्त कर रही है। पार्टी में सभी वर्ग, समाज से शामिल होने वालों का लगातार तांता लगा हुआ है। शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय के दीनदयाल सभागार में भारतीय पुलिस सेवा से कोल्हान के डीआइजी पद से अवकाश प्राप्त पदाधिकारी राजीव रंजन सिंह ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा की विधिवत सदस्यता ग्रहण की।

सदस्यता ग्रहण करते हुए राजीव रंजन सिंह ने कहा कि भाजपा की नीति, नियत और नेतृत्व से प्रभावित होकर मैंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास मंत्र ने मुझे बहुत प्रेरित किया। उन्होंने भाजपा के केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए कहा कि देश सेवा के लिए भाजपा से अच्छा कोई राजनीतिक मंच नही है। पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में पार्टी जो जिम्मेवारी देगी उसे हर संभव निभाने की कोशिश करूंगा। सिंह के साथ सदस्यता ग्रहण करने वालों में कॉरपोरेट प्रोफेशनल काजल सहाय, रांची महानगर कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष आर के सिंह, अवकाश प्राप्त पुलिस अधिकारी अशोक कुमार, घनश्याम गोस्वामी, विनोद सिंह, रमाकांत सिंह, गुरप्रीत सिंह, अधिवक्ता शैलेश कुमार, समाजसेवी जगतार सिंह, दीपक कुमार, अशोक सिंह मुंडा, व्यवसाय से जुड़े बलविंदर सिंह कलसी, अमित खंडेलवाल, संतोष साहू, अनिल कुमार सिंह, दुर्गा ठाकुर, विवेक कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार सिंह, अंकित चेतानी, कैलाश शर्मा, मुन्ना सोनी, गोपाल प्रसाद गुप्ता, शंकर चौधरी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हैं। प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, डॉ प्रदीप वर्मा ने पार्टी का पटका पहनाकर सदस्यता ग्रहण करने वालों का मंच पर स्वागत किया। प्रदेश मंत्री एवं जमशेदपुर महानगर के प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डु ने पार्टी के टॉल फ्री नंबर पर विधिवत ऑनलाइन सदस्यता दिलाई। इस दौरान संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने और धन्यवाद ज्ञापन महानगर उपाध्यक्ष बबुआ सिंह ने किया।

### भाजपा किसी परिवार की नहीं,पारिवारिक सोच वाली पार्टी : सांसद दीपक प्रकाश

मिलन समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि भाजपा किसी परिवार की पार्टी नहीं बल्कि पारिवारिक सोच की पार्टी है। जिसके चिंतन में सबका साथ और सबका विकास है। अंत्योदय से सर्वोदय है। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद है, सर्व पंथ समभाव है। उन्होंने अवकाश प्राप्त पुलिस अधिकारी राजीव रंजन सिंह का पार्टी के मंच पर स्वागत करते हुए कहा कि जिस प्रकार से इन्होंने पुलिस अधिकारी के पद का ईमानदारी पूर्वक निर्वाह किया है उसी प्रकार ये सामाजिक राजनीतिक जीवन की दूसरी पारी में भी यशस्वी बने। श्री प्रकाश ने कहा कि भाजपा के लिए राजनीति समाज सेवा का माध्यम है। भारत माता को विश्वगुरु बनाना पार्टी का लक्ष्य।

# बीबी बचन कौर को दी गयी भावभीनी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के संरक्षक सरदार गुरदीप सिंह पप्पू की मां एवं पंत के महान रागी गुरदयाल सिंह की धर्मपत्नी बीबी बचन कौर को साकची गुरुद्वारा में सैकड़ों लोगों ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी, पूर्व मंत्री एवं विधायक सरयू राय, कारपोरेट जगत के विजय सिंह राणा, प्रभात कुमार, ट्रांसपोर्टर उदय शर्मा, डीएसपी भोला प्रसाद, पूर्व डीएसपी आरएन शर्मा पूर्व डीएसपी वीरेंद्र यादव, टाटा मोटर्स यूनियन अध्यक्ष गुरमीत सिंह तोते, टेंपलेट यूनियन के डिप्टी प्रेसिडेंट परविंदर सिंह सोहेल, टीएसपीडीएल यूनियन के डिप्टी प्रेसिडेंट दिनेश कुमार, पत्रकार अमृत कौर नामधारी, कई राजनीतिक दल और सामाजिक संगठनों के नेता कार्यकर्ता शुमार थे। सीतारामडेरा हिस्ट्री आवास में अखंड पाठ की समाप्ति के उपरांत साकची गुरुद्वारा में कीर्तन दरबार सजा एवं अंतिम अरदास हुई। यहां इंदर सिंह नामधारी ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब की वाणी एवं विभिन्न धार्मिक पुस्तकों एवं दार्शनिकों को



उद्धृत करते हुए कहा कि जहां से हमें यह जीवन ज्योति प्राप्त होती है वही विलीन हो जाती है और इसके लिए इसी प्रकार का शोक नहीं करना है। विधायक सरयू राय ने भी कई प्रसंगों को रखते हुए इसे विधि का विधान बताया और इस सत्य और आश्चर्य को स्वीकार करने का बल देने की परमेश्वर से प्रार्थना की। तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब के महासचिव सरदार इंदरजीत सिंह, सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान भगवान सिंह, चेयरमैन शैलेंद्र सिंह, सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के संरक्षक अमरप्रीत सिंह काले, साकची गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महासचिव परमजीत सिंह कार्यालय सरदार सुरजीत सिंह सित्ते, सेंट्रल स्त्री सत्संग सभा की चेयरपर्सन बीबी कमलजीत कौर ने अपने विचारों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की।

## मानगो पथ विक्रेताओं को उजाड़ना कानून का हनन : अनीता दास

**जमशेदपुर।** शनिवार को नेशनल हॉकर फेडरेशन द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नेशनल हॉकर फेडरेशन की एडिशनल जनरल सेकेट्री एवं रांची फुटपाथ दुकानदार हॉकर संघ की सचिव सह आल इंडिया वोमेन हॉकर फेडरेशन की राष्टीय सचिव अनिता दास उपस्थित हुईं। उन्होंने उजाड़ीकरन की प्रक्रिया को कानून के खिलाफ बताया अविलंब वेंडिंग जोन में बसाने की मांग की। उनके द्वारा महिलाओं की कमिटी बनाई गई। उत्तम चक्रवर्ती ने बताया कि आज पथ विक्रेताओ को पथ विक्रेता 2014 कानून का प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में नेशनल हॉकर फेडरेशन, मानगो फुटपाथ दुकानदार संगठन, टाउन वेंडिंग कमिटी सदस्य, एवं सैकड़ो पथ विक्रेताओ का अहम योगदान रहा।

# टिनप्लेट स्टेडियम में 21 को 2000 से अधिक लोग करेंगे योग

खबर मन्त्र ब्यूरो




**जमशेदपुर।** टिनप्लेट कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड (टीसीआइएल) तथा सत्यानंद योग केंद्र जमशेदपुर के सहयोग से 21 जून को सुबह 6:00 बजे से सुबह 7:00 बजे तक टिनप्लेट स्पोर्ट्स कंपलेक्स में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया है जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं समेत करीब 2000 लोग एक साथ योग करेंगे। यह आयोजन कंपनी के सीएसआर डिवीजन का एक वार्षिक कार्यक्रम है जिसमें टाटा मोटर्स के विभिन्न स्कूलों के अलावा टिनप्लेट सामुदायिक स्कूलों के लगभग 1500 छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। उनके साथ जमशेदपुर के आम नागरिक भी इस कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं। यह जानकारी टीसीआइएल के सीएसआर हेड प्रभात दास ने एक संवाददाता सम्मेलन में दी। संवाददाता सम्मेलन में सत्यानंद योगा केंद्र के अध्यक्ष केके झा ,उपाध्यक्ष लखन ठाकुर, सचिव मलय कुमार डे भी उपस्थित थे। प्रभात दास ने बताया कि टीसीआईएल समुदाय के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को लेकर शुरू से ही जागरूक रही है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर टिनप्लेट स्टेडियम में सामूहिक योग इसी उद्देश्य का एक अहम हिस्सा है। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण सत्यानंद योग केंद्र के शांति दर्शन योगाश्रम,बोकारो के आचार्य स्वामी गोरखनाथ सरस्वती होंगे जिनके मार्गदर्शन में 2000 से अधिक व्यक्तियों द्वारा सामूहिक योग का प्रदर्शन किया जाएगा।

**नि:शुल्क योग प्रशिक्षण शिविर में पंजियन के लिए फोन करें :** सत्यानंद योग केंद्र के सचिव मलय कुमार डे ने बताया कि नि:शुल्क योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें पंजीयन कराकर शहरवासी इसका हिस्सा बन सकते हैं। इसके लिए 9835550587/9431172696/7543814141/9431183899/9470387718/9122529364 आदि पर फोन किया जा सकता है।

कार्यालय : वन प्रमण्डल पदाधिकारी
बोकारो वन प्रमण्डल, बोकारो
BLOCK-A, VAN BHAWAN, PURULIA ROAD, CHAS, BOKARO-827013
E-mail : dfo-bokaro@gov.in & bokarodfo@gmail.com
Phone/Fax No : +91-6542-265142

आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बोकारो वन प्रमण्डल के अंतर्गत विभिन्न प्रक्षेत्रों में अगर किसी व्यक्ति/भू-माफिया के द्वारा वनभूमि की खरीद बिक्री अथवा वनभूमि में किसी प्रकार का निर्माण कार्य किये जाने की सूचना प्राप्त होती है तो वन प्रमण्डल पदाधिकारी के मोबाइल नं0 8987790304 पर संपर्क स्थापित कर इसकी सूचना दी जा सकती है। यदि किसी व्यक्ति/भू माफिया के द्वारा वनभूमि को रैयति भूमि बता कर बिक्री की जाती है या संबंधित भूमि के वनभूमि होने की आशंका होती है तो क्रेता द्वारा संबंधित भूमि का प्रमंडलीय कार्यालय से सत्यापन कराने के पश्चात् ही क्रय किया जाए। वनभूमि के अवैध खरीद बिक्री/अतिक्रमण में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अतः जनमानस से अपील है कि इस प्रकार के अवैध कार्यों से बचे तथा वनभूमि के संरक्षण में सहयोग प्रदान करें।

वन प्रमण्डल पदाधिकारी
बोकारो वन प्रमण्डल, बोकारो

PR 300329 Forest, Environment and Climate Changes (23-24)_D

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गिरिडीह
(जिला नजारत शाखा)
दूरभाष न0:- 06532-222650 ई0-मेल:- dist.nazaratgrd@gmail.com

-:: अल्पकालीन निविदा ::-

गिरिडीह समाहरणालय से संबद्ध शाखाओं हेतु (1) **पैकेज संख्या 01**- स्टेशनरी एवं कार्यालय उपयोग की सामग्री (2) **पैकेज संख्या 02**- विद्युत एवं मशीन उपकरण सामग्री (3) **पैकेज संख्या 03**-टेंट शमियाना एवं डेकोरेशन संबंधी अन्य कार्य (4) **पैकेज संख्या 04**-विडियोग्राफी/फोटोग्राफी, सी0सी0टी0वी0/ड्रोन कैमरा अधिष्ठापन आदि कार्य (5) **पैकेज संख्या 05**-ध्वनि विस्तारक यंत्र एवं (6) **पैकेज संख्या 06**- अल्पाहार सामग्री आपूर्ति/अधिष्ठापन हेतु दर निर्धारण के लिए अल्पकालिन निविदा आमंत्रित किया गया है।

निविदा डालने की अंतिम तिथि दिनांक 01/07/2023 के 02.00 बजे अपराह्न तक निर्धारित है। इच्छुक निविदादाता दिनांक 01/07/2023 के 02.00 बजे अपराह्न तक अपना मुहरबंद निविदा जिला नजारत शाखा, गिरिडीह में डाल सकते हैं। निविदा की शर्तें एवं अन्य विस्तृत जानकारी जिला के अधिकारिक वेबसाईट www.giridih.nic.in पर उपलब्ध है, जिसे देखा जा सकता है।

जिला नजारत उपसमाहर्त्ता, गिरिडीह — अपर समाहर्त्ता, गिरिडीह — उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, गिरिडीह

PR 300320 Giridih(23-24).D

बाहानगा बजार (बालासोर) रेल दुर्घटना में हताहतों के सभी रिश्तेदारों/निकट संबंधियों के लिए सूचना

भारतीय रेल हाल ही में बाहानगा बजार, जिला बालासोर (ओडिशा) में 02.06.2023 को 12841 शालीमार-एमजीआर चेन्नई सेंट्रल कोरोमंडल एक्सप्रेस और 12864 एसएमवीबी हावड़ा एक्सप्रेस में हुई रेल दुर्घटना के हताहतों के रिश्तेदारों/निकट संबंधियों से आग्रह करती है कि वे आगे आएं और अभी तक अज्ञात हताहतों के साथ अपनी पहचान एवं संबंध सुनिश्चित करने के लिए डीएनए के नमूने दें।

स्थान
अकादमी ब्लॉक (कमेटी रूम),
AIIMS, भुवनेश्वर

कृपया निम्नलिखित रेलवे कर्मियों से संपर्क करें

139
रेल-मदद नंबर

श्री दिगंबर पाढ़ी, सहायक कार्मिक अधिकारी,
मोबाइल - 8455887604

श्री बिश्वनाथ पाढ़ी, सहायक वाणिज्यिक प्रबंधक,
मोबाइल - 8455885967

श्री बी. तपन कुमार, जन संपर्क अधिकारी,
मोबाइल - 8455885040

श्री विकास कुमार, जन संपर्क अधिकारी,
मोबाइल - 8455885041

भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन पर सहायता हेतु : 0674 - 2534027
पूर्व तट रेलवे कंट्रोल रूम, भुवनेश्वर पर सहायता हेतु : 8455885999
खोरधा रोड स्टेशन पर सहायता हेतु : 8455887999

भारतीय रेल
(PR-300)

# अरका जैन विवि के 16 व एनटीटीएफ के 14 छात्र-छात्राओं का हुआ प्लेसमेंट

खबर मन्त्र ब्यूरो



प्लेसमेंट पाने वाले अरका जैन के स्टुडेंट्स।

**जमशेदपुर।** बीता सप्ताह छात्रों के कैरियर के लिए उलब्धियों भरा रहा। अरका जैन यूनिवर्सिटी और एनटीटीएफ,जमशेदपुर के छात्रों का शानदार प्लेसमेंट हुआ। अरका जैन विवि में पढ़ाई के दौरान 16 विद्यार्थियों को सालाना रु० 3,15000 का वार्षिक पैकेज ऑफर किया गया है। अरका जैन के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग के डीन हिमांशु कुमार सिन्हा ने बताया कि गत शनिवार को भारत की अग्रणी बी2बी मेडिकल सप्लाईज कंपनी, मेडिकाबाजार की ओर से कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया था। मेडिकाबाजार एक बहुराष्ट्रीय कंपनी है जो भारत के साथ-साथ विश्व में और भी कई अलग-अलग देशों में मौजूद है। इस कैम्पस ड्राइव में यूनिवर्सिटी के फाइनल ईयर के एमबीए, बी फार्मा, डी फार्मा, बीएससी बायोटेक्नोलॉजी के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों की प्रतिभा को दो चरणों में परखा गया। पहले चरण में ग्रुप डिस्कशन हुआ जिसमें कुल 40 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया इसके अगले राउंड के लिए 28 विद्यार्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया तथा अगले राउंड में एचआर इंटरव्यू का आयोजन किया गया जिसमें कि अंतिम रूप से कुल 16 विद्यार्थी चयनित हुए। मेडिकाबाजार एचआर से इंटरव्यू पैनल सदस्य राजेश शेट्टी एवं विशाल ने प्रतिभागी छात्रों की सराहना की और कहा कि विश्वविद्यालय के छात्र काफी प्रतिभाशाली हैं। दोनों ने भविष्य में भी यहां कैम्पस प्लेसमेंट करने का आश्वासन दिया है। कंपनी कोऑर्डिनेट कर रहीं प्लेसमेंट एग्जीक्यूटिव जेबा बुख्तयार ने सूचित किया कि एमबीए से अंचला कुमारी, टिया कुमारी, बी फार्मा से सोनाली कुमारी, अब्दुल वासिक, शुभम कुमार, ए एम शोभित, अमन कुमार ,सत्यम कुमार,स्नेहा रॉय, पीयू दास ,डी फार्मा से अब्दुल रहमान खान, शालिनी सिंह सूरज कुमार मिश्रा, पंकज मिश्रा, शिवम कुमार एवं शुभोजीत दास का अंतिम रूप से चयन हुआ है। विवि निदेशक अमित श्रीवास्तव, कुलपति डा एस एस रजी एवं डीन स्टूडेंट वेलफेयर डा अंगद तिवारी ने चयनित विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

दर्पण
रांची. रविवार, 18 जून 2023
epaper.khabarmantra.net
खबर मन्त्र

## समय संवाद

फ्रांसीसी विचारक विचारक ज्यां बोद्रियो ने आधुनिक उपभोक्तावाद की मीमांसा करते हुए कहा है कि पहले वस्तु आती है तो वह सुख देने वाली लगती है। अंत में वह दु:ख देकर चली जाती है। पहले वह भली लगती है, किन्तु अंत में बुरी साबित होती है। आर्थिक विसंगतियों एवं विषमताओं को दूर करने के लिये उपभोक्ता जागृति जरूरी है। आज का उपभोक्तावादी दृष्टिकोण एक प्रकार का सम्मोहन बन गया है, हिस्टीरिया की बीमारी बन गया है। सम्मोहन करने वाला जैसा नचायेगा, उपभोक्ता वैसा ही नाचेगा, फिर उपभोक्ता संरक्षण कैसे संभव होगी? यह तभी संभव है जब हमारा उपभोग के प्रति सम्यक दृष्टिकोण होगा।

# किस सीमा तक उपभोग सराहनीय है?



**प्रिया राज**



**उपभोक्ता** में उत्पादकता और गुणवत्ता संबंधित जागरूकता को बढ़ाने, जमाखोरी, कालाबाजारी, मिलावट, अधिक दाम, कम नाप-तौल इत्यादि संकटों से उपभोक्ता को मुक्ति दिलाने एवं उपभोक्ता संरक्षण कानूनों के बारे में लोगों को जानकारी देकर उपभोक्ता के हितों की रक्षा आवश्यक है। उपभोक्ताओं को शोषण से बचाने के लिए इसी दिन 24 दिसंबर, 1986 को भारत सरकार ने ऐतिहासिक उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम-1986 लागू किया गया था। इसके बाद इस अधिनियम में 1991 तथा 1993 में संशोधन किए गए। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम को अधिकाधिक कार्यरत और प्रयोजनपूर्ण बनाने के लिए दिसंबर 2002 में एक व्यापक संशोधन लाया गया और 15 मार्च 2003 से लागू किया गया। यह दिन भारतीय ग्राहक आन्दोलन के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखा गया है। भारत में यह दिवस पहली बार वर्ष 2000 में मनाया गया और आगे भी प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है। उपभोक्ता संरक्षण कानून से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य यह है की किसी भी शासकीय पक्ष ने इस विधेयक को तैयार नहीं किया बल्कि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने प्रथमतः इस विधेयक का मसौदा तैयार किया। हम में से हर व्यक्ति किसी न किसी रूप में उपभोक्ता है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के अनुसार कोई व्यक्ति जो अपने उपयोग के लिये सामान खरीदता है, वह उपभोक्ता है। उपभोक्ता क्योंकि संगठित नहीं हैं इसलिए हर जगह ठगा जाता है। इसलिए उपभोक्ता को जागना होगा और खुद को इन संकटों से बचाना होगा। बहुत कम उपभोक्ता जानते होंगे कि उनके क्या अधिकार हैं। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस इसलिये मनाया जाता है ताकि उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा सके और इसके साथ ही अगर वह धोकाधड़ी, कालाबाजारी, घटतौली आदि का शिकार होते हैं तो वह इसकी शिकायत कर सकें। इस कानून में जीवन एवं संपत्ति के लिए हानिकारक सामान और सेवाओं की बिक्री के खिलाफ सुरक्षा का अधिकार दिया गया है, खरीदी गई वस्तु की गुणवत्ता, मात्रा, क्षमता, शुद्धता, स्तर और मूल्य, जैसा भी मामला हो के बारे में जानकारी का अधिकार एवं इसके लिए आवाज उठाने का अधिकार है। उपभोक्ता दिवस मनाते हुए हम केवल उपभोक्ता अधिकारों की ही बात नहीं करते बल्कि उपभोक्ता की उन्नत एवं सम्यक सोच को भी विकसित करते हैं। अमेरिकी लेखक और मोटिवेशनल स्पीकर ब्रिएना विएस्ट ने कहा भी है कि जब निजी स्तर पर हमारा दर्शन सिर्फ यही रह जाए कि हम बिना कोई प्रश्न पूछे वही करने लगें, जो हमें कहा जाए, तो इसका अर्थ है कि हम उपभोक्तावाद या अपने अहं या किसी के प्रति अंध श्रद्धा का शिकार हो रहे हैं या किसी ऐसे की इच्छा का पोषण कर रहे हैं, जो हमें नियंत्रित करना चाहता है। आज की बाजार शक्तियों इसी तरह उपभोक्ताओं का शोषण करती है। इन्हीं उपभोक्तावादी एवं बाजार शक्तियों के कारण जीवन में सुख का अभिप्राय केवल भोग और उपभोग को माना जाने लगा हैं। ऐसे में झूठी शानो-शौकत के दिखावे के चक्कर में उपभोक्ता अविवेकशील होकर अनावश्यक चीजों को भी थैले में भरकर घर ला रहा है। बाजार एवं उपभोक्तावादी संस्कृति के इस काले जादू के आगे उपभोक्ता बेबस एवं लाचार खड़ा है।

# सभी धर्म, पंथ और संप्रदाय का लक्ष्य एक

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**सभी** धर्मों, पंथ और संप्रदाय का मार्ग एक ही है और इस कारण भक्ति की उंची स्थिति में पहुंचना ही भक्त का उद्‌देश्य होना चाहिए। सनातन हिन्दू, इस्लाम, ईसाई सहित सभी धर्मों के गुरु का कार्य जीव का उद्धार कराना ही है। आज यह बड़ी बात है कि सगुण के रूप में सदगुरु के दर्शन और श्रवण का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि एक भक्त पटना आश्रम में आते थे। वृद्ध थे और रामायण की अच्छी जानकारी थी। लगभग चार-पांच साल तक आने के बाद भी वे मंत्र दीक्षा नहीं ले रहे थे। उन्हें शिकायत भी थी कि उनके मित्र और सहयोगी उन्हें दीक्षा लेने पर जोर दे रहे हैं। लगभग पांच साल ब्रह्म विद्यालय और आश्रम के पटना और मुख्य स्थान तक जाने के बाद उन्होंने अपनी शंका जाहिर की कि गुरुदेव हमने देवराहा बाबा से दीक्षा ली है तब क्या ब्रह्म विद्यालय की दीक्षा ली जा सकती है। लोग कहते हैं एक ही गुरु किया जाना चाहिए। यह सच है कि एक गुरु होना चाहिए। लेकिन गुरु तत्व पूरे संसार में एक ही है। आवश्यकता है आप जीवन में इसे अपना लें। उन्होंने मंत्र दीक्षा भी ली और सन्यासी भी बन गये। गुरु पद है उसे स्वीकार्य किया जाना चाहिए। वे अति विनम्र और मधुर बोलने वाले थे। गुरु के प्रति आपका प्रेम और समर्पण आपको बड़े ही शानदार ढंग से लौटता है। इस का साक्षात उदाहरण हमारे दरबार में एक नहीं अनेकों हैं। जीव के उद्धार के लिए परम पूज्यनीय स्वामी शिवधर्मानंद जी ने जो वाणी और व्यवहार अपनाया वर्तमान समय में वह ज्ञान और भक्ति की संपूर्ण उंचाई का सर्वोच्च उदाहरण है। जब गढ़वा घाट काशी बनारस के स्वामी जी ने स्वामी शिवधर्मानंद जी को गंगा पार राजपुर भेजा तो एक भी व्यक्ति सहयोग के लिए नहीं था। उन्हें एक गांव में भेज दिया। आज वही गांव पूरे देश में तत्व ज्ञान के प्रचार प्रसार का केंद्र बना। यह पूरे देश में तत्व ज्ञान को फैला रहा है। स्वामी रामकृष्ण परमहंस की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि काली मां के प्रति उनका जो प्रेम था उनका भाव था जिसमें रात-दिन डूबे रहते थे। स्वामी तोतेपूरे ने उन्हें ज्ञान का अहसास करा दिया। स्वामी रामकृष्ण उस परमतत्व को प्राप्त कर गुरु पद को सुशोभित किया। गुरु ग्रंथ का अर्थ मनुष्य को ग्रंथियों से मुक्त कराने वाले से है। जड़ और चेतन के इस संसार में जड़ के बंधन काटने वाले तत्व ज्ञानियों, सदगुरु नानक देव, कबीर, धरनीदास, दरियादास, रैदास गुरु ग्रंथ हीं हैं। गुरु ग्रंथ में इनकी ही वाणी सुरक्षित है। गुरुग्रंथ को जानिए प्रकट गुरु की देह। वर्तमान समय में जीव ग्रंथियों में उलझकर अपने मूल कर्त्तव्य से विमुख हो रहा है। साहित्यकार जयशंकर प्रसाद की रचना कामायनी की पंक्तियां- एक तत्व की है प्रधानता उपर ही जल है, नीचे एक तरल है एक सघन। कहां जड़ या कहां चेतन। मनुष्य का शरीर या गुरु दरबार जड़ है। गुरु चेतन है और चेतन का ही महत्व है। जीवन में व्यक्ति और स्थान का बड़ा महत्व है। परमहंस दयाल जी ने छपरा से अपनी भक्ति यात्रा आंरभ की, लेकिन टेरी जो अब पाकिस्तान में है वहां जाकर ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम स्थापित किया। इस कार्य में उन्हें 20 वर्षों का समय लगा। संत आनंदपुर से मिले तब दरबार बना। प्रकृति नहीं मिलती तब तक पुरुष निद्रा में होता है। उन्होंने जो भक्ति की चेतना जगाई वह आज भी गढ़वा घाट काशी और राजपुर होते फिर से छपरा पहुंचा। 1846 में इनका जन्म छपरा में हुआ था।

**(मुख्य स्थान : ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम छोटका राजपुर, बक्सर, बिहार)**

# संविधान के अधिकार और हमारे वैवाहिक मूल्य



**मृत्युंजय प्रसाद**



**कितना** अच्छा होता कि विभिन्न धर्मों के कानूनों में उचित सुधार करके समान रूप से संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकारों के लाभ दिलाने की दिशा में प्रयास होते। तलाक के लिये समान आधार का मुद्दा भी अप्रत्यक्ष रूप से समान नागरिक संहिता की आवश्यकता को आगे बढ़ाने वाला लगता है क्योंकि इसमें संविधान के अनुच्छेद 14, 15, और 21 के साथ ही 44 को शामिल किया गया है।

अनुच्छेद 44 समान नागरिक संहिता के बारे में ही है। अनुच्छेद 44 अनुसार, शासन भारत के समस्त राज्य क्षेत्र में नागरिकों के लिये एक समान सिविल संहिता प्राप्त करने का प्रयास करेगा। लेकिन यह अनुच्छेद आज तक संविधान की पुस्तक तक सिमटा हुआ है जबकि इस दिशा में कदम उठाने के बारे में कई बार उच्चतम न्यायालय अपनी राय व्यक्त कर चुका है।

न्यायालय में पहुंचे इस प्रकरण के अनुसार हिन्दू, बौद्ध, सिख और जैन समुदाय के सदस्यों को हिन्दू विवाह कानून, 1955 के तहत विवाह विच्छेद की प्रक्रिया अपनानी होती है जबकि मुस्लिम, ईसाई और पारसी समुदाय में विवाह विच्छेद के लिये उनके अपने पर्सनल कानून हैं। इसके अलावा, अंतर-आस्था वाले वैवाहिक जोड़ों को विशेष विवाह कानून, 1956 के तहत विवाह विच्छेद की प्रक्रिया का पालन करना होता है। तलाक के समान आधार के पक्ष में दलील दी जा रही है कि हिन्दू, ईसाई और पारसी समुदाय में व्यभिचार विवाह विच्छेद का आधार है जबकि मुस्लिम समुदाय के लिये ऐसा नहीं है। हिन्दू और ईसाई समुदाय में असाध्य कुष्ठ रोग तलाक का आधार है लेकिन पारसी समुदाय में ऐसा नहीं है जबकि हिन्दू और मुस्लिम समुदाय में नपुंसकता तलाक का आधार है परंतु ईसाई और पारसी समुदाय में ऐसा नहीं है। यह भी दलील दी गयी है कि हिन्दुओं में नाबालिग से विवाह तलाक का आधार है जबकि ईसाई, पारसी और मुस्लिम समुदाय में इस आधार पर तलाक का प्रावधान नहीं है। इसी से जुड़ा एक और सवाल है और वह है परस्पर सहमति से तलाक। परस्पर सहमति से तलाक का मसला ईसाई समुदाय के तलाक कानून के संदर्भ में न्यायालय में आया था। ईसाई समुदाय के डेढ़ सदी से ज्यादा पुराने भारतीय तलाक कानून की धारा 10-क (1) के तहत कम से कम दो साल अलग रहने के बाद ही इस समुदाय का कोई जोड़ा परस्पर सहमति से विवाह विच्छेद के लिये आवेदन कर सकता है। इसके विपरीत, विशेष विवाह कानून, 1954 की धारा 28, हिन्दू विवाह कानून, 1955 की धारा 13-बी और पारसी विवाह एवं तलाक कानून, 1936 के तहत परस्पर सहमति से तलाक के लिये पति-पत्नी को कम से कम एक साल अलग रहना होता है। इसी तरह, समान नागरिक संहिता की अप्रत्यक्ष रूप से हिमायत करते हुए न्यायालय में एक अन्य याचिका दायर की गयी थी। इस याचिका में भरण पोषण और गुजारा भत्ता के संबंध में भी समान आधारों वाली ऐसी व्यवस्था बनाने का अनुरोध किया गया था जो लैंगिक और धार्मिक रूप में तटस्थ हो तथा अंतर्राष्ट्रीय संधियों के अनुरूप हो।

संविधान के प्रावधानों का हवाला देते हुए कुछ समुदायों के व्यक्तिगत कानूनों में प्रचलित प्रथाओं पर सवाल उठाये जा रहे हैं। इसमें बहुविवाह से लेकर तलाक होने की स्थिति में गुजारा भत्ता और भरण पोषण तथा बच्चों के उत्तराधिकार जैसे सवाल उठाये जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में सवाल उठता है कि क्या संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 21 के प्रावधानों के अनुरूप विभिन्न समुदायों से संबंधित व्यक्तिगत कानूनों में उचित सुधार करने का समय आ गया है तो इसके लिये संबंधित समुदायों या धर्म गुरुओं और प्रतिनिधियों को पहल करनी होगी। हालांकि, एक तबका इन सुधारों की हिमायत करते हुए उच्चतम न्यायालय द्वारा तीन तलाक की प्रथा को असंवैधानिक घोषित करने की व्यवस्था का हवाला देता है। इसी के आधार पर अब हिन्दू समाज में पहली पत्नी के रहते दूसरा विवाह अमान्य होने लेकिन मुस्लिम समुदाय में पहली पत्नी के बावजूद दूसरी शादी को मान्यता जैसी प्रथा पर भी न्यायालय में ही सवाल उठाया गया है।

वैसे न्यायालय ने कहा है कि वह यह विषय विधि आयोग के पास विचारार्थ भेज सकता है जिसे तीन महीने में अपने सुझाव देने होंगे लेकिन अभी तो देश में नया विधि आयोग गठित ही नहीं हुआ है। विधि आयोग का मत है कि विभिन्न समुदायों और धर्मों से संबंधित पर्सनल लॉ के साथ ही विशेष विवाह कानून और अभिभावक तथा आश्रित कानून आदि की खामियों को चरणबद्ध तरीके से दूर करके इन्हें संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकारों के अनुरूप बनाना अधिक बेहतर होगा। सरकार को विधि आयोग के इस सुझाव पर ठोस कदम

# हमारा गांव भी अब शहर...



**सुधीर शर्मा**

**हवाएं तो आती थी कभी हमारी भी खिड़कियों से..**
**पर अब पड़ोसी की सुर्ख दीवारों ने**
**उस पर भी पहरा लगा दिया...**
**जो कल तक हमारे घरों के पीछे..**
**धान की खेत हुआ करती थी..**
**अब वहां भी कंक्रीट के पेड़ उग आये हैं...**

**हवाओं पर तो अब बस उनका ही कब्जा है..**
**जिन्होंने कंक्रीट के सबसे ऊँचे पेड़ बोए हैं..**
**वो मुहल्ले में खपरैल का मकान बस हमारा ही था..**
**जिसके आगे आम के पेड़ ने..**
**न जाने भरी दुपहरी में कितनों को छांव दी थी..**

**हमारा गांव भी अब शहर बन चला है..**
**सड़कें चौड़ी और दीवारें पक्की हो गई है..**
**हर दिन कंक्रीट की पौधे सींचे जाते है..**
**हर महीने वो पौधें इमारती पेड़ बन जाते हैं...**

**अब तो इन पेड़ों पर लगी मशीनें भी..**
**हवाएं चुरा ले जाती है..**
**हमारे हिस्से तो अब जाड़े की धूप..**
**और गर्मी की हवाएं भी नहीं आती..**

**कंक्रीट के इन जंगलों का**
**अब जमीं - आसमानों पे कब्जा है..**
**तुम्हारी खपरैलों के फांकों से**
**कभी आसमां दिख जाए..**
**तो मुझे भी इत्तिला कर देना...**

# गुणकारी है हरा प्याज



क्या आपने हरे प्याज की सब्जी कभी खाई है? अगर नहीं, तो हरे प्याज के यह कमाल के सेहत फायदे।

- हरा प्याज खाने से इम्यूनिटी पॉवर बढ़ता है। हरा प्याज चेहरे की झुर्रियों को दूर करता है। इसे खाने से आंखों की रोशनी बढ़ती है। हरा प्याज माइक्रो न्यूट्रिशन को बनाए रखता है।

- हरा प्याज खाने के कई फायदे हैं। हरे प्याज में क्रोमियम होता है। यह कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम बनाए रखता है। इसमें एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं। एंटी-बैक्टीरियल गुण के कारण ही इसे खाने से पाचन में भी सुधार होता है।

- हिस्टीरिया का मरीज अगर बेहोश हो जाए तो उसे प्याज कूटकर सुंघाएं। इससे रोगी तुरंत होश में आ जाता है। हरे प्याज में एंटी-इन्फ्लेमेटरी और एंटी-हिस्टामाइन गुण भी होते हैं इसीलिए यह गठिया और अस्थमा के रोगियों के लिए लाभदायक रहता है।

- पेशाब होना बंद हो जाए तो दो चम्मच प्याज का रस और गेहूं का आटा लेकर हलवा बना लें। हलवा गर्म करके पेट पर लेप लगाने से पेशाब आना शुरू हो जाता है। प्याज पानी में उबालकर वह पानी पीने से भी पेशाब संबंधी समस्याएं समाप्त हो जाती हैं।

- बाल गिरने की समस्या से निजात पाने के लिए प्याज बहुत ही असरदार है। बालों पर प्याज के रस की मालिश करने से बाल गिरना बंद हो जाते हैं। इसके अलावा, प्याज का लेप लगाने पर कम उम्र में सफेद हुए बाल फिर से काले होने

- सर्दी या जुकाम होने पर प्याज खाने से राहत मिलती है। गठिया में प्याज बहुत ही फायदेमंद होता है। सरसों का तेल व प्याज का रस मिलाकर मालिश करें, फायदा होगा। प्याज कई अन्य सामान्य

# क्या है ल्यूकोडर्मा, कैसे हो इसका ईलाज

**मिताली जैन**



**जानिये क्या है ल्यूकोडर्मा और कैसे करें इसका उपचार**

त्वचा विशेषज्ञ बताते हैं कि ल्यूकोडर्मा का कोई स्थायी उपचार उपलब्ध नहीं है, लेकिन उपचार के जरिए प्रभावित एरिया पर अपीयरेंस में सुधार किया जाता है। इस बीमारी के उपचार के लिए लाइट थेरेपी, दवा और सर्जरी तीन प्रमुख विकल्प मौजूद हैं।

ल्यूकोडर्मा जिसे आमतौर पर विटिलगो के नाम से भी जाना जाता है। यह एक ऐसी बीमारी है, जिसमें स्किन पिगमेंटेशन लॉस होने लगता है, जिससे त्वचा सफेद होने लगती है। त्वचा पर सफेद धब्बे को ल्यूकोडर्मा कहा जाता है। जब स्थित गिंभीर हो जाती है, तो धब्बे खोपड़ी, चेहरे और जननांगों सहित शरीर के लगभग सभी हिस्सों को कवर करते हैं। तो चलिए आज हम आपको ल्यूकोडर्मा के बारे में विस्तारपूर्वक बता रहे हैं?

**पहचानें लक्षण**

त्वचा विशेषज्ञ बताते हैं कि ल्यूकोडर्मा का मुख्य संकेत व लक्षण स्किन पर मिल्की व्हाइट पैचेस होते हैं। इसके अलावा भी कुछ लक्षण नजर आते हैं?

बालों का समय से पहले सफेद होना

श्लेष्मा झिल्ली में कलर लॉस होना

**रेटिना के रंग में बदलाव**

हालांकि ल्यूकोडर्मा शरीर के किसी भी हिस्से को प्रभावित कर सकता है, पिग्मेंटेशन आमतौर पर शरीर के सन एक्सपोजर एरिया पर होता है।

**जानिए कारण**

त्वचा विशेषज्ञ बताते हैं कि ल्यूकोडर्मा का सटीक कारण अभी भी अज्ञात है। हालांकि यह वायरस के संक्रमण, पारिवारिक इतिहास, तनाव या किसी भी ऑटोइम्यून विकार के कारण हो सकता है।

**ल्यूकोडर्मा के प्रकार**

ल्यूकोडर्मा आमतौर पर दो प्रकार का होता है? सेगमेंटल और गैरसेगमेंटल।

**सेगमेंटल ल्यूकोडर्मा**

सेगमेंटल ल्यूकोडर्मा के लक्षण प्रारंभिक अवस्था में नजर आने लगते हैं, जो बॉडी के एक साइड व सेगमेंट में नजर आते हैं।

**गैर सेगमेंटल ल्यूकोडर्मा**

गैर सेगमेंटल ल्यूकोडर्मा डिस्कलरेशन के साथ शॉर्टलिव बर्स्ट होता है। यह बॉडी के दोनों साइड को इफेक्ट करता है।

**ल्यूकोडर्मा का उपचार**

त्वचा विशेषज्ञ बताते हैं कि ल्यूकोडर्मा का कोई स्थायी उपचार उपलब्ध नहीं है, लेकिन उपचार के जरिए प्रभावित एरिया पर अपीयरेंस में सुधार किया जाता है। इस बीमारी के उपचार के लिए लाइट थेरेपी, दवा और सर्जरी तीन प्रमुख विकल्प मौजूद हैं।

**ल्यूकोडर्मा की रोकथाम**

त्वचा विशेषज्ञों के अनुसार, ऐसे कई तरीके हैं, जिनकी मदद से ल्यूकोडर्मा से बचाव संभव है। मसलन, केमिकल्स व सूरज के संपर्क में कम आना व तनाव से खुद को दूर रखकर ल्यूकोडर्मा से बचाव किया जा सकता है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# आखिर लड़कियों की किन बात से चिढ़ते हैं लड़के



**अंकिता**



**लड़कियों** को इंप्रेस करने के लिए लड़के कई तरह के हथकंडे अपनाते हैं। लड़कों के बारे में एक चीज बड़ी बदनाम हैं कि वे हमेशा लड़कियों के पीछे लार टपकाये घूमते रहते हैं। यदि कोई खुबसूरत लड़की प्यार से बात कर ले तो वे बहुत जल्दी पिघल जाते हैं। लेकिन लड़कियों की कुछ आदतें ऐसी होती हैं जिनसे वह जरूर चिढ़ते हैं। जो अक्सर लड़कों को परेशान कर देती हैं। आइये जाते हैं...

**धोखाः** कुछ लड़कियां ऐसी भी होती हैं जो बेहतर लड़का मिलने पर अपने बॉयफ्रेंड को छोड़ देती हैं। या किसी और मामले में अपने मतलब के लिए लड़कों को धोखा देने से परहेज नहीं करती हैं। लड़कों को धोखे से सबसे ज्यादा नफरत होती हैं। यदि किसी लड़की ने उन्हें धोखा दिया तो वो उनसे बातचीत भी नहीं करते हैं। उन्हें उस लड़की से नफरत सी हो जाती हैं।

**अकड़ू और रौबदार लड़कियांः** इस बात में कोई शकनहीं कि लड़कियां नखरे और एटीट्युड दिखाती हैं लड़के उस लड़की से दूर भागते हैं, जो प्रकृति के नखरे और नखरे दिखाती है। लड़कों को यह पसंद नहीं है कि कोई लड़की उन पर हावी हो रही है। जो लड़के खुद को अधिक ओवरस्मार्ट दिखाने की कोशिश करते हैं, वे भी उन्हें नापसंद करते हैं। **मतलब से बात करना :** कुछ लड़कियां बड़ी मतलबी भी होती हैं। वे सिर्फ अपने मतलब के लिए लड़कों का इस्तेमाल करती हैं। उदाहरण के लिए अपने खर्चे निकालने के लिए ही कुछ लड़कियां बॉयफ्रेंड बना लेती हैं। वहीं कुछ काम पड़ने पर ही लड़कों को याद करती हैं। ऐसी मतलबी लड़की से लड़के बहुत चिढ़ते हैं। वे उनकी मदद करने में भी हिचकिचाने लगते हैं। कई बार उन्हें पूरी तरह इग्नोर भी करते हैं।

**हर बात पर रोने वाली लड़कियांः** लड़के ऐसी लड़कियों से दूर रहना पसंद करते हैं जो बहुत भावुक होती हैं। ऐसी लड़कियां छोटी-छोटी बातों पर भावुक हो जाती हैं और रोने लगती हैं। चाहे सुख हो या दुख, उन्हें बस रोने का मौका चाहिए। लड़कों को लगता है कि ऐसी लड़कियों के पास शिकायतों का एक बड़ा बंडल होता है, जो वे हमेशा अपने रोनी सूरत से बताती हैं। ऐसी लड़कियों से लड़के बहुत चिढ़ते हैं।

**बात बात में कमियां निकालनाः** कुछ लड़कियों की आदत होती है कि वह अपने ब्वॉयफ्रेंड के मां बाप, रिश्तेदारो और दोस्तों में कुछ न कुछ कमियां निकाल देती हैं। जैसे किसी के कपड़ों को लेकर तो किसी के खाना खाने के तरीके को लेकर। मगर लड़कियों की यह आदत उन्हें इरिटेट कर देती हैं।

**पूंजी का असमान वितरण**



साभार कॉटन मूवमेंट

## स्पीड न्यूज

### नीयो क्यू एलइडी मॉडल लांच




रामगढ़। चट्टी बाजार स्थित शुभम एजेंसी में सेमसेंग एलईडी के नीयो क्यू एलईडी मॉडल का लांच किया गया। मौके पर सेमसंग कंपनी के एएसएम मोहित सांडिल,आरएसओ प्रफुल सिंह, मार्केटिंग मैनेजर आरिफ नवाज, शुभम एजेंसी सेमसंग प्लाजा रामगढ़ के संजय कुमार दांगी ने सेमसंग कंपनी के नीयो क्यू एलईडी मॉडल को संयुक्त रूप से लांच किया। कंपनी के एएसएम मोहित सांडिल ने कहा कि सेमसंग कंपनी के इस मॉडल को बनाने में लेटेस्ट टेक्नॉलॉजी का प्रयोग किया गया। जिससे ग्राहकों को एलईडी के इस मॉडल में बेहतर पिक्चर क्वालिटी मिल पाएगी। वहीं, शुभम एजेंसी सेमसंग प्लाजा रामगढ़ के संजय कुमार दांगी ने कहा की सेमसेंग एलईडी के नीयो क्यू एलईडी मॉडल के 50 ईंच की कीमत 1 लाख 41 हजार रूपए है। जबकि नीयो क्यू एलईडी मॉडल 55 ईंच की कीमत 1 लाख 77 हजार रूपए है। उन्होंने कहा की ग्राहक कंपनी के इस मॉडल की खरीदारी करें। इसमें उन्हें अबतक की सबसे बेहतर पिक्चर क्वालिटी देखने को मिलेगी। मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### बच्चों की सफलता ही संस्था की पहचान : रत्नेश



भुरकुंडा (रामगढ़)। रिवर साइड और पटेलनगर भुरकुंडा स्तिथ एस्पायर कोचिंग सेंटर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए पूरे रामगढ़ जिला में नंबर वन संस्थान बन गया है। यही कारण है कि 11 से 12 साल के जर्नी में एस्पायर कोचिंग सेंटर के लगभग 600 से 700 विद्यार्थियों ने सरकारी और गैर सरकारी नौकरियां पाई है। संस्थान द्वारा ली जा रही वीकली टेस्ट, स्टडी मैटेरियल और अनुभव शिक्षकों की टीम विद्यार्थियों के लिए रामबाण बना है। कोचिंग के 10 साल के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए संस्था के निदेशक रत्नेश कुमार ने कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी होती है, मेहनत और कठिन परिश्रम के बल पर हर मुकाम को पाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता ही संस्था की पहचान और उद्देश्य भी है। निदेशक श्री कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता से बड़ा गुरुओं के लिए कोई और उपहार नहीं हो सकता। एस्पायर कोचिंग सेंटर का शुरू से ही बच्चों को बेहतर शिक्षा देकर उनका भविष्य संवारना लक्ष्य रहा है। रत्नेश कुमार ने कहा कि आर्थिक तंगी के कारण किसी विद्यार्थी की पढ़ाई बाधित ना हो संस्था परिवार इसका भी पूरा ख्याल रखता है। बच्चे देश के भविष्य होते हैं इसलिए इनका सर्वांगीण विकास जरूरी है। संस्था परिवार बच्चों को बेहतर से बेहतर शिक्षा देने के प्रति कटिबद्ध है। वर्तमान समय में दी जाने वाली शिक्षा के लिए संस्था परिवार हर सार्थक कदम उठाता रहेगा। वहीं सफल विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं छात्र-छात्राओं को मोटिवेट करते हुए कहा की गुरुओं के मार्गदर्शन में चलकर कठिन परिश्रम की जाए तो सफलता जरूर मिलती है। विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण का तैयारी करनी चाहिए।

### जीएम को सौंपा चार सूत्री मांग पत्र



भुरकुंडा (रामगढ़)। बैष्णवी लेवर्स एंड वेलफेयर एसोसिएशन पतरातू के सदस्यों ने शुक्रवार को सीसीएल महाप्रबंधक को मांग पत्र सौंपा। बैष्णवी लेवर्स एंड वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष सह पुर्व मुखिया जितेंद्र मुंडा, बलकुदरा पंचायत के मुखिया विजय मुंडा एवं सुबोध ठाकुर द्वारा बरका सयाल जीएम अजय सिंह को सौंपे गए चार सुत्री मांग पत्र में सीसीएल क्षेत्र से निकलने वाले कोयला का 75 प्रतिशत विस्थापित एवं प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा हेंड लोडिंग के जरिए कार्य कराने, सीसीएल सीएसआर विभाग से होने वाले कार्य विस्थापित प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों में कराने, सीसीएल क्षेत्र में होने वाले ठेका पट्टा का काम विस्थापित क्षेत्र के संवेदक को देने और सीसीएल द्वारा निशुल्क प्रशिक्षण एवं निशुल्क शिक्षा की व्यवस्था कराने की मांग की गई है।

### छोटे भाई की हत्या करने वाले बड़े भाई को आजीवन कारावास की सजा

रामगढ़। पारिवारिक विवाद में छोटे भाई की हत्या करने वाले बड़े भाई को रामगढ़ कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। शनिवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बृजेश कुमार गौतम ने बासल थाना क्षेत्र में हुई इस वारदात पर फैसला सुनाया है। लोक अभियोजक आर बी राय ने बताया कि आठ अगस्त 2021 को विनोद उरांव ने अपने छोटे भाई सुलेन्द्र उरांव की हत्या कर दी थी। इस मामले में मृतक के बूढ़े बाप सावना उरांव ने अपने ही बड़े बेटे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उसने पुलिस को यह बताया था कि पारिवारिक विवाद के कारण उनका बड़ा बेटा विनोद उरांव काफी गुस्से में था। उसको समझाने के लिए सावना उरांव ने अपने मंझले बेटे वीरेंद्र उरांव और छोटे बेटे सुलेन्द्र उरांव को साथ में रखा था। सावना उरांव ने पुलिस को यह बताया था कि उन सभी लोगों ने मिलकर विनोद उरांव को समझाया और मामला शांत भी हो गया था।लेकिन इसके बाद अचानक विनोद उरांव उनके पास से निकला और वह घर से लोहे का सबल लेकर आया और उसने सीधे सुलेन्द्र उरांव के सिर पर हमला कर दिया, इसके बाद उसने वीरेंद्र उरांव को भी मारने का प्रयास किया। लेकिन वह बच कर भाग निकला। लोहे की रॉड से सर पर चोट लगने की वजह से सुलेन्द्र उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे लोग अस्पताल ले जाना चाह रहे थे कि इसी दौरान उसकी मौत भी हो गई थी। कोर्ट ने धारा 302 के तहत विनोद उरांव को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है साथ ही उसे 25000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है।



### 111 अग्निवीरों ली देश सेवा की शपथ

रामगढ़। पंजाब रेजीमेंट सेंटर के किलाहारी ड्रिल सक्वायर में शनिवार को अटेस्टेशन परेड का आयोजन किया गया। इसमें सेंटर की अग्निवीर-1 कोर्स के 111 रिक्रूटस ने भाग लिया। भर्ती हुए प्रशिक्षु 24 माह का चुनौतीपूर्ण व कठिन प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत दुश्मन से लोहा लेने के लिए तैयार हैं। जवानों ने पवित्र श्रीमदभागवत गीता और गुरु ग्रंथ साहिब को साक्षी मानकर और राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के समक्ष मरते दम तक देश व रेजीमेंट के लिए देश सेवा करने की शपथ ली।

# रामगढ़ के हर पंचायत में खुलेगा प्रज्ञा केंद्र

## डीसी ने कई विभागों की समीक्षा की, दिये कई निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** डीसी माधवी मिश्रा ने विकास कार्यों को लेकर शनिवार को समीक्षा बैठक की। इस दौरान पंचायतों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा के क्रम में डीसी ने ग्रामीणों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक पंचायत में कम से कम एक प्रज्ञा केंद्र संचालित करने का निर्देश दिया। डीसी ने पंचायत भवन में विद्युत आपूर्ति सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। समाज कल्याण विभाग की ओर से किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने आंगनवाड़ी केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना के तहत शत-प्रतिशत योग्य बच्चियों-युवतियों को योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया।

**योग्य बच्चों को मिले छात्रवृत्ति :** कल्याण विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत प्राप्त आवंटन के आलोक में सभी योग्य बच्चों को लाभ देने का निर्देश दिया। वहीं, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को योजना से जोड़ने का निर्देश दिया।

सामाजिक सुरक्षा शाखा द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने प्रभारी पदाधिकारी सामाजिक सुरक्षा शाखा को पुनः सर्वे करवाते हुए जिले के प्रत्येक योग्य लाभुक को पेंशन योजनाओं से जोड़ने का निर्देश दिया। डीसी ने दिव्यांग पेंशन पर विशेष ध्यान देते हुए योजनाबद्ध तरीके से दिव्यांगों को पेंशन योजना का लाभ देने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर डीसी ने सिविल सर्जन को दिव्यांगों को प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिए आयोजित किए जाने वाले शिविर के दौरान प्रभारी पदाधिकारी सामाजिक सुरक्षा शाखा से समन्वय करते हुए दिव्यांग पेंशन का लाभ देने का निर्देश दिया।

**जल्द पूरा करें ईकेवाईसी :** कृषि एवं अन्य संबद्ध विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने किसानों के साथ-साथ पशुपालन व कृषि संबंधित अन्य कार्यों के लाभुकों को शत-प्रतिशत केसीसी से आच्छादित करने का निर्देश दिया। वहीं, झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के तहत शेष लाभुकों को लाभान्वित करने के लिए ईकेवाईसी का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के दौरान डीसी ने सिविल सर्जन से पीएम भीम योजना के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। जिसके उपरांत डीसी ने सभी प्रक्रिया पूर्ण करते हुए जल्द से जल्द अर्बन हेल्थ एंड वैलनेस केंद्रों का निर्माण शुरू करने का निर्देश दिया। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने बिरसा हरित ग्राम योजना एवं बिरसा कूप संवर्धन योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। वहीं, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास योजना सहित अन्य आवास योजनाओं की समीक्षा के क्रम में डीसी ने ससमय लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया। पोटो हो खेल विकास योजना की समीक्षा के क्रम में डीसी ने सभी संबंधित अधिकारियों को इस पर विशेष ध्यान देते हुए जल्द से जल्द लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया।

### पल्स पोलियो अभियान दो जुलाई से चलेगा

**रामगढ़।** पल्स पोलियो अभियान के तहत शनिवार को उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। डब्लूएचओ से डॉ अमोल द्वारा पीपीटी के माध्यम से, पोलिओ, खासरा एवं रुबेला, नियमित टीकाकरण सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार द्वारा उप विकास आयुक्त सहित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी कि पल्स पोलियो अभियान 2 जुलाई से 4 जुलाई तक चलेगा। 2 जुलाई को अभिभावक बूथ पर जाकर अपने बच्चे को पोलियो की खुराक पिला सकते हैं। वहीं, 3 एवं 4 जुलाई को सहियाओं व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का कार्य किया जाएगा। साथ ही उन्होंने बताया कि पल्स पोलियो अभियान के तहत जिले के लगभग 1लाख 72 हजार 146 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जानी है। उप विकास आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को पल्स पोलियो अभियान को रामगढ़ जिले में सफल बनाने के मद्देनजर आवश्यक निर्देश दिए।उन्होंने माइक्रो प्लान बनाकर योजनाबद्ध तरीके से शत-प्रतिशत बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का निर्देश दिया। उन्होंने अभियान में कार्य करने वाले कर्मियों को प्रशिक्षण देने एवं किसी भी तरह की दुविधा को दूर करने का निर्देश दिया।

### पानी की समस्या दूर नहीं हुई तो होगा आंदोलन : डॉ. आशीष

भुरकुंडा (रामगढ़)। झारखंड सरकार द्वारा नल जल योजना के तहत बन रहे टंकी का निर्माण अभी तक नहीं होने से केके कोलियरी में पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है। पिछले 6 माह से पेयजलापूर्ति को ले केके कोलियरी में त्राहिमाम मचा हुआ है। इस भीष्ण गर्मी में झारखंड सरकार की जल नल योजना पूरी तरह से फेल हो चुकी है। लोग पानी की समस्या से त्राहिमाम हैं। उक्त बातें कोल माइंस वर्कर्स यूनियन के बरका-सयाल क्षेत्रीय सचिव सह ऑल झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार ने प्रेस बयान जारी कर कही। उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र प्रेषित कर पतरातू प्रखंड अंतर्गत सीसीएल सौंदा एके कोलियरी पंचायत के नकारी कॉलोनी, सेंट्रल सौंदा, सयाल पंचायत को जल नल योजना के तहत सुचारू रूप से पेयजलापूर्ति कराने की मांग की है। श्री कुमार ने कहा है कि कोयलांचल की जनता बूंद बूंद पीने के लिए तरस रही। लेकिन झारखंड सरकार सहित स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद और हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा के उदासीन रवैया के कारण लोग इस भीष्ण गर्मी में पानी की समस्या से जुझ रहे हैं। रामगढ़ जिला उपायुक्त मुख दर्शक बनी हुई है। झारखंड सरकार द्वारा केके कोलियरी में जल नल योजना को ले बनाया जा रहा टंकी का काम अभी तक पूरा नहीं हुआ नहीं हुआ है। अभी तक न तो पाइपलाइन बिछाया गया और ना ही टंकी का काम पूरा किया गया। इससे ग्रामीणों में आक्रोश का माहौल है। उन्होंने बताया कि पूरे पंचायत में इस योजना के तहत घर-घर तक पानी देना था। लेकिन छह माह बीत जाने के बाद भी कार्य पूरा नहीं होने के कारण लोग पानी की समस्या से जुझ रहे हैं।

## 22 दिन ही काम करेंगे ठेका श्रमिक



**एसआरयू में प्रबंधन के साथ वार्ता करते सांसद जयंत सिन्हा।**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुजू।** रॉ - मेटेरियल को लेकर रांची रोड स्थित सेल रिफेक्ट्री यूनिट (एसआरयू) में उभरे विवाद को लेकर पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत शनिवार को कंपनी के कॉन्फ्रेंस हॉल में वार्ता आयोजित की गई। वार्ता में सांसद जयंत सिन्हा, प्रबंधन की ओर से महाप्रबंधक अनु बिंदा मोहंती, उप महाप्रबंधक आनंद कुमार सिन्हा के अलावे ठेका श्रमिक शामिल हुए। वार्ता के दौरान रॉ - मेटेरियल का अभाव को दशार्या गया। साथ ही निर्णय लिया गया कि रॉ - मेटेरियल के आने तक तक पूर्व की भांति सप्लायर मजदूर को छोड़कर ठेका श्रमिक शनिवार और रविवार को छुट्टी में रहेंगे। बाकी बचे 22 दिन ठेका श्रमिक यथावत अपने काम करते रहेंगे। इसके बाद ठेका श्रमिकों ने सांसद के समक्ष अपनी समस्याएं रखी। जिस पर उन्होंने जल्द दूर करने का आश्वासन दिया। बाद में उन्होंने अधिकारियों के साथ फैक्ट्री गए और कार्यों के संदर्भ में जानकारी प्राप्त की। उल्लेखनीय हो कि रॉ-मेटेरियल के अभाव के कारण पिछले दिनों प्रबंधन द्वारा ठेका श्रमिकों को गेट में घुसने से रोक दिया गया था। जिससे नाराज श्रमिकों ने भी गेट को जाम करते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को आने जाने रोक दिया था। बाद में सांसद के पहल पर मामला शांत हुआ था। वार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, महामंत्री रंजन सिंह फौजी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी, प्रकाश मिश्रा,रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, नगर परिषद मंडल अध्यक्ष मनोज गिरी, उपाध्यक्ष संजय शाह, एजेएसएस के नरेश प्रसाद साहू, उत्पल मुखर्जी, सुबोध प्रसाद, कमलेश बेदिया के अलावे बड़ी संख्या में ठेका श्रमिक मौजूद थे।

## जंबुआ जंगल में धड़ल्ले से हो रही पेड़ों की कटाई

### वन विभाग ने अब तक नहीं दिया ध्यान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**विष्णुगढ़।** पर्यावरण की सुरक्षा में अहम भूमिका निभाने वाले हरे-भरे पेड़- पौधे तमाम कवायदों के बाद भी दिन प्रतिदिन कम होते जा रहे हैं कारण, वन विभाग की घोर लापरवाही हावी है। विभागीय उदासीनता का परिणाम है कि हरे भरे पेड़- पौधों की बेखौफ कटाई की जा रही है। जितने पेड़ कट रहे, उसकी तुलना में पौधारोपण व पेड़ों का संरक्षण बिल्कुल नहीं हो रहा है।

यह मामला सोतिया नदी के ऊपर स्थित जंबुआ जाने वाले रास्ते के दोनों किनारों में स्थित जंगलों का है। वनकटुओं के हौसले इतने बुलंद है कि यह वन विभाग की आंखों में धूल झोंक कर अवैध कटाई को प्रत्येक दिन अंजाम दे रहे हैं। प्रातः भ्रमण में निकले विवेक कुमार,रोहित वर्मा,राजु वर्मा राहुल भारती, सुखदेव कुमार,गोपाल कुमार,अशोक साहु,राज कुमार सागर आदि कुछ युवकों की नजर जब कटे हुए कुछ पेड़ो पर पड़ी तो इन युवकों को काफी निराशा हुई। इन लोगों ने बताया कि बहुत सारे पेड़ का कटा हुआ हिस्सा जंगल में ही छोड़ा हुआ मिला। ऐसा आए दिन रोज होते रहता है कुछ लोग जंगलों में पेड़ों को काटकर इसी तरह छोड़ देते हैं और जब वह सूखता है तो उसे ले जाते हैं।

कुछ दिन पूर्व भी इस तरह की खबरें समाचार पत्र में प्रकाशित किया गया था। लेकिन बड़े अफसोस की बात है कि वन विभाग के अधिकारियों के द्वारा अबतक इस क्षेत्र के तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया और अभी भी इन जंगलों में पेड़ों- पौधों की कटाई निरंतर जारी है उसके बाद भी जो पेड़ के नए-नए कपोले निकल रहे हैं वे भी अत्यधिक पशुओं के चराई के कारण जानवर उसे सफाचट कर जाते हैं और कुछ लोग दातुन, पल्हा और अपने बारियो को घेरने के लिए पेड़ों को काटकर गिरा देते हैं जिसके कारण भी दिन-प्रतिदिन पेड़- पौधों की हरियाली कम होते जा रही है अगर यह सिलसिला निरंतर चलता रहा तो फिर आने वाले दिनों में ये हरा-भरा दिखने वाला ये जंगल पूरी तरह से खत्म हो जायेगा और शेष कुछ भी नहीं बचेगा फिर लोग सुद्ध हवा के लिए तरस जाएंगे। इसलिये हमलोग सभी तमाम वन विभाग के अधिकारियों से अपील करते है की पेड़ों -पौधों की कटाई रोकी जाए ताकि हरियाली का यह क्षेत्र सर्वदा हरा भरा दिखे।

## एक नजर में

### सावंत ने जयशंकर पाठक को दी बधाई



**कटकमदाग।** धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किए जयशंकर पाठक को राँची अशोक नगर स्थित आवास पर बुके देकर बधाई दिए समाज सेवी राम किशोर सावंत एवं खपरियावाँ के पूर्व मुखिया मंजू मिश्रा ने उनके उजवल भविष्य कि कामना भी किए।

### बैक टू स्कूल कैंपेन को लेकर बैठक कल

**हजारीबाग।** स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के निर्देश पर झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वावधान में बैक टू स्कूल कैंपेन का आयोजन उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में सोमवार को नगर भवन में आयोजित होगा। ड्रॉपआउट बच्चों को स्कूल जा रहे बच्चों की बराबरी पर लाने के लिए यह कैंपेन महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विगत कई वर्षों में विभिन्न गतिविधियों के जरिए ड्रॉपआउट बच्चों को स्कूलों से जोड़ने की कवायद की जा रही है। लेकिन इसमें अपेक्षित सफलता हासिल नहीं पाई है। ऐसे में कैंपेन के जरिए झारखंड में ड्रॉपआउट बच्चों को एक बार फिर स्कूलों से जोड़ा जाएगा। बता दें कि समग्र शिक्षा अभियान के तहत छह से 18 आयु वर्ग के बच्चों की विद्यालयी शिक्षा पूर्ण कराना मुख्य लक्ष्य है। बैठक के माध्यम से यह प्रयास किया जाएगा कि किस प्रकार स्कूलों में बच्चों का नामांकन व ठहराव को सुनिश्चित किया जा सके। बहरहाल बच्चों को विद्यालय में वापस लाना और नियमित उपस्थिति बनाए रखना विभाग के लिए चुनौती होगी। इस दिशा में नगर भवन में आयोजित होने वाली बैठक महत्वपूर्ण मानी जा रही है। कार्यक्रम में डीईओ व डीएसई भी उपस्थित रहेंगे।

### वरीयता सूची में संशोधन की डीसी से मांग

**हजारीबाग।** उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला शिक्षा स्थापना समिति व जिला शिक्षा अधीक्षक से झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने विभिन्न ग्रेडों में पदोन्नति हेतू प्रकाशित वरीयता सूची में संशोधन की मांग रखी है। बता दें विगत छह जून को वरीयता सूची प्रकाशित की गई थी। संघ के जिलाध्यक्ष मो अतीकुज्जमा द्वारा उपायुक्त को लिखे गए पत्र में उन्होंने बताया कि वरीयता सूची के निर्माण में प्रतियोगिता परीक्षा के मेघा क्रमांक को ध्यान में रखा गया है। लेकिन विभिन्न श्रेणियों के लिए मेघा क्रमांक अलग-अलग हैं। उन्होंने मांग की है कि एससी व एसटी श्रेणियों में चयनित शिक्षकों की वरीयता सूची का निर्माण समान्य श्रेणी में चयनित शिक्षकों से अलग किया जाना चाहिए। साथ ही बीसी व एमबीसी में चयनित शिक्षकों को वरीयता सूची में समान्य श्रेणी में चयनित शिक्षकों के बाद रखा जाना चाहिए। कहा कि एससी व एसटी शिक्षकों के लिए ग्रेड-फोर में पदोन्नति हेतु अलग वरीयता सूची का निर्माण किया जाए। क्योंकि इनके पदोन्नति में आरक्षण लागू है। समान्य श्रेणी में चयनित शिक्षकों को उनकी मेघा क्रमांक के अनुरूप वरीयता निर्धारित किया जाए। इसके बाद बीसी व एमबीसी श्रेणी में चयनित शिक्षकों को उनकी श्रेणी के मेघा क्रमांक के अनुरूप वरीयता का निर्धारण कर पुन: वरीयता सूची के प्रकाशन की मांग की है।

### मजदूर यूनियन की आम सभा संपन्न

**हजारीबाग।** भारतीय कर्मचारी मजदूर यूनियन की आम सभा की बैठक संपन्न हुई। जिसमें नगर निगम यूनियन अध्यक्ष विवेक कुमार वाल्मीकि ने वर्षों से कार्यरत सफाई कर्मचारियों को स्थाई करण करने को लेकर आवाज उठाई। वाल्मीकि ने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा नगर निकायों में सफाई कर्मचारियों का पद को विलोपित कर देना यह सरासर सफाई कर्मचारियों के साथ अन्याय हैं। नगर निकायों में सबसे पहले प्राथमिकता सफाई कर्मचारियों को ही मिलना चाहिए बिना सफाई कर्मचारियों के नगरपालिका ओं का कोई अस्तित्व नहीं है। सरकार की गलत नीति को लेकर झारखंड के तमाम नगर निकायों के सफाई कर्मचारियों में काफी आक्रोश है। रांची नगर निगम महासंघ के द्वारा पूरे झारखंड के नगर निकायों को एकजुट होने का आह्वान किया है और बहुत जल्द रांची नगर निगम महासंघ के द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर राजभवन का घेराव किया जाएगा । लेकर नगर निगम हजारीबाग के सभी कर्मचारियों ने अपना समर्थन दिया है।

### टी-20 नॉकआउट टूर्नामेंट का फाइनल संपन्न



**बरही।** बरही स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सौजन्य से आशुतोष आदित्य मेमोरियल टी मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच बरही प्रखंड मैदान में खेला गया।बीएसए बरही व इनक्रेडिबल टीम के बीच फाइनल मैच सम्पन्न हुआ। इनक्रेडिबल की टीम टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। इनक्रेडिबल टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 18 ओवर में सभी विकेट खोकर 151 रन बना पाई। जवाबी पारी खेलने उतरी बीएसए बरही ने 19 ओवर में 4 विकेट खोकर लक्ष्य की प्राप्ति कर लिया। मैन ऑफ द मैच अमन कुमार 95 रन बनाकर बनें। निर्णायक की भूमिका अनिल कुमार, सूरज कुमार, स्कोरर ऋषि कुमार व कमेंटेटर अर्णव कुमार ने निभाया। बतौर मुख्य अतिथि एसडीओ पूनम कुजुर, एसडीपीओ नाजिर अख्तर, सीओ अरविन्द देवाशीष टोप्पो शामिल हुए। एसडीओ पूनम कुजुर व एसडीपीओ नाजिर अख्तर ने खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि खिलाड़ी खेल में अनुशासन को बनाये रखें, जीत हार एक ही सिक्के के दो पहलू है। उन्होंने बरही स्पोर्ट्स एसोसिएशन की तारीफ करते हुए कहा कि संस्था खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास को लेकर कई काम कर रहा है। बरही जैसे छोटे शहर में बच्चियों के बीच इतना शानदार खेल होना उनके प्रतिस्पर्धा को निखारने का काम कर रहा है।इसके लिए बीएसए के संरक्षक अब्दुल मन्नान को आभार है। मैच को सफल बनाने में सचिव बलराम केशरी, राजेश कुमार यादव, प्रवीण कुमार, संतोष शर्मा, बसंत ठाकुर, अमित कुमार यादव, प्यारेलाल यादव शामिल थे।

### महिला सुरक्षा कर्मी की इलाज के दौरान मौत

रामगढ। सीसीएल सिरका कोलियरी में ड्यूटी के दौरान महिला सुरक्षा कर्मी मानो देवी की तबियत बिगड़ गई थी, जिसकी मौत शुक्रवार को ईलाज के दौरान हो गई। महिला सुरक्षा कर्मी की मौत की घटना के बाद उसके परिजनों व ग्रामीणों ने शनिवार को मृतक का शव को लेकर सिरका खुली खदान पहुंचे। मृतक के आश्रित को नौकरी और मुआवजा देने की मांग को खदान के पास शव को रखकर नारेबाजी की। इस दौरान ग्रामीणों ने सिरका खुली खदान का उत्पादन पूरी तरह ठप्प करा दिया। घटना के सम्बंध में मृतक मानो देवी की बेटी रेशमा ने बताया कि उसकी माता मानो देवी को ड्यूटी के दौरान गुरुवार को चक्कर आ जाने के कारण गिर गई। परिजनों ने उसे उठाकर ईलाज के लिए नईसराय अस्पताल ले गए। वहां से उसे सेम्फोर्ड अस्पताल बेहतर ईलाज के लिए भेजा गया। जहां ईलाज के दौरान शुक्रवार को उसकी मौत हो गई।

## स्पीड न्यूज

### लोहरदगा में लगा नि:शुल्क मेगा हेल्थ



**लोहरदगा।** सदर प्रखंड में कल्याण अस्पताल हेसल बसारडीह संचालित विकास भारती बिशुनपुर ने रामप्यारी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल रांची के सहयोग से कल्याण अस्पताल बाजार डिश में एक दिवसीय नि:शुल्क मेगा हेल्थ कैंप लगा। जिसमें लोहरदगा, लातेहार, रांची जिले के विभिन्न गांव से सैकड़ों मरीजों का नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच, पैथोलॉजिकल जांच एवं निशुल्क दवा दिया गया। शिविर में डॉ शैलेंद्र शुक्ला एमबीबीएस यूरोलॉजिस्ट, मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ हरेंद्र कुमार एमबीबीएस जनरल फिजिशियन, डॉ आशीष कुमार दंत रोग विशेषज्ञ, कल्याण अस्पताल के नियमित चिकित्सक जनरल फिजिशियन डॉ सतीश सिन्हा, डॉ अलीशा टोप्पो ने सैकड़ों ग्रामीण मरीजों को नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श दिया। मौके पर रामप्यारी अस्पताल रांची के विपिन चौहान, कल्याण अस्पताल बसारडीह के लाइजनिंग मैनेजर राजीव रंजन, प्रबंधक प्रणव पाठक समेत कई लोगों की अहम भूमिका रही।

### मात्स्यिकी विज्ञान कॉलेज के शिक्षकों ने की बाजार में बिकनेवाली मछली की जांच



**गुमला।** मात्स्यिकी विज्ञान कॉलेज के सहायक प्राध्यापकों सुश्री कस्तूरी चट्टोपाध्याय एवं डॉ प्रशांत जाना और संस्थान के कर्मचारी संजय नाथ पाठक के सहयोग से गुमला बाजार में बिक रही मछलियों की गुणवत्ता की जांच की है। यह जांच कॉलेज के सह अधिष्ठाता डॉ एके सिंह के मार्गदर्शन में किया गया है। कॉलेज के प्राध्यापकों ने एक प्रमाणित वैज्ञानिक पद्धति, रैपिड फोर्मलिन टेस्ट किट की मदद से बाजार में उपलब्ध मछलियों में फोर्मलिन की जांच की है। खुशी की बात यह है की उनके जांच के दौरान किसी भी नमूनों में फोर्मलिन की उपस्थिति नहीं पायी गयी। गुमला बाजार की मछलियां लोगों के लिए सुरक्षित एवं खाने योग्य है।

### कार्तिक उरांव के समाधि स्थल लिट्टा टोली में कल होगा जय भारत सत्याग्रह



**गुमला।** 19 जून को कांग्रेस के जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम की तैयारी को लेकर शनिवार को जिलाध्यक्ष चैतु उरांव की अध्यक्षता में पार्टी नेताओं की बैठक स्थानीय परिसदन में हुई। 19 को लिट्टा टोली स्थित बाबा कार्तिक उरांव के समाधि स्थल पर जय भारत सत्यग्राह कार्यक्रम होगा। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 19 जून को पूर्वाह्न 11 से 2 बजे तक बाबा कार्तिक उरांव के समाधि स्थल पर कार्यक्रम होगा। साथ ही 22 को चैनपुर प्रखंड के कुमुद बागान में जारी व चैनपुर प्रखंड का प्रखंड स्तरीय कार्यसमिति की बैठक होगी। 23 डुमरी प्रखंड में रविंद्र बगान में कार्यक्रम होना है। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव रहेंगे। मौके पर आशिक अंसारी, अकिल रहमान, रमेश कुमार चीनी, खुदी भगत दुखी, महेश अगस्टिन कुजुर, सुधीर कुजुर, राजीव रंजन महतो, इबरार अंसारी, सागिर अली, मो सदाब, भैयाराम उरांव आदि भी थे।

### लघु सिंचाई विभाग से निकले छह करोड़ की निविदा का संवेदक संघ का बहिष्कार

**गुमला।** गुमला जिला संवेदक संघ के द्वारा शनिवार को लघु सिंचाई प्रमंडल गुमला के द्वारा निकाली गई लगभग छः करोड कि निविदा का बहिष्कार कर अपने घोषणा व मांगों पर अडिग दिखी। 30 जून तक जिले के सभी निविदा का बहिष्कार करने का निर्णय गुमला जिला संवेउदक संघ ने लिया है। संघ के सदस्यों ने कहा कि यह बहिष्कार दर्शाता है कि संवेदकों के बीच जो समस्या है उससे सभी आहत और मजबूर है। ज्ञात हो कि लगभग 80 करोड़ रूपये का कार्य जिले के संवेदकों के द्वारा किया गया है। लेकिन उनको भुगतान नहीं किया जा रहा है। भुगतान नहीं होने से बहिष्कार का निर्णय लिया गया।

### प्रशिक्षु आइएएस अधिकारियों की छह सदस्यीय टीम ने किया अध्ययन



**गुमला।** प्रशिक्षु आईएएस की 6 सदस्यीय टीम ने गुमला जिले का दौरा किया। 2 दिनों के लिए आए 2021 बैच के आईएएस की टीम ने जिले में हुए बेहतरीन कार्यों का अध्ययन किया। इस टीम के सदस्यों ने अपनी पहली मीटिंग में जिले के प्रमुख अधिकारियों से मुलाकात की। जहां उन्होंने जिले में चल रहे प्रोजेक्ट्स के बारे में विस्तृत जानकारी मिली। टीम का नेतृत्व कर रहे जिले के वरीय अधिकारी सहायक समाहर्ता आशीष गंगवार (आईएएस) ने बताया कि भारत के प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों को उनके ट्रेनिंग के दौरान विभिन्न उत्कृष्ट जिलों में अध्ययन के लिए भेजा जाता है जो जिला किसी न किसी बेहतरीन कार्य के लिए चर्चा में है। शनिवार को प्रातः काल ही अधिकारियों ने सीलम स्थित बाल संप्रेक्षण गृह, वृद्धाश्रम, मूक बधिर विद्यालय एवं छात्रावास, नारी निकेतन आदि का दौरा किया इस दौरान उन्होंने पौधारोपण भी किया।

### विद्यार्थी कड़ी मेहनत कर समाज के विकास में अपना योगदान दें: बीडीओ



**घाघरा।** चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल रन्हे घाघरा के द्वारा शनिवार को प्रखंड स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में अतिथि के रूप में बीडीओ विष्णुदेव कच्छप, प्रखंड प्रमुख सविता देवी, सीओ प्रणव ऋतुराज, विधायक प्रतिनिधि संजीव उरांव ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मौके पर बीडीओ बिष्णुदेव कच्छप ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों ने जो कड़ी मेहनत की है। उसका एक छोटा सा फल आज सम्मान समारोह में आपको सम्मानित होने का मौका मिला और कड़ी मेहनत कर के समाज के उत्थान के लिए बेहतर कर दिखाना है।

# लोहरदगा जिले में शीघ्र बनाये जायेंगे 69 आंगनबाड़ी केंद्र

- डीसी ने की सभी विभागों के अधिकारियो के साथ समीक्षा बैठक, दिये गये कई आवश्यक निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** 16 जून को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ प्रोजेक्ट भवन, रांची में हुई बैठक के आलोक में शनिवार को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में सभी पदाधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में हुई।

बैठक में विभिन्न विभागों के आवश्यक निर्देश दिये गये। जुलाई की समाप्ति के पूर्व सभी छूटे हुए आंगनबाड़ी केंद्र जो अपने भवन में नहीं चल रहे हैं, डीएमएफटी मद से ऐसे कुल 69 भवनों के निर्माण हेतु निर्णय लिया गया। इन आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण हेतु ग्राम सभा से स्वीकृति लिये जाने का निर्देश दिया गया। पंचायती राज पदाधिकारी को सभी छूटे हुए ग्राम पंचायतों में लाभुक समिति का गठन अगले चार दिनों के अंदर कर लिये जाने का निर्देश दिया गया। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना में लाभान्वित लाभुकों की ऑनलाईन इंट्री से संबंधित आवश्यक निर्देश कल्याण विभाग को दिये गये।

सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में शिक्षा विभाग को निदेश दिया गया कि राज्य स्तर पर जुलाई माह में एक कार्यक्रम के अंतर्गत डीबीटी के माध्यम से लाभुकों को भुगतान किया जाना है। इसमें ऐसे योग्य लाभुकों की सूची तैयार कर लें जो उस समय तक योग्य लाभुक की सूची में आ जाएंगे। इसके लिए अभियान चलाये जाने का निर्देश जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को दिया गया।



बैठक करते डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण व उपस्थित अन्य।

मुख्यमंत्री पशुधन योजना अंतर्गत जिला पशुपालन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि पशुधन (गाय) की आपूर्ति के लिए नेशनल डेयरी डेवपमेंट बोर्ड से संपर्क करें ताकि पशुधन की आपूर्ति लाभुकों के बीच किया जा सके। छूटे हुए पशुधन की आपूर्ति एक सप्ताह में किये जाने का निर्देश दिया गया। साथ ही जिन लाभुकों का अंशदान बाकी है उनका अंशदान एक माह के अंदर जमा करने का निर्देश दिया गया। जिला गव्य विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि पशु बीमा का लाभ लेने के लिए होने वाले बीमा स्कीम में कितने लोगों ने क्लेम किया और कितने का सेटलमेंट किया गया, यह प्रतिवेदन समर्पित किये जाने का निर्देश दिया गया। सहायक निदेशक समाजिक सुरक्षा का निर्देश दिया गया कि अगर कोई व्यक्ति पेंशन योजना से वंचित है तो उसे पेंशन का लाभ दिलाने के लिए डोर-टू-डोर अभियान चलाया जाये।

### शत-प्रतिशत किसानों को मिले केसीसी का लाभ

सभी बीडीओ को वैसे किसानों का सत्यापन किये जाने का निदेश दिया गया जिन्हें किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) का लाभ अब तक नहीं मिला है और अगर आवश्यकता है तो केसीसी का फार्म भरवायें ताकि 100 प्रतिशत किसानों को केसीसी का लाभ मिल सके। बीडीओ और डीएओ को 20 जुलाई तक ऐसे किसानों का सर्टिफिकेशन कराने का निर्देश दिया गया। मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना में वैसे किसानों जो पलायन कर चुके हैं वैसे किसानों के सत्यापन के लिए इस माह से सितंबर माह तक प्रत्येक माह सत्यापन ड्राईव चलाये जाने को कहा। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा को जल जीवन मिशन अंतर्गत जहां 90 प्रतिशत घरों में नल का कनेक्शन हो चुका है वैसे घरों का सर्टिफिकेशन 15 दिनों के अंदर पूर्ण किये जाने का निर्देश दिया गया। विद्युत प्रमण्डल, लोहरदगा को राज्य सरकार के वन टाइम सेंटलमेंट स्कीम के तहत लोगों को लाभान्वित किये जाने हेतु नियमित रूप से कंप करने और लाभुकों की संख्या बढ़ाये जाने का निर्देश दिया गया। सहायक खनन पदाधिकारी को जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक प्रत्येक माह आयोजित कराने का निर्देश दिया गया।सोलर पाथ बनाने के लिए प्रत्येक अंचल में 05 एकड़ भूमि चिन्हित कर उसका घेरान कराने का निर्देश अंचल अधिकारियों को दिया गया।

वित मंत्री-सांसद ने किया आश्रम विद्यालय में बनने वाली ऑडिटोरियम भवन का शिलान्यास

# ग्रामीण क्षेत्र में ऑडिटोरियम होना गर्व की बात: डॉ रामेश्वर उरांव

- सदर प्रखंड के समीप ईवीएम वेयरहाउस भवन और नदिया +2 हिंदू हाई स्कूल के समीप बने लाइब्रेरी भवन का संयुक्त रूप से किया उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड अंतर्गत आश्रम विद्यालय परहेपाट में बनने वाली ऑडिटोरियम भवन का शिलान्यास राज्य के वित्त मंत्री सह लोहरदगा विधायक डॉ रामेश्वर उरांव और लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुदर्शन भगत के द्वारा संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में शरीक हुए मंत्री और सांसद और अन्य अतिथियों का आश्रम विद्यालय के शिक्षकों और बच्चों के द्वारा गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया।



शिलान्यास के मौके पर उपस्थित सांसद-मंत्री व अन्य।

मौके पर मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि आश्रम विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने को लेकर राज्य सरकार कृत संकल्पित है। मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में ऑडिटोरियम का होना अपने आप में गौरव की बात है, जिससे शिक्षा, कला, संस्कृति के बढ़ावा के साथ बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है।

### क्या बोले सांसद

वहीं सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि परहेपाट आश्रम विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे बेहतर शिक्षा प्राप्त करें इसके लिए हमार सकारात्मक प्रयास रहा है, आगे भी बच्चों के हित में और विद्यालय के विकास को लेकर बेहतर पहल किया जाएगा। इधर सदर प्रखंड के समीप ईवीएम वेयरहाउस भवन के साथ लोहरदगा के नदिया +2 हिंदू हाई स्कूल के समीप एससीए मद से बने लाइब्रेरी भवन का उद्घाटन भी संयुक्त रूप से मंत्री एवं सांसद ने किया।

# मजदूर की मौत को बाक्साईट कंपनी ने वाहन हादसा बताकर लोहरदगा में कराया पोस्टमार्टम

- साक्ष्य खत्म करने शव को ग्रामीणों को प्रेरित कर दफनाया था
- गुरदरी थाना में एक्सपलोसिव एक्ट के तहत कांड दर्ज कर पुलिस ने अनुसंधान किया आरंभ
- दंडाधिकारी नियुक्त कर शव निकाल फिर से पोस्टमार्टम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** विशुनपुर प्रखंड के गुरदरी थाना क्षेत्र स्थित बाक्साईट माइंस में हुए ब्लास्ट के क्रम में गुरूवार को विशुनपुर प्रखंड के कोरकोट पाठ निवासी 30 वर्षीय गुलशन मुंडा की मौत हो गयी थी। जिसे प्राईवेट बाक्साईट कंपनी के संचालक के द्वारा दुर्घटना का रूप देने का हर संभव प्रयास करते हुए मृतक के शव का पोस्टमार्टम लोहरदगा में कराकर शव को दफना दिया गया था। बाक्साईट माइंस का संचालन लोहरदगा के पावर गंज निवासी स्व मदन प्रसाद सिंह का उत्तराधिकारी विकास सिंह करता है। बॉक्साइट माइंस कंपनी का कहना था कि गुलशन की मौत बॉक्साइट लोड कर आने के क्रम में गाड़ी से गिरने से हो गयी थी।



घटना के दौरान उपस्थित ग्रामीण और मृतक का शव (इनसेट)।

**खास बातें :** इधर घटना के बाद प्रशासन सहित प्रबंधन के द्वारा शव को जल्द दफनाने के लिए परिजन एवं गांव वालों को प्रेरित किया गया था। जिसके उपरांत परिजनों ने चौरापाठ बालिका आवासीय विद्यालय के पीछे एक तालाब के किनारे शव को दफना दिया गया। लेकिन मामला दुर्घटना की नहीं बल्कि ब्लास्ट का था। जिसको लेकर गुरदरी थाना में एक्सपलोसिव एक्ट के तहत पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए घटना का अनुसंधान आरंभ किया और शव को फिर से निकालकर पोस्टमार्टम कराया। जिसको लेकर दंडाधिकारी की नियुक्ति की गई है। जिसके देखरेख में शव निकालकर कर पोस्टमार्टम किया गया। गुलशन मुंडा के मौत के प्रत्यक्षदर्शी साथी मजदूर रमेश मुंडा, संजय मुंडा, भगन मुंडा, बितना मुंडा, मनेश मुंडा ने बताया कि गुरुवार सुबह बॉक्साइट लोड करने वे लोग माइंस गये थे।

# सांसद आदर्श गांव के लोगों को सरकार की सभी योजनाओं से करें आच्छादित : उपायुक्त

- उपायुक्त की अध्यक्षता में सांसद आदर्श ग्राम एवं रूर्बन मिशन संचालित योजनाओं की हुई समीक्षा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभागार में रूरबन मिशन एवं सांसद आदर्श ग्राम में संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक की गयी। उपायुक्त ने योजना अंतर्गत सभी ग्रामों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से आवश्यक निर्देश दिया। सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत विशुनपुर, घाघरा, गुमला, रायडीह एवं पालकोट तथा रूरबन मिशन अंतर्गत करौंदी एवं तेलगांव पंचायत अंतर्गत किये जाने वाले विकास कार्यों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा हुई।



समीक्षा बैठक में निर्देश देते उपायुक्त व उपस्थित अधिकारी।

रूरबन मिशन की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने करौंदी एवं तेलगांव पंचायत अंतर्गत आने वाले सभी 8 ग्रामों में संचालित योजनाओं की समीक्षा की। जिसमें पर्यटक क्षेत्रों के सौंदरीकरणा से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, चेक डैम निर्माण, दीदी कैंटीन, स्ट्रीट लाइट, सोलर पावर, जैसे 34 कार्यात्मक योजनाओं की जानकारी लेते हुए योजनाओं को अविलंब पूर्ण करने को कहा।

**खास बातें :** उन्होंने तेलगांव पंचायत में निर्मित पार्क के संचालन हेतु समिति का चयन करने को कहा। वहीं तेलगांव एवं करौंदी पंचायत में रूबन मिशन अंतर्गत बने 35 मुर्गी शेड के संचालन प्रक्रिया पर भी विस्तृत चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। उक्त दोनों ही पंचायत में बने 10 दीदी कैंटीन के नियमित संचालन की जिम्मेवारी जेएसएलपीएस की टीम को दी। पंचायतों में स्वास्थ्य सुविधाओं से अवगत होते हुए उन्होंने संस्थागत प्रसव, इम्यूनाइजेशन को शत प्रतिशत रेश्यो में लाने को कहा। साथ ही संबंधित पदाधिकारी को इसकी जांच नियमित रूप से करने को कहा। उक्त योजना से बने सभी भवनों की गुणवत्ता जांचने की भी बात कही। उपायुक्त ने सभी ग्रामों को शत प्रतिशत बिजली, पानी, राशन कार्ड, पेंशन, आयुष्मान कार्ड, केसीसी, टीबी मुक्त जैसे विभिन्न योजनाओं से अच्छादित करने को कहा।

### जिप सदस्य के पहल पर गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को मिला मुख्यमंत्री राहत कोष से मदद

**डुमरी।** डुमरी प्रखंड के हथलदा खेतली निवासी संजय कवर काफी समय से कैंसर जैसे खतरनाक बीमारी से पीड़ित हैं। जिसे जिला परिषद सदस्य के पहल पर आलम हॉस्पिटल रांची में इलाज किया जा रहा है। जिप सदस्य मरियानुस तिग्गा ने मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत पीड़ित को सहायता दिलाने में अहम भूमिका निभायी। उन्होंने कहा कि जिन पीड़ित लोगों को मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता नहीं मिली है वो मुझसे संपर्क करें मैं अपनी ओर से पूरी कोशिश कर लाभुकों को लाभ पहुंचाने में मदद करूंगा।

### 45 किसानों के बीच मडुवा बीज का वितरण

**रायडीह।** आत्मा कार्यालय रायडीह ने रायडीह फल उत्पादक सहयोग समिति (एफ पी ओ) मांझाटोली कार्यालय में 45 किसानों के बीच रागी (मड़वा) बीज का वितरण किया गया। प्रत्येक किसान को दो-दो किलो दिया गया। मौके पर बी टी एम विभय टोप्पो, एटीएम अंकित मिंज, मुखिया चुया कुजूर, उत्पादक समिति के अध्यक्ष महेश केरकेट्टा, सचिव मंचन बेक, कोषाध्यक्ष हिरा लाल एक्का, सीईओ शैलेश कुमार झा आदि उपस्थित थे।

### पुअनि पुलिसकर्मियों का प्रशिक्षण संपन्न



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के बक्सीडीपा स्थित पुलिस केन्द्र में प्रशिक्षण सत्र के पश्चात समापन समारोह आयोजित किया गया। लोहरदगा जिला के सेन्हा थाना सहित विभिन्न थाना एवं पुलिस केंद्र में कार्यरत सआनि पद पर नियुक्त अधिकारी को पुअनि पद पर प्रोन्नति हेतु पुलिस महानिदेशक के निदेर्शानुसार लोहरदगा जिला से 37 पुलिस अधिकारी को 8 सप्ताह का प्रशिक्षण कराया जा रहा था। प्रशिक्षण सत्र के बाद समापन समारोह हुआ। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने सभी उपस्थित एवं अतिथियों तथा विशिष्ट अतिथि एवं पदाधिकारियों को कहा कि अपने अपने क्षेत्र में शांति व विधि व्यवस्था बनाये रखने को लेकर पुलिस अधिकारी निष्ठा के साथ कर्तव्य का पालन करेंगे साथ ही उन्होंने कहा कि पुअनि का प्रशिक्षण प्राप्त सभी अधिकारियों से यही अपेक्षा है। साथ ही कहा कि आप सभी लोगों को प्रशिक्षण सभी बिंदुओं पर इसलिए दिया गया है कि अपने कार्य क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगा सके। वहीं प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला से 37 सआनि शामिल थे। जिन्हें प्रोन्नति कर पुअनि के पद पर नियुक्त किया जायेगा। वह अपनी कर्तव्य का पालन करेंगे। मौके पर लोक अभियोजक मिनी लकड़ा, अभियान एस पी दीपक पांडेय, एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह, मेजर सुरेश ओझा, रमेश तिवारी, मुरारी कुमार, राजेश शर्मा, लवकुश सिंह, आयता खेस, संजय कुमार सिंह सहित सभी पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

### थाल सजाओ प्रतियोगिता में रोशनी और कनक रहे प्रथम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा की तरुण सभा में विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन शनिवार को हुआ। आरती थाल सजाओ प्रतियोगिता में 12वीं की रोशनी उरांव और 11वीं की कनक दीप प्रथम स्थान पर रही। 11वीं में द्वितीय आकांक्षा पांडे एवं तृतीय किरण कुमारी को मिला। इसके अलावा सारी फोल्डिंग, बकेट बॉल, बकेट ग्लास वॉटर चैलेंज, टीम को-आर्डिनेशन में भी प्रतियोगिताएं हुई। जिनमें सुहानी टोप्पो, राधेश्याम दास गोस्वामी, अपूर्वा कुमारी, सत्यम कुमार, निशा उरांव, उज्ज्वल जायसवाल, अनित उरांव, सुष्मिता तिग्गा, सुहानी कुमारी, दीपिका उरांव भी थे।

### तालाब में डूबने से हुई महिला की मौत

**बसिया।** थाना क्षेत्र के ओकबा गांव में तालाब में डूबने से एक महिला की मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार ओकबा गांव स्थित तालाब में शनिवार सुबह ग्रामीणों ने एक महिला के शव को तैरते हुए देखा। महिला की पहचान ओकबा निवासी सुमित्रा उरांव (45) पति भादो उरांव के रूप में हुई है। बताया जाता है कि सुमित्रा शुक्रवार शाम लगभग 4 बजे ही अपने घर से निकली थी। जिसके बाद रात तक घर वापस नहीं आयी। परिजनों ने देर रात तक उसकी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल। सुबह तालाब में उसका शव दिखा।

### पतंजलि योग समिति लोहरदगा की बैठक आज

- अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर की जा रही तैयारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस लोहरदगा जिले में योग महोत्सव के रूप में मनाए जाने हेतु पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान न्यास की जिला इकाई की बैठक आज प्रातः 6:30 बजे स्थानीय सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा स्थित योग कक्षा सभा कक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग महोत्सव के रूप में चयनित स्थान पर योग शिक्षकों की जिम्मेदारी दी जाएगी। साथ ही साथ आयुष विभाग भारत सरकार द्वारा जारी प्रोटोकॉल के तहत कराए जाने हेतु योग महोत्सव के सफल आयोजन हेतु प्रिंटिंग सामग्री भी दी जायेगी। उक्त जानकारी पतंजलि भारत स्वाभिमान जिला इकाई के जिला प्रभारी प्रवीण कुमार भारती ने दी। बैठक में पतंजलि परिवार के योग शिक्षक शिक्षिकाएं एवं जिले के समस्त योग शिक्षक-शिक्षिकाएं समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने को कहा।

# भंडरा : हथियार के साथ नौ गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** भंडरा पुलिस ने बीती देर रात बड़ी सफलता प्राप्त की। घटना को अंजाम देने जा रहे नौ युवकों को गिरफ्तार कर घटना होने से बचा लिया। भंडरा पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि नवडीहा सेमरा रोड में मुरली तलाब के पास कुछ युवक पिस्टल और चाकू लेकर रंगदारी कर रहा है तथा कुछ लड़का अल्टो जेएच 01 डीएल 2368 में बैठे हैं सूचना का सत्यापन करने हेतु भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार, एस आई विकास विश्वकर्मा अपने दल बल के साथ मुरली तलाब पहुचे पुलिस को देख सभी लोग गाड़ी से भागने लगे फिर अल्टो का पीछा करते हुए भंडरा चौक के पास गाड़ी को पकड़ा तथा जांच किया तो गाड़ी में कुल 09 लड़के हथियार के साथ पकड़े गये। पकड़े गये युवकों में शमी अंसारी (19) पिता सहमत अंसारी, अल्ताब अंसारी (20), पिता असलम अंसारी, मो मौफिल अंसारी (21) पिता केतामुद्दीन छोटू अंसारी, शाकिब अंसारी (18) पिता मकसूद अंसारी, हयान अंसारी (20) पिता असलम अंसारी, रेहान अंसारी (19) पिता इसराफिल अंसारी सभी सिसई बस्ती थाना सिसई जिला गुमला, वही अरमान अंसारी (18) पिता मोबत अंसारी सुरसा थाना पूसो जिला गुमला, अयान आलम (22) पिता मो खुर्शीद मियां टांगर बसली थाना मांडर जिला रांची एव मोहित कुमार ठाकुर (20) पिता विजय ठाकुर थाना भंडरा जिला लोहरदगा है गाड़ी से जांच के क्रम में पिस्टल जैसा दिखने वाला हथियार, एक बड़ा साइज का चाकू, दो मोटा बांस का डंडा और एक हॉकी स्टिक बरामद किया। भंडरा पुलिस ने थाना कांड संख्या 33/2023 धारा 147/ 148/ 149/ 341/ 323/ 342/ 307/ 504/ 506/ 385आई पी सी एवम 25 (1) /26/35 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर सभी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत लोहरदगा में भेजा गया।



गिरफ्तारी को जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

# कंडम विद्यालय भवन को तुड़वाकर प्रधानाध्यापक ने बेच दिये ईंट-पत्थर

- प्रधानाध्यापक ने कहा कि विभागीय आदेश के बाद पत्थर व ईंट को बेचा है
- पुराने जर्जर भवन को तोड़ने के लिए राशि उसी से निकालना था
- मामला डुमरी प्रखंड के राजकीय कृत उच्च विद्यालय मझगांव की
- मुखिया ने कहा सरकारी संपति बेचना नियम विरूद्ध है, जांच कर हो कार्रवाई
- मामले का जांच कर किया जायेगा उचित कार्रवाई : बीडीओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**डुमरी।** विद्यालय के कंडम घोषित भवनों को तुड़वाकर सरकारी शिक्षक ने विद्यालय के पत्थर व ईटों को बेचकर अपना जेब गरम कर लिया। सरकारी संपत्ति को बेच शिक्षक अपने वारे न्यारे कर रहे हैं। मामला डुमरी प्रखंड के मझगांव पंचायत के राजकीयकृत उच्च विद्यालय मझगांव की है। जहां प्रधानाध्यापक सागर कुजूर ने कंडम घोषित विद्यालय के जर्जर भवन के पत्थर व ईंट को मनरेगा के कई ठेकेदारों को बेच दिया। जिसे ठेकेदार ने कम दामों में लेकर सिंचाई कूप निर्माण अथवा अन्य कार्य पर लगा दिया। जिले का यह पहला मामला है। सरकारी भवनों से निकलने वाले ईंट व पत्थर का उपयोग नये भवन के निर्माण में ही किया जाता है लेकिन बेचने की परंपरा कभी नहीं दिखी है। इस संबंध में जब प्रधानाध्यापक से जानकारी ली गई तो उनका साफ कहना था कि राज्य का आदेश था कि भवनों को तुड़वाने का खर्च पुराने भवनों से ही पूरा करना है। जिससे वे ये मेटेरियल बेच रहे हैं।



इसी स्थल पर तोड़ा गया भवन और विद्यालय के प्रधानाध्यापक (इनसेट)।

स्पीड न्यूज

## प्रखंड सहायक सह नाजीर के निधन पर शोक सभा

**मझिआंव।** बिशुनपुरा प्रखंड के नाजीर सह प्रधान सहायक शिवपूजन उरांव के आकस्मिक निधन पर मझिआंव प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों के द्वारा शोक सभा मनाई गई। जिसमें दो मिनट का मौन रखकर मृतक की आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की गई। बीडीओ ने बताया कि शिवपुजन उरांव मझिआंव प्रखंड में भी नाजिर रह चुके थे। साथ ही कहा कि असामयिक निधन हो जाना बहुत ही दुखद घटना है। उनकी मृत आत्मा को शांति मिले और इस दुख की घड़ी में परिजनों को भगवान सहनशक्ति दें। मौके पर सीओ रामजी प्रसाद गुप्ता, प्रधान सहायक लव कुमार, एजीएम मुकेश पांडेय, प्रेम शंकर पाठक, पंचायत सचिव शीव शंकर ठाकुर, बीपीओ वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, वीरेंद्र कुमार, धनलाल उरांव, रोजगार सेवक सत्येंद्र ठाकुर, राहुल कुमार, कार्तिक कुमार, उदय प्रसाद, राम रक्षया सिंह, संजीव पांडेय, राजाराम मेहता सहित प्रखंड एवं अंचल के कर्मचारी, पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पीडीएस दुकानदारों ने किया धोती साड़ी का वितरण

**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत बारीसाखी पंचायत में संचालित जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों ने जून महीने का राशन उप मुखिया विकास पांडेय की निगरानी में वितरण किया। साथ ही साथ स्वर्णा सॉवरेन के तहत धोती साड़ी लूंगी का भी वितरण किया गया। बता दें कि जन वितरण प्रणाली के दुकानदार मून्सि साव, राजेंद्र साव,बेबी देवी, मीना देवी ने उपस्थित लोगों को सही सही वजन के अनुसार अनाज दिया। मौके पर उपस्थित गांव के ग्रामीण उपस्थित हैं।

## सशक्तीकरण शिविर में कानून की दी गई जानकारियां

**कान्हाचट्टी।** शनिवार को प्रखंड परिसर कान्हचट्टी में प्रखंड स्तरीय सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों का स्टॉल लगाकर लोगों को इसका लाभ दिया गया। साथ ही साथ राज्य सरकार के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे मनरेगा जेएसएलपीएस पंचायती राज, सावित्रीबाई फुले योजना, पीएमएवाई जी स्वास्थ्य विभाग विभाग प्रखंड आपूर्ति सामाजिक सुरक्षा इत्यादि संबंधित जानकारी दी गई उपस्थित लोगों ने डायन प्रथा उन्मूलन मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना पंचायती सशक्तिकरण सर्वशिक्षा अभियान विभिन्न पेंशन योजना इत्यादि योजनाओं की जानकारी दी गई।

## ग्रामीणों ने मवेसी लोड वाहन को पकड़कर पुलिस को सौंपा

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बरसोतियाबर में शुक्रवार देर रात मवेसी लोड टाटा मैजिक वाहन को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा दिया है। मिली जानकारी के अनुसार कोडरमा थाना प्रभारी ने बताया कि शुक्रवार देर रात जयनगर की ओर से कोडरमा की ओर आ रही टाटा मैजिक पिकअप में चार मवेसी लोड कर आ रहा था। शक होने पर ग्रामीणों ने वाहन को रोका तो ग्रामीणों को देखकर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। वहीं कोडरमा थाना गस्ती दल मौके पर पहुंचकर मवेसी लोड वाहन को थाना ले आये।

## दाखिल खारिज मामला नहीं निपटाने पर कारण पूछा

**कोडरमा।** चंदवारा प्रखंड के सीओ राम रतन कुमार वर्णवाल ने प्रभारी अंचल निरीक्षक विशेश्वर पंडित व राजस्व उप निरीक्षक राजकुमार रामध से राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा अधिग्रहित भूमि का लंबित दाखिल खारिज का निष्पादन ससमय नहीं करने को लेकर कारण पृछा की गयी है। जारी पत्र में कहा गया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा अधिग्रहित भूमि का दाखिल खारिज का निष्पादन करने के लिए पत्र द्वारा 2 जून 2023 द्वारा निर्देशित किया गया था, मगर आज तक एक भी दाखिल खारिज से संबंधित आवेदन का निष्पादन नहीं किया गया है। जिससे यह स्पष्ट होता है कि आपकेद्व द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा अधिग्रहित भूमि का दाखिल खारिज के निष्पादन में रुचि नहीं ली जा रही है।

# विधिक सेवा सह सशक्तीकरण शिविर आयोजित, परिसंपत्तियों का हुआ वितरण







खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा के सौजन्य से शनिवार को जिले के टंडवा, कुंदा, गिद्धौर सहित अन्य प्रखंडों में विधिक सेवा सह सशक्तीकरण शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही शिविर के माध्यम से लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण कर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में आमजनों को जागरूक किया गया। टंडवा प्रखण्ड मुख्यालय के सभाकक्ष में जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के निदेर्शानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के मार्ग निर्देशन में सशक्तिकरण कैंप एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान टंडवा प्रमुख रीना कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी ,पारा लीगल बोल एनटीआर वॉलिंटियर राजेंद्र ओझा एवं टिकेश्वर साहू समेत अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस शिविर में जन वितरण प्रणाली, बिजली विभाग, मनरेगा, पीएम आवास , बाल विकास परियोजना, कृषि विभाग एवं रेवेन्यू विभाग समेत अन्य का विभागों का स्टोल लगाया गया। जिसमें प्रखण्ड स्तरीय सभी विभागों के पदाधिकारी के साथ-साथ काफी संख्या में लाभुक उपस्थित हुए। विभिन्न विभागों के द्वारा अपने-अपने विभाग से संबंधित विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ लाभुकों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

## शिविर में राशि का हुआ वितरण

गिद्धौर प्रखंड व अचंल परिसर सभागार में शनिवार को जिला विधिक प्राधिकार सेवा कार्यक्रम के तहत जिला जज राकेश चंद्रा पहुंचे।कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित के साथ किया गया। साथ में जज की स्वागत कस्तूरबा विद्यालय के बच्चीयां ने स्वागत गान के साथ किया। जज ने बैठक को संबोधन करते हुए सर्वप्रथम महिलाओं को प्रथम प्राथमिकता देते हुए इनके प्रति होने वाले अत्याचार सोशन से बचने की अनेकों विधि बताएं। अपना अधिकार की प्राप्ति स्वयं करना है। इसके लिए अटल रहने की जरूरत है। आगे बतलाए की किसी भी समस्या का समाधान के लिए सर्वप्रथम आजीविका बढ़ाने की जरूरत है। जिसके लिए समूह से जुड़े हुए महिलाओं को सरकार के द्वारा दी गई सभी योजनाओं का लाभ लेकर आजीविका बढ़ा सकते हैं।उसके उपरांत भी अधि गांव घर में महिलाओं के साथ उत्पीड़न शोषण होता है। तो उनके लिए न्यायालय खुला है। आगे बतलाए की जिस व्यक्ति का वार्षिक आय? 300000 से कम है। वैसे व्यक्ति को समस्या का समाधान के लिए कोर्ट में वकील एवं जल निशुल्क मुहैया करवाई जाएगी। उपरांत कुछ परिसंपत्तियों का वितरण भी किया गया। 5 लाभुकों के बीच पीएम आवास योजना के बीच ?425000 का डमी चेक, 5 लाभुकों को गृह प्रवेश के लिए चाबी, सर्वजन पेंशन के तहत लाभुकों को पेंशन सुकृति 22 लोगों के बीच,सोना सोबरन धोती साड़ी 15 लाभुक, ग्रीन कार्ड 20 लाभुकों को, सावित्रीबाई फुले समृद्धि योजना 10 छात्राओं को, एवं जेएसएलपीएस के तहत दो समूह के बीच ?400000 का ढंमी चेक,10 मनरेगा जॉब कार्ड का वितरण किया गया। प्रखंड प्रमुख संगीता यादव ने बोली की महिला को सशक्त होने की अत्यंत जरूरी है तभी समाज सुधार सकता है। समाज में अभी भी अनेकों कृतियां छिपी हुई है। जैसे दहेज उत्पीड़न महिला उत्पीड़न बच्चों की तस्करी इन सभी समस्याओं से निजात पाने के महिलाओं को आगे बढ़ने की जरूरत है। मौके पर उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह, अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक, थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव, समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## शिविर में स्टॉल लगाकर दी योजनाओं की जानकारी

कुन्दा प्रखंड कार्यालय के सभागार हॉल में शनिवार को विधिक सेवा सह मेगा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसका का उद्घाटन संयुक्त रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी कुंदा, पंचायत मुखिया मनोज कुमार साहू ,बौद्धादिह पंचायत मुखिया विनोद साहू समेत सभी विभाग के उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। शिविर में सभी विभागों की विभिन्न स्टाल लगाई गई थी। जेएसएलपीएस के द्वारा 13 एस एच जीस 500000 रुपए का चेक वितरण किया गया। विभाग द्वारा और 25 लोगों को विकलांगता वृद्धा पेंशन का प्रमाण पत्र दिया गया समेत विभिन्न प्रदर्शनी के लिए स्टॉल लगाए गए थे। इस मौके पर नवादा पंचायत मुखिया भरत यादव पूर्व पूर्व पंचायत मुखिया प्रतिनिधि बैजनाथ यादव, नवादा पूर्व मुखिया बिगन गंझु समेत सैकड़ों लोग शामिल थे।

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को असफल बनाने के प्रयास का आरोप



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** सिमरिया विधानसभा विधायक प्रत्याशी मनोज चंद्रा के समर्थकों ने गिद्धौर प्रखंड के बीपीएम अभिषेक श्रीवास्तव पर लगाए गंभीर आरोप। समर्थकों ने जिला कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस को आवेदन दिया। आवेदन में कहा गया है कि जेएसएलपीएस के बीपीएम अभिषेक श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यक्रम को असफल प्रयास करने का कोशिश किया है। बीपीएम द्वारा महिलाओं के व्यक्तिगत स्वतंत्रता को सुनियोजित तरीके से असफल करने का प्रयास किया जा रहा है। क्योंकि गिद्धौर प्रखंड के महिलाओं को दिनांक 19 तारीख को सिमरिया में होने वाले झारखंड के मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होना है लेकिन बीपीएम ने कुछ विशेष महिलाओं को टारगेट करते हुए मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में शामिल नहीं होने का निर्देश डराते धमकाते हुए दिया है। जब उनसे पूछा गया कि महिलाएं इस कार्यक्रम में क्यों नहीं शामिल हो सकती है तो इन्होंने सरकारी नियम का हवाला देते हुए कहा कि महिलाएं कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सकती है। जिसकी ऑडियो पुष्टि हमारे पास है। वर्तमान स्थिति यह है कि महिलाएं अपना नाम तक उजागर नहीं होने की शर्त पर यह जानकारी दी है। मनोज चंद्रा समर्थकों ने बीपीएम पर उचित कार्रवाई करने का आग्रह किया। अन्यथा कानूनी कार्यवाही के लिए बाध्य होंगे। आवेदनकर्ता बैद्यनाथ कुमार दांगी, बहादुर दांगी, यदुनंदन पांडेय, विनोद ठाकुर, डेगन गंझू, देवनारायण दांगी व दर्जनों लोग शामिल थे।

# अतिक्रमित जमीन का अंचल अमीन ने मापी कर किया सीमांकन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** अंचल कार्यालय कांडी के पड़ोस में स्थित ढबरिया गांव के शिव स्थान के अतिक्रमित जमीन की शनिवार को अंचल अमीन के द्वारा मापी कर सीमांकन कर दिया गया। मौके पर कांडी अंचल के अंचल पदाधिकारी अजय कुमार दास भी सशस्त्र बल के साथ उपस्थित थे। मापी करके शिव स्थान की जमीन निकाली गई। कांडी अंचल के कांडी पंचायत अंतर्गत ढबरिया गांव स्थित शिव स्थान के जमीन की अंचल अमीन अमलेश कुमार यादव के द्वारा अंचल निरीक्षक जगन्नाथ मांझी के साथ मापी करते हुए भूखंड का सीमांकन कर दिया गया। इस दौरान अंचल पदाधिकारी भी मौके पर मौजूद थे।

मालूम हो कि ग्रामीणों ने 21 फरवरी 2023 को शिव स्थान की अतिक्रमण की गई भूमि की मापी के लिए अंचल पदाधिकारी को आवेदन दिया था। उस आवेदन के आलोक में 17 जून 2023 को उक्त भूखंड की मापी की गई। मालूम हो कि खाता नंबर 155 एवं प्लॉट नंबर 366 में शिव स्थान के नाम से तीन डिसमिल गैरमजरूआ आम जमीन खतियान में वर्णित है। लेकिन इस जमीन के एक भाग पर ग्रामवासी फखरुद्दीन अंसारी पिता गफूर अंसारी के द्वारा अतिक्रमण करते हुए एक तरफ झोपड़ी लगाई गई थी और बगल में ईंट आदि निर्माण सामग्री रख दी गई थी।



उपस्थित लोग

इस बाबत ग्रामीणों ने कई बार फखरुद्दीन को ताकीद करते हुए उस स्थान से सभी सामग्री एवं झोंपड़ी हटा लेने की बात कही। लेकिन उसे बार-बार अनसूना किया जाता रहा। अंत में शांतिपूर्वक मामले के निपटारा को लेकर अंचल कार्यालय में सरकारी अमीन से मापी की दरखास्त की गई। जमीन की मापी करके एक तरफ से 50 कड़ी एवं दूसरी तरफ से 60 कड़ी जमीन नक्शा के अनुसार अंचल अमीन के द्वारा निकाल कर सीमांकन कर दिया गया। जो तीन डिसमिल होता है। मापी के बाद उपस्थित ग्रामीणों से हस्ताक्षर कराया गया।

इस मौके पर उक्त लोगों के अलावे कांडी पंचायत के पूर्व मुखिया विनोद प्रसाद, अंजू देवी, कृष्णा राम, प्रदीप कुमार मेहता, मुरली मेहता, अजय राम, सुखू राम, रामबरन, रघुनी रजवार, रामचंद्र चौधरी, अरविंद मेहता, पिंटू कुमार, अनुज कुमार, धर्मेंद्र कुमार, पुरुषोत्तम लाल श्रीवास्तव, मुख देव राम, बबलू कुमार, प्रमोद कुमार, अर्जुन कुमार, सुनील कुमार, प्रवीण कुमार, लालबाबू कुमार, रविंद्र कुमार, चितरंजन कुमार, फखरुद्दीन अंसारी, नसीम अंसारी, कयामुद्दीन अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# बालू तस्करों के हमले में बाल-बाल बचे सीओ, दो घायल

## थाना के बगैर सूचना के ही छापामारी करने पहुंचे थे अधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के बुढ़ीखांड़ गांव में शनिवार को अहले सुबह लगभग चार बजे अवैध रूप से बालू की छापामारी करने सीओ राम जी प्रसाद गुप्ता बिना थाना के सूचना दिए बगैर गए थे। जिसमें बांकी नदी से भीस जैसा बालू लेकर जा रहे ट्रैक्टर का पीछा सीओ रामजी प्रसाद गुप्ता के द्वारा करने पर चालक द्वारा भीस जैसा बालू को पीसीसी रोड पर गिरा कर फरार हो गया। तथा सीओ के द्वारा पीछा करते हुए उत्तरवारा टोला बूढ़ीखांड़ तक चले गए। इसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने उनपर हमला बोल दिया। इधर ग्रामीणों ने बताया कि बांकी नदी में बालु की अवैध ढुलाई में कई ट्रैक्टर लगा हुआ था, उसे नहीं पकड़कर भीस लदा हुआ ट्रैक्टर को पीछा किया, ऐसा होते देख ग्रामीणों ने उग्र रूप धारण कर लिया एवं सीओ पर यह कहते हुए हमला बोल दिया कि बालु वाले को क्यों नहीं पकड़े भीस वाले गाड़ी को क्यों पकड़ा जा रहा है। आक्रोशित होकर सीओ रामजी प्रसाद गुप्ता पर हमला बोल दिया, जिसमें रामजी प्रसाद गुप्ता बाल-बाल बचे। लेकिन जिसे सीओ ने साथ में लेकर गए थे वो प्रखंड क्षेत्र के पूरहे गांव से दो चालक मुरारी ठाकुर के 22 वर्षीय पुत्र आशीष ठाकुर एवं रवि रंजन ठाकुर के 25 वर्षीय पुत्र रितेश ठाकुर दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायल को रेफर अस्पताल में लाया गया, जहां चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद चालक आशीष ठाकुर को गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इधर अस्पताल में ईलाज रत आशीष ठाकुर एवं नितेश ठाकुर ने बताया कि सीओ राम जी प्रसाद गुप्ता के द्वारा हम दोनों को बालू के छापामारी में ले जाया गया था, जिसे हम लोग के साथ बुढ़ीखांड़ के ग्रामीणों के द्वारा मारपीट किया गया। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि पूरहे गांव निवासी वीरेंद्र विश्वकर्मा के माध्यम से सीओ बराबर हम लोग को पहले से ही छापामारी में ले जाया करते थे, क्योंकि बालू वाली गाड़ी ट्रैक्टर पकड़ाने के बाद उसे थाना तक हम लोग लाते थे।



घायल चालक

**सीओ ने चार नामजद एवं 30-40 अज्ञात लोगों पर कराई प्राथमिकी दर्ज :** सीओ राम जी प्रसाद गुप्ता के द्वारा इस मामले में मझिआंव थाना में लिखित आवेदन देकर बूढ़ीखांड़ गांव निवासी परशु यादव के पुत्र बब्बन यादव लगभग 32 वर्ष सहित 4 नामजद तथा 30 से 40 अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो ने बताया कि सीओ के द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर थाना कांड संख्या 69/23, एवं धाराः 341, 323, 307, 353, 379, 34 भादवी एवं 54 (1), जेएमएमसी ए रूल 2017 एवं 21 एमएम (डीआर) एक्ट 1957 के तहत मामला दर्ज कर ली गई है एवं मौके से गिरफ्तार हुए बबन यादव को न्यायिक हिरासत में गढ़वा जेल भेज दिया गया। आगे की कार्रवाई की जा रही है। इधर इस संबंध में बालू की छापामारी करने गए सीओ रामजी प्रसाद गुप्ता से पूछने पर कि आप बिना थाना को खबर किए बगैर छापामारी करने गए पुलिस की सूचना क्यों नहीं दी। इस पर उन्होंने कहा कि मैं पुलिस को कभी सूचना नहीं दूंगा, मैं बिना पुलिस के ही छापामारी करूंगा। साथ ही सीओ से पूछने पर कि उक्त दोनों घायल व्यक्ति आशीष ठाकुर एवं नितेश ठाकुर छापामारी में क्या करने गए थे? इस पर दो टूक जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि आशीष मेरा नौकर है जहां चाहे वहां ले जाऊं मेरी मर्जी, वहीं नितेश ठाकुर के बारे में उन्होंने कहा कि उसे भी मैं लेकर गया था। सीओ के द्वारा किसी भी अवैध बालु घाटों पर छापामारी करने में कभी भी थाना को सूचना नहीं देना पुलिस के बगैर छापामारी करना तथा उनके साथ बार-बार यह दुर्घटना व घटना समझ से परे है तथा अनवरत सभी घाटों पर खुल्लम-खुल्ला अवैध बालू की धुलाई रात्रि 9:00 बजे से लेकर सुबह 7:00 बजे तक अनवरत जारी है इस पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इधर इस संबंध में थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो ने कहा कि छापामारी के दौरान अंचल पदाधिकारी के द्वारा हमें सूचना नहीं दी गई थी।

एक नजर में

## दीदी नीलम आनंद की 18वीं पुण्यतिथि मनी



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** शिव चर्चा के प्रेरणा स्रोत साहब हरिंद्रानंद की पत्नी दीदी नीलम आनंद की 18वीं पुण्यतिथि सहाना गार्डन में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जागरण भजन एवं हर भोला हर भोला भजन के साथ स्थानीय बहन अनीता कुमारी, रेनू देवी, ललिता देवी, राखी एवं अन्य के द्वारा किया गया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुरेश पंडित ने कहा कि यह एक आध्यात्मिक कार्यक्रम है। वहीं मंच संचालन करते हुए गुरु भाई दिनेश कुमार के द्वारा बताया गया कि शिव शिष्यता की फूल खिलाने का काम राजमणि दीदी नीलम आनंद के द्वारा किया गया, आज दीदी नीलम आनंद की 18वीं पुण्यतिथि है। दीदी इस कालखंड के प्रथम शिव शिष्य थी, जिसकी परिकल्पना हम जैसे मानव नहीं लगा सकते हैं। सभी जनमानस को शिव के गुरु स्वरूप से जोड़ने के लिए तत्पर वरेण्य गुरु भ्राता साहब श्री के साथ कंधे से कंधा मिलाकर पथरीले और कटीले रास्ता को तय किया एवं हमारे जीवन को नई दिशा प्रदान की। कार्यक्रम में जिला के सभी प्रखंड से हजारों की संख्या में शिव शिष्य उपस्थित होकर दीदी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते ही आशीर्वाद प्राप्त किए।

## शम्भू रजक ने किया पदभार ग्रहण

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल कोडरमा कार्यपालक अभियंता राजकुमार भारती ने शनिवार को कार्यपालक अभियंता श्रीधर शम्भू रजक को प्रभार ग्रहण कराया। इस दौरान श्री रजक ने कहा कि मैं अपने कर्तव्यों का निर्वहन सभी कर्मियों के साथ मिल-जुल कर आपस में समन्वय बनाकर करूंगा एवं पुल, पुलिया रोड को अनुसंशीत कार्य यथाशीघ्र करने का प्रयास करूंगा एवं कोडरमा जिले के विकास करूंगा।



## बरसोतियाबर में एक व्यक्ति का शव पेड़ से लटका मिला

कोडरमा। थाना क्षेत्र अंतर्गत बरसोतियाबर निवासी 55 वर्षीय विनय पाण्डेय पिता स्व.परमेश्वर पाण्डेय का शव उनके घर के सामने पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका मिला। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह करीब पांच बजे मृतक की पत्नी ने पेड़ पर लटके पति के शव देखकर शोर मचाया। जिसके बाद परिजनों व आसपास के लोगों ने फांसी के फंदे से शव को उतारा। वहीं फांसी के खबर मिलते ही एएसपी प्रवीण पुष्कर व कोडरमा थाना प्रभारी मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है कि हत्या या आत्महत्या है।

## विधायकों की एक शाम झारखंड के नाम कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**जयनगर (कोडरमा)।** मुंबई में राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन के दौरान विधायक अमित कुमार यादव के तीन दिवसीय दौरे पर दूसरे दिन शाम को झारखंडी एकता संघ मुंबई के द्वारा होटल सूबा इंटरनेशन मुंबई में शुक्रवार शाम को कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं विधायकों की एक शाम झारखंड के प्रवासियों के नाम में विधायक अमित कुमार यादव सम्मिलित हुए एवं उपस्थित जनसमुह को संबोधित किया। साथ में झारखंड से आए समस्त साथी विधायकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के प्रारंभ में झारखंडी एकता संघ मुंबई के सदस्यों द्वारा उत्साहवर्धक व गर्मजोशी से स्वागत किया गया। साथ ही कार्यक्रम के पूर्व विधायक ने अपने बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के प्रवासियों से मुलाकात कर उनके हाल-चाल जाना। जहां उनका प्रवासियों ने हर्ष और उल्लास के साथ स्वागत किया।



## भीषण गर्मी से लोगों का जीवन अस्त व्यस्त, कूलर, पंखे से भी राहत नहीं



खबर मन्त्र संवाददाता

**जयनगर (कोडरमा)।** भीषण गर्मी से जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। शनिवार को भी तापमान लगभग 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। गर्मी का आलम यह है कि घरों में लगे कूलर और पंखे भी लोगों को राहत नहीं दे पा रही है। वहीं दिन 10 बजे के बाद घर से निकलने वाले लोग चेहरे समेत पूरा शरीर को ढक कर निकल रहे हैं। गर्मी से निजात पाने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय कर रहे हैं, लेकिन लोगों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रहा है। वहीं दिन भर चल रही लू के थपेड़ों ने लोगों को झुलसा दिया है। वहीं बेवजह घर से बाहर निकलना भी लोग मुनासिब नहीं समझ रहे है। वहीं तेज धूप के साथ गर्म हवाएं चल रही है, जिसके कारण गर्मी का सितम लगातार बढ़ता जा रहा है।

**लोग ठंड पेय गटक रहे हैं :** इस भीषण गर्मी को लेकर कोल्ड ड्रिंक, आइसक्रीम की दुकानों से नजदीकियां बढ़ गई है। वहीं दुकानों पर गमछा, टोपी व चश्मे की बिक्री तेज हो गई है। पीली गुम हो जाने के बाद गर्मी के मारे लोग घरों में भी तिलमिला रहे हैं। सिरसा मौसम के ठंडा होने पर लोगों की राहत होती है।

**बिजली कटौती से बड़ी परेशानी :** ग्रामीण इलाकों में भी गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। वहीं शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी बिजली की सप्लाई कम होने से लोगों की मुश्किलें बढ़ती जा रही है एवं वाहनों की तादाद भी सिमट गई है। जहां मिनट भर में पहले सैकड़ों वाहन सड़कों पर गुजरते नजर आते थे, अब उनकी घटकर संख्या दर्जनों के आसपास रह गई है। अगर गर्मी का यही हाल रहा तो आने वाले दिनों में लोगों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ सकता है।

# जिंदगी जीने का ढंग तय करती है आपकी बीमारियां

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में महिलाएं अपनी सेहत के प्रति लापरवाह होती जा रही हैं। इससे घर और कॅरियर दोनों के बीच तालमेल बैठाए रखना उनके लिए चुनौती बनता जा रहा है। सेहत का ध्यान न रखने की वजह से महिलाएं कम उम्र में ही कई बीमारियों की शिकार हो जाती हैं, जिन्हें लाइफस्टाइल डिसऑर्डर बीमारियां भी कहा जा सकता है। ये बीमारियां तो दरअसल युवावस्था से ही शुरू हो जाती हैं। यह समस्या आजकल 15 से 25 वर्ष की लड़कियों में अधिक देखने को मिल रही है, जो विटामिन डी की कमी की वजह से हो रही है। ये सभी बीमारियां लाइफस्टाइल की वजह से हैं।

हाइजीन पर अधिक ध्यान देना आवश्यक है। महिलाएं आजकल जेनाइटल ट्यूबरकुलोसिस की शिकार भी हो रही हैं। इस बीमारी की जब तक सही जांच न हो पता नहीं चलता। इस बीमारी के तहत वे मां नहीं बन पातीं।



**सोमा घोष**

महिलाओं के बदले लाइफस्टाइल की वजह से उनका मोटापा भी खूब बढ़ा है, जिसकी वजहें जंक फूड का अत्यधिक सेवन, समय से भोजन न करना, डाइटिंग करना आदि हैं। इनसे हारमोनल बैलेंस बिगड़ता है। आजकल करीब 40 प्रतिशत महिलाओं में पॉलीसिस्टिक ओवेरियन सिंड्रोम भी पाया जाता है। इसमें ओवरीज ठीक से काम नहीं करतीं और हारमोनल संतुलन बिगड़ता है, जिससे चेहरे और बॉडी पर अधिक हेयर ग्रो होने लगता है। त्वचा रफ हो जाती है और ऐक्ने का प्रभाव दिखता है। एक सर्वे के मुताबिक, आज के दौर में 75 प्रतिशत महिलाओं का कोई न कोई लाइफस्टाइल डिसऑर्डर है। इससे 42 प्रतिशत को पीठ दर्द, मोटापा, डिप्रेशन, डायबिटीज, हाइपरटेंशन की शिकायत है। ऐसा न हो इसके लिए लड़कियों को किशोरावस्था से ही लाइफस्टाइल में परिवर्तन करना आवश्यक है, जिसके लिए सही व्यायाम, सही डाइट, मोटापे को न बढने देना आदि सभी विषयों पर माता-पिता को ध्यान देना आवश्यक है।

## एक्सरसाइज अनिवार्य समझें और करें

- 30 मिनट फिजिकल ऐक्टिविटी हर दिन करें।
- 10 मिनट ब्रीदिंग ऐक्सरसाइज अवश्य करें। सुबह 5 मिनट शाम को 5 मिनट।
- रोज 10 से 15 गिलास पानी अवश्य पीएं।
- शुगर वाले खाद्य-पदार्थ कम खाएं, प्रोटीन अधिक लें।
- फाइबर, कार्बोहाइड्रेट और कांप्लेक्स कार्बोहाइड्रेट को डाइट में जरूर शामिल करें। फैट को कम से कम लें।
- चाय, कॉफी अधिक न पीएं। ग्रीन टी का सेवन करें, जो स्वास्थ्य के लिए अच्छी है।
- स्ट्रेस लेवल कम करने के लिए अपने लिए समय निकालें। अपनी मनपसंद की किताबें व पत्रिकाएं पढ़ें और मूवी आदि देखें, जिससे आप को खुशी मिले।

## कम उम्र में दिल का दौरा

दिल की बीमारी का खतरा भी महिलाओं में तेजी से बढ़ रहा है। आजकल 24-25 साल की उम्र में भी लड़कियों को दिल का दौरा पड़ जाता है, जो चिंता का विषय है। अगर लड़कियां ओवरवेट हैं, तो वे पतला होने के लिए खाना छोड़ देती हैं। तब जरूरत से कम खाना खाने पर वे ऐनीमिया और हीमोग्लोबिन की मात्रा कम होने से बारबार इन्फेक्शन की शिकार होती हैं। इसके अलावा जब लड़कियों का स्वास्थ्य खराब रहने लगता है, तो वे मानसिक बीमारी की शिकार हो जाती हैं, जिसमें डिप्रेशन, सुसाइडल टेंडेंसी आदि प्रमुख हैं। दरअसल, इस उम्र में पीयर प्रेशर अधिक होता है, जिससे ब्यावफ्रेंड या रिलेशनशिप न होने पर वे अपने आप को कमतर समझना आदि को अपने अंदर पाल लेती हैं। क्या सही क्या गलत है यह समझना उनके लिए मुश्किल हो जाता है, तो वे दोस्तों की संगत में जाती हैं, जहां सही राय नहीं मिल पाती। ऐसे में माता-पिता ही उन्हें सही दिशा-निर्देश दे सकते हैं। युवावस्था में स्ट्रेस लेवल बढ़ने की वजह से नींद में कमी आती है, जिसे स्लीपिंग डिसऑर्डर कहते हैं। आजकल की लड़कियों में स्मोकिंग, ड्रिंकिंग की आदत भी बढ़ चुकी है, जो उनके लिए खतरनाक है।

## विटामिन डी की कमी

विटामिन डी की कमी भी आजकल की युवतियों और महिलाओं में कॉमन है। विटामिन डी की कमी से महिलाओं को और भी कई गंभीर बीमारियों की शुरुआत हो जाती है। मसलन इम्यूनिटी का कम हो जाना, इंफर्टिलिटी का बढ़ना, मधुमेह की बीमारी, पीरियड की अनियमितता, स्तन कैंसर आदि। ओवरी के सही फंक्शन के लिए विटामिन डी जरूरी है। यह समस्या आजकल 15 से 25 वर्ष की लड़कियों में अधिक देखने को मिल रही है, जो विटामिन डी की कमी की वजह से हो रही है। ये सभी बीमारियां लाइफस्टाइल की वजह से हैं, जिसका परिणाम स्ट्रैस है। विटामिन डी पूरे शरीर के लिए जरूरी है। यह हमारे शरीर में कैल्सियम के स्तर को नियंत्रित करता है।

## संक्रमण का खतरा

सक्रमण की बीमारी भी आजकल महिलाओं में अधिक है। आजकल के युवा कम उम्र में अनप्रोटेक्टेड सेक्स में लिप्त होते हैं, तो उनके मल्टीपल सेक्सुअल पार्टनर्स भी होते हैं। ऐसे में हाइजीन पर ध्यान न देने से वे इन्फेक्शन के शिकार हो जाते हैं, जबकि पर्सनल हाइजीन पर अधिक ध्यान देना आवश्यक है। महिलाएं आजकल जेनाइटल ट्यूबरकुलोसिस की शिकार भी हो रही हैं। इस बीमारी की जब तक सही जांच न हो पता नहीं चलता। इस बीमारी के तहत वे मां नहीं बन पातीं। अगर गर्भधारण करती भी हैं, तो बच्चा पूरे 9 महीने नहीं ठहरता। बायोप्सी से इसका पता चलता है। कई जगह पर तो इसकी जांच भी संभव नहीं होती। लाइफस्टाइल से जुड़ी सबसे खतरनाक बीमारी हार्ट डिजीज है। अधिकतर महिलाएं शहरों में कामकाजी हैं। उनके खाने में फैट अधिक होता है और वे व्यायाम नहीं करतीं, इसलिए उनका कोलेस्ट्रॉल लेबल बढ़ जाता है। इससे कम उम्र में ही हाई ब्लडप्रेशर, डायबिटीज, थायराइड आदि सब दिखने लगता है। कामकाजी महिलाओं में स्ट्रैस लेबल काफी बढ़ चुका है।

मेनोपॉज के बाद बीमारी बढ़ने की वजह कम उम्र में अपना ध्यान न रखना है। कुछ बीमारियां आनुवंशिक होती हैं। पर अधिकतर हमारे लाइफस्टाइल की वजह से ही होती हैं। मेटाबॉलिज्म ठीक न रहने की वजह से रोगप्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है।

# फिजिकल फिटनेस की चिंता



**निधि निगम**

**आपका** फिजिक कितना ही अच्छा हो, लेकिन इस हालत में जब आप जिम से बाहर आते हैं तो पसीने से तर-बतर नजर आते हैं, जिससे आपका पूरा व्यक्तित्व जीरो नजर आता है। ऐसे में कोई भी लड़की आप से इंप्रेस होना तो दूर, आपकी तरफ देखना भी पसंद नहीं करेगी। आप टैंशन न लें, क्योंकि जब प्रॉब्लम आती है तो उसका सौल्यूशन भी अवश्य होता है। ऐसे में हम आपको बताते हैं कि कैसे आप हॉट बॉडी के साथ हॉट लुक को भी मैंटेन रख सकते हैं वह भी पोस्ट वर्कआउट से। बस, इसके लिए आपको कुछ ग्रूमिंग प्रोडक्ट और केयर की जरूरत है।

## पसीना निकलना जरूरी

जब भी हम शारीरिक श्रम करते हैं तो उससे हमारी बॉडी गरम हो जाती है। ऐसे में बॉडी के तापमान को मैंटेन करने के लिए हमारे शरीर से पसीना निकलना शुरू होता है, जिससे शरीर धीरे-धीरे ठंडा होने लगता है, लेकिन पोस्ट वर्कआउट स्टेज में भी आपकी बॉडी पसीना प्रोड्यूस करना जारी रखती है, अगर आपने कोई भी कूलिंग एजेंट नहीं अपनाया तो यह प्रक्रिया जारी रहती है और इसीलिए वर्कआउट के बाद कोल्ड शावर लेने की सलाह दी जाती है, लेकिन वर्कआउट के दौरान उत्पन्न हुई गंदगी, पसीना, धूल, कीटाणु को पूर्णतया शरीर से हटाने के लिए सिर्फ कोल्ड शावर, सोप का इस्तेमाल ही काफी नहीं होता, बल्कि आपको पोस्ट वर्कआउट शावर लेते वक्त शावर जैल यूज करने की आवश्यकता होती है। ये न सिर्फ अच्छे क्लींजिंग एजेंट हैं बल्कि ये आपकी बॉडी के मोइश्चर लेवल को भी बनाए रखते हैं। इनसे आप खुद को फ्रेश और ऊर्जावान भी महसूस करते हैं।

## वर्क आउट से एनर्जी लेबल हाइ

वर्कआउट के तुरंत बाद ऐनर्जी लेबल हाई होता है, ब्लड सर्कुलेशन बढ़ जाता है, जिसकी वजह से आपका चेहरा, बॉडी, स्किन तुरंत लाल पड़ जाती है। बिलकुल ऐसा ही असर आपकी स्कैल्प पर भी होता है, लेकिन बॉडी स्किन की तरह स्कैल्प विजिबल नहीं होती और आपको स्कैल्प पर हुआ इफैक्ट नजर नहीं आता। यही कारण है कि जिम जाने वालों में यह कॉमन हैबिट नजर आती है कि वे अपनी स्कैल्प को नजरअंदाज कर देते हैं, जिस कारण बालों का वॉल्यूम, क्वालिटी, टैक्स्चर खराब होता जाता है, जो थोड़ी केयर करते भी हैं वे अपने पसीने, गंदगी में डूबे बालों को धोने के लिए रेगुलर फोम शैंपू ही यूज करते हैं। लेकिन अगर आप को अपने बालों की हेल्थ अच्छी रखनी है तो फोम बैस्ड शैंपू, ऐंटी डैंड्रफ शैंपू या हेयर लौस शैंपू को पूरी तरह अवॉइड करें, क्योंकि ये धूल-मिट्टी हटाने के साथ ही बालों का नेचुरल ऑयल भी हटा देते हैं। इसलिए उपरोक्त शैंपू की जगह क्रीम बेस्ड शैंपू को अपनी जिम किट में जगह दें। यह आपके बालों के नेचुरल ऑयल और मौइश्चर को बालों में लॉक कर देता है। यह न सिर्फ आपके बालों और स्कैल्प को हाइड्रैट रखता है बल्कि रफनैस और ड्राइनेस को दूर कर बालों को सिल्की एंड सॉफ्ट टच भी देता है, क्योंकि यह शैंपू के साथ कंडीशनर का काम भी करता है।

## स्टाइल करेक्टली

वर्कआउट के बाद प्रोपर शावर लेने के बाद भी आपकी बॉडी का तापमान नौर्मल होने की प्रक्रिया से गुजर रहा होता है यानी शावर के बाद भी तापमान नौर्मल से थोड़ा ऊपर ही रहता है। इस दौरान अगर आपने अपने बालों की स्टाइलिंग के लिए गलत जैल जैसे हैवी ड्यूटी जैल या क्रीम इस्तेमाल की तो आप बिलकुल भी स्टाइलिश नजर नहीं आएंगे, क्योंकि ये आपके बालों को फ्लैट कर देंगे। इसलिए शैंपू के बाद कूल मोड पर रख कर हेयर ड्रायर का इस्तेमाल करें।

## बॉडी का तापमान नियंत्रित रखें

पोस्ट वर्कआउट शावर के बाद आप अपनी स्किन पर क्या और किस तरह के प्रोडक्ट अप्लाई करते हैं, इस पर ही आपका लुक निर्भर करता है कि आप कूल डूड नजर आते हैं या नहीं। यह तो आपने जाना कि शावर के बाद भी आप की बॉडी का तापमान थोड़ा बढ़ा हुआ रहता है। ऐसे में अगर आप हैवी, क्रीमी, मौइश्चराइजर अप्लाई करेंगे तो आप की बॉडी हीट होने की वजह से आपको बेहिसाब पसीना आएगा। ऐसा लगेगा जैसे सूरज की तपन से आप रोस्ट हो रहे हैं और थिक बॉडी लोशन यूज करेंगे तो शरीर पिघलता महसूस होगा। दोनों स्थितियों में आप लूजर नजर आएंगे। ऐसे में आप अपनी जिम किट में ऑयलफ्री, लाइट वेट मौइश्चराइजर व लोशन रखिए। इनको लगाने से स्किन पोर बंद नहीं होंगे और त्वचा आसानी से सांस ले सकेगी तथा ये लोशन आसानी से स्किन में अंदर तक समा जाएंगे।

# गुनगुना पानी स्वास्थ्य के लिए बेहतर



**गुनगुना** पानी सेहत के लिए बेहद लाभकारी होता है। अगर आप सुबह उठते ही खाली पेट गुनगुना पानी पीते हैं तो आपको कई तरह की बीमारियां नहीं होती और आपका पाचन तंत्र मजबूत रहता है। दरअसल रात को सोते वक्त हमारे मुंह में जो लार बनती है वो कई तरह के रोगों से बचाती है, क्योंकि उसमें ऑक्सलाइड तत्व होते हैं। ये ही वजह है कि आयुर्वेद में भी सुबह उठते ही गुनगुने पानी पीने को सेहत के लिए बेहद फायदेमंद बताया गया है।अगर आप पेट की समस्याओं से परेशान हैं और आपका पेट साफ नहीं होता, तो आपको सुबह उठते ही खाली पेट गुनगुना पानी पीना चाहिए। इससे आपको गैस और पाचन की समस्या नहीं होगी। कब्ज की शिकायत से भी छुटकारा मिलेगा। इसके अलावा अगर आप मोटापे से परेशान हैं तो गुनगुना पानी आपके लिए रामबाण है।दरअसल, रोज सुबह उठते ही गुनगुना पानी पीने से आपका वजन कम होता है। आप गुनगुने पानी में नींबू मिला लें और प्रतिदिन सुबह उठते ही पिएं और फिर देखिए कैसे आपका वजन कम होता है। वजन कम होने के साथ ही सुबह उठते ही गुनगुने पानी पीने से आपका ब्लड प्रेशर भी नियंत्रित रहता है। अगर आप सुबह उठते ही गुनगुना पानी पीते हैं तो आपको अवसाद की समस्या भी नहीं होती। आपके स्ट्रेस का स्तर कम हो जाता है।अगर आपके घुटनों में दर्द रहता है तो आपके लिए भी गुनगुना पानी बेहद फायदेमंद है। आपको सुबह उठते ही खाली पेट गुनगुना पानी पीना चाहिए। सर्दी-जुकाम में भी गुनगुना पानी बेहद फायदेमंद है। अगर आप सर्दी-खांसी की समस्या से परेशान हैं तो आपको गुनगुना पानी ही पीना चाहिए। दरअसल, पानी आपको हाइड्रेड रखता है और हर इंसान को कम से कम दो लीटर पानी तो दिनभर में पीना ही चाहिए।

# महिलाओं की स्वच्छता से जुड़ी है उनकी समस्या



भारत में महिलाओं की स्वच्छता एक ऐसा मुद्दा है जिसने ढेर सारे विवाद पैदा किए हैं। लगभग 70 प्रतिशत जनन सम्बंधी बीमारियां, मासिक धर्म के समय अस्वच्छता के कारण होती हैं, जिनसे महिलाओं को जान का खतरा भी होता है। आधुनिक स्वच्छता उत्पादों की कमी से अक्सर लड़कियों के स्कूल जाने में कमी आती है या फिर वो स्कूल जाना छोड़ देती हैं। स्वच्छता के बारे में सीखने से लड़कियां अपना ध्यान रखने के लिए सशक्त होती हैं और मासिक धर्म स्वच्छता उत्पादों की उपलब्धता महिलाओं को उनके पुरूष साथियों के समकक्ष रखती है ।मासिक धर्म से जुड़े मिथकों और रूढ़िवादिताओं का नाश लड़कियों और महिलाओं के अच्छे स्वास्थ्य को सुनिश्चित करता है। सही उत्पादों का प्रयोग व उन्हे सही समय पर बदलने की जानकारी और उपलब्धता, लड़कियों और महिलाओं को मासिक धर्म के समय अच्छी स्वच्छता बनाए रखने में सहायता करती है। नाइन सैनिटरी नैपकिन्स का नया उत्पाद अल्ट्रा थिन, भारत का पहला सैनिटरी नैपकिन है जो कि फिर से सील करने योग्य पैकिंग के साथ आता है, जो कि सैनिटरी नैपकिन को सुरक्षित और शुद्ध रखता है।यह नाइन सैनिटरी नैपकिन के फ्लफ वैरिएंट के सफल लॉन्च के बाद सामान्य और बड़े आकार में उपलब्ध है। पतला होने के साथ साथ बुनाई रहित ऊपरी सतह और पंख इसको किनारों से भी आरामदायक बनाते हैं जिसकी वजह से लगातार टकराव से होने वाले चकत्ते नहीं होते। छोटी उपरी सतह कोन की बनावट की होती है जो फ्लूइड के प्रवाह को रोक देता है जिससे आप सामान्य महसूस करते हैं। उभरे हुए पैटर्न आसानी से गीलेपन को सोख लेते हैं और प्रवाह को सामान्य रूप से वितरित करते हैं।यह उत्पाद कपड़े की तरह महसूस होता है और इसके उच्च गुणवता वाले शुष्क-आवरण नर्म और आसानी से प्रवृत करने योग्य हैं। इसकी विशिष्ट बनावट और उच्च गुणवता वाली निचली सतह की वजह से इस्तेमाल के समय इसे क्षतिग्रस्त होने से बचाता है। अल्ट्रा थिन पैड्स पूरी तरह से प्राकृतिक और गंध को रोकने के लिए हल्के सुगंधित होते हैं। पुनः सील होने वाली पैकिंग से इसे साथ रखना आसान हो जाता है जो कि इसे सर्वोत्तम स्वछता उत्पाद बनाता है।नाइन, सभी प्रमुख ऑनलाइन स्टोर और फॉमेर्सी स्टोर पर उपलब्ध है। किसी के लिए भी सैनिटरी पैड्स को कहीं भी ले जाना बहुत ही आसान है। साथ ही नाइन ने ये सम्भव किया है कि साथ रखने के साथ साथ इसे प्रवृत्त करना भी बहुत आसान हो गया है। नाइन, सुरक्षित, कपड़े से भी ज्यादा मुलायम और अल्पमूल्य का है, जिससे आप पीरियड्स के समय भी रुकेंगे नहीं।

स्पीड न्यूज

## मतदाता पुनरीक्षण को लेकर एसडीओ ने की बैठक

**बोकारो।** निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह चास के एसडीओ दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने अपने कार्यालय कक्ष में विभिन्न मान्यता .प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह . बीडीओ मिथिलेश कुमारए कार्यपालक पदाधिकारी श्रीमती छविबाला बारला आदि उपस्थित थे। श्री शेखावत ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 जारी कर दिया गया है। इसके तहत 18 वर्ष पूरे करने वाले युवा मतदाताओं एवं छूटे हुए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से जोड़ना है। पोर्टल पर जाकर वोटर आईडी में नाम सुधारए फोटो सुधारए पता सुधार आदि भी सहज तरीके से किया जा सकता है। एसडीओ ने कहा कि सभी नागरिकों को मतदाता सूची से जोड़ने के लिए जहां विशेष कैंप का आयोजन होगा। वहीं हर घर का सर्वे कर मतदाताओं को सूची से जोड़ा जाएगा और त्रुटियों का सुधार भी होगा। यह कार्य 21 जुलाई से 21 अगस्त तक चलेगा। बैठक में झारखंड मुक्ति मोर्चाए कांग्रेसए भाजपाए माकपा आदि विभिन्न पार्टियों के प्रतिनिधि उपस्थिति थे।

## रामविलास स्कूल की टॉपर छात्रा सम्मानित



**बेरमो।** कौटिल्य महापरिवार बेरमो के तत्वावधान मे शनिवार को जैक बोर्ड कॉमर्स की परीक्षा में रामविलास 10 प्लस 2 उच्च विद्यालय की टॉपर रही छात्रा सह नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष इंद्रजीत मुखर्जी के भतीजी सोमा मुखर्जी के करगली स्थित आवास में मिलकर बधाई दी। साथ ही आगे की पढ़ाई में मैं हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। विदित हो कि सोमा मुखर्जी ने 10 वीं तक सीबीएसई बोर्ड की पढ़ाई की थीए इसके बाद जैक बोर्ड में टॉपर रही। उसका सपना सीए बनने का है। कहा कि वह 8 से 10 घंटे तक पढ़ाई करती हैं। सोमा के पिता करगली बाजार निवासी प्रसनजीत मुखर्जी एक दवा दुकान में स्टाफ हैंए जबकि मां गृहिणी है। इस अवसर पर कटीले महा परिवार की रामनरेश दुबे एबृज बिहारी पांडेयए अजय झाए अनिल चंद्र झाए वसंत पाठकए उज्जवल मुखर्जीए शम्भू दुबे आदि मुख्य रूप से शामिल है।

## सहायक अभियंता संतोष मंडल ने पदभार संभाला

**चिरकुंडा।** विद्युत विभाग चिरकुंडा में सहायक अभियंता के पद पर संतोष कुमार मंडल ने शनिवार को चिरकुंडा स्थित कार्यालय में सहायक अभियंता सोमेश कुमार से पदभार ग्रहण किया। मंडल ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता चिरकुंडा क्षेत्र के उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति किया जाना है। उन्होंने कहा कि इसके अलावे बिजली चोरी पर अंकुश व राजस्व वसूली पर भी जोर रहेगा साथ ही क्षेत्र के उपभोक्ताओं का भी सहयोग लिया जाएगा।

# रघुनाथपुर पावर हाउस में कोयला आपूर्ति के नाम पर गोरखा धंधा

## बोर्रागढ़ ने पुलिस जब्त किया दो हाइवा

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** बोरागढ़ मे शुक्रवार की रात कोयला लदे दो हाईवा पकड़े जाने के बाद झरिया और बोरागढ़ पुलिस मामले की पड़ताल करने मे जुट गई है। एक हाइवा राजापुर कोलियरी से लोड होकर निकली थी। जबकि दूसरा हाइवा जिनागोरा से लोड होकर निकला था। इस मामले की जांच करने बोरागढ़ ओपी प्रभारी मनीष कुमार राजापुर चेक पोस्ट पहुंचे। वहां आरटीपीएस ट्रांसपोर्ट का खाता की जांच की। जांच मे पाया कि नम्बर की हाइवा आरटीपीएस के अंतर्गत कोयला ढुलाई का काम करता है। शुक्रवार को यह हाइवा राजापुर से निकला था। चेक पोस्ट मे मौजूद इंट्री खाता मे इस हाइवा का इन आउट भी अंकित है। वहीं जिनागोरा मे भी नम्बर हाइवा की इन आउट खाता मे इंट्री मिली ।हालांकि पुलिस अभी तक इस मामले मे मामला दर्ज नहीं किया है ।पुलिस का मानना है कि दोनों कोयला लोड हाइवा को रघुनाथपूर पावर प्लांट जाना था ।जिसका रास्ता जामडोबा होते हुए मोहलबनी दामोदर पुल पार कर जाना चाहिए था ।पर दोनों हाइवा के जीपीआरएस से छेड़छाड़ कर गलत रास्ता जामाडोबा पुटकी मार्ग से ले जाया जा रहा था। जेएच 10बीएच 1282नम्बर का हाइवा का मालिक अनथचंद मंडल बताया जाता है ।जबकि जेएच09एक्स 2875 नम्बर का हाइवा का मालिक संजय कुमार महथा बताया जाता है।

## ट्रांसपोर्टिंग की आड़ में हो रहा अवैध धंधा



पहले तो धंधेबाज ट्रांसपोर्टर और बीसीसीएल से मिलकर अपना हाइवा पासिंग करा लेते है ।इसी हाइवा से परियोजना से कोयला लोड कर लेते है ।कहीं रास्ते मे हाइवा से जीपीएस खोलकर दूसरे वाहन मे लगा देते है ।इसके बाद हाइवा को अन्यत्र ले जाकर कोयला को खपा दिया जाता है ।इधर जीपीएस लेकर दूसरा वाहन रघुनाथपूर जाकर मिलिभगत से वहां इन आउट खाते मे इंट्री कर दिया जाता है ।लौटते वक्त रास्ते में वाहन से जीपीएस निकाल हाइवा मे लगा देते है। राजापुर और जिनागोरा चेक पोस्ट जाकर जांच की वहां के इंट्री खाता मे इन आउट अंकित है ।पर गलत दिशा व रास्ते मे हाइवा कैसे पहुंचा इसकी छानबीन की जा रही है ।मनीष कुमार एओपी प्रभारीए बोरागढ़ पकड़े गए दोनों हाइवा को पुलिस ने नहीं दो वाहन पर अज्ञात लोगों ने गाड़ी को पकड़ा था ।सभी चालक को पकड़कर पिटाई कर रहे थे ।चालक को पिटते हुए कह रहे थे कि दो नंम्बर का काम कैसे कर रहे हो। हालांकि उसी वक्त बोरागढ़ चौक के पास से बोरागढ़ पुलिस गुजर रही थी ।तब दोनों हाइवा को पुलिस ने पकड़ लिया ।जबकि हाइवा चालक और दोनों वाहन से आए लोग चले गए।

## पुलिस ने जब्त किये मिलावटी मसाले

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा थाना अंतर्गत सोनारडंगाल स्थित प्रकाश कुमार अग्रवाल के अग्रवाल फुड प्रोडक्ट व राधेश्याम ट्रैडिग कंपनी में चिरकुंडा इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी सुनिल सिह के नेतृत्व मे छापेमारी अभियान चलाया गया। इंस्पेक्टर सुनिल सिह ने बताया की गुप्त सुचना मिली है कि इन दोनो संस्थान मे मसाला मे मिलावट कर बेचा जाता है आम नागरिको के जिवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है इसकी जांच को लेकर नगर परिषद के सिटी मैनेजर को मजिस्ट्रेट के रूप मे उनके समक्ष मसाला का सेम्पल लिया गया जिसको जांच के लिए भेजा जाएगा व आगे कानूनी कार्यवाही की जाएगी। वहीं पुलिस की कार्यवाही को लेकर अग्रवाल फुड प्रोडक्ट के प्रोपराइटर प्रकाश कुमार अग्रवाल व उमा अग्रवाल ने बताया कि पुलिस की यह कार्यवाही गलत है यह उनके अधिकार क्षेत्र का मामला नही बनता है।

## पीएम ने डीपीएस बोकारो के छात्र को भेजा प्रशंसा पत्र

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के छात्र अमृत कुमार को प्रधानमंत्री कार्यालय से श्परीक्षा पे चर्चाश कार्यक्रम में अपना सुझाव देने पर प्रशंसा.पत्र आया है। प्रधानमंत्री ने अपने पत्र के माध्यम से न केवल अमृत का धन्यवाद कियाए बल्कि उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की है। प्रधानमंत्री ने लिखा है कि युवा साथियों के विचारों को जाननाए समझना हमेशा उत्साहजनक होता है। युवा शक्ति से देश की आशाएं और आकांक्षाएं जुड़ी हुई हैं। अमृत ने बताया कि उसने परीक्षा पे चर्चा में भाग लेते हुए पोर्टल पर एक पैराग्राफ तैयार कर प्रधानमंत्री को भेजा था।

# सरस्वती विद्या मंदिर में नीट में सफल छात्रा सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



**बाघमारा।** सशिवि मंदिर, बाघमारा में जेपीएससी और नीट परीक्षा में सफल विद्यालय की पूर्व छात्रा आशा कुमारी और लिसा कुमारी के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का प्रारंभ दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ हुआ। बहन आशा कुमारी , जिन्होंने वर्ष 2008 में एवं बहन लिसा ने वर्ष 2020 में इसी विद्यालय से मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। विद्यालय परिवार द्वारा बहनों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के एक अन्य पूर्व छात्र सुजल भारती ने भी नीट की परीक्षा में सफलता प्राप्त की, इनकी प्रारंभिक शिक्षा स.शि.वि.मंदिर, बाघमारा से ही संपन्न हुई है। बहन आशा कुमारी की जहाँ प्रशासनिक अधिकारी के रूप में नियुक्ति होगी और वहीं लिसा चिकित्सा के क्षेत्र में अपने कदम बढ़ाएँगी। आशा कुमारी ने भैया-बहनों से अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि प्रारंभ में ही अपना लक्ष्य निर्धारित कर लें और फिर उसे प्राप्त करने के लिए परिश्रम करें, तभी मंजिल तक पहुँचना संभव हो पाएगा। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव विनय कुमार पांडेय ने सर्वप्रथम दोनों बहनों को उनकी सफलता पर बधाई दी। साथ ही उन्होंने भैया-बहनों को उनसे प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बढ़ने और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने को कहा।

### मौके पर थे मौजूद

मौके पर विद्यालय प्राचार्य संतोष कुमार झा ने कहा , यह बड़े ही हर्ष का विषय है कि आज के सम्मान समारोह की केंद्र बिंदु बहन आशा कुमारी और लिसा दोनों ही समाज सेवा के क्षेत्र से जुड़ रही हैं और हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि वे विद्या भारती परिवार सहित विद्यालय ,अपने माता-पिता तथा पूरे बाघमारा क्षेत्र का मान- सम्मान इसी तरह बढ़ाती रहेंगी। विद्यालय परिवार द्वारा भैया-बहनों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।

# प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी पर कार्रवाई की मांग

## सिविल सर्जन को लिखा पत्र

इधर, जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह ने उक्त मामले में धनबाद सिविल सर्जन को पत्र लिखते हुए तोपचांची स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा व्यवस्था में सुधार एवं दोषी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को कारण पृच्छा करते हुए 24 घंटे के अंदर कार्रवाई करने की मांग की है।

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** तोपचांची प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साहोबहियार में शुक्रवार 16 जून को जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह एवं जिला परिषद-2 के सदस्य विकास कुमार महतो ने औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने भर्ती गर्भवती महिला से चिकित्सा व्यवस्था के संबंध में पूछताछ की। गर्भवती महिला ने बताया कि यहां का शौचालय गंदा है, बेडशीट नहीं है। दोपहर 1:00 बजे तक नाश्ता नहीं दिया जाता है। रोगी दर्द से तड़पता है, मगर पूछने वाला कोई नहीं है। दवा भी बाहर से मंगानी पड़ती है। जब रोगी दर्द को लेकर हल्ला मचाते हैं तो डॉक्टर धनबाद स्थित एसएनएमएमसीएच रेफर का पर्चा थमा देते हैं। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर श्वेता गुंजन से जिला परिषद सदस्य विकास कुमार महतो ने बात की, जिस पर जवाब मिला कि नौकरी से मेरा घर नहीं चलता है। जनप्रतिनिधि 2 साल के लिए चुनकर आते हैं और डॉक्टरों को सिखाने का प्रयास करते हैं। मुझे जो अच्छा लगेगा अपने हिसाब से करूंगी। मैं प्रभारी नहीं रहना चाहती हूं, इसके लिए लिखित सूचना भी दे चुकी हूं। इस संबंध में जिला परिषद-2 के सदस्य विकास कुमार महतो ने बताया कि पूर्व में भी तोपचांची स्वास्थ्य केंद्र में बरती जा रही अनियमितताओं के बारे में सूचना दी गई थी परंतु कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# हार्डकोक भट्ठा में छापा, ट्रक समेत 50 टन कोयला जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोविंदपुर।** डीएसपी अमर कुमार पांडेय ने टुंडी रोड स्थित शिवशंभू हार्डकोक भट्ठा में छापेमारी कर बीआर 26 जीए 7972 नंबर की ट्रक समेत 50 टन कच्चा कोयला जब्त किया ।उसने बताया कि भट्ठा के कर्मी कोयला का कागजात नहीं दिखा पाये। इस संबंध में ट्रक मालिक बिहार के औरंगाबाद जिला अंतर्गत नवीनगर थाना के बड़ा निवासी अमन कुमार , पिता हरेंद्र सिंह, ट्रक के चालक , कोयला आपूर्तिकर्ता तथा शिव शंभू हर को के निदेशक मंडल के सदस्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है ।गोविंदपुर थाना के सहायक अवर निरीक्षक संजय कुमार के आवेदन पर भादवि की धारा 414, 34, 4 /21 माइंस एंड मिनरल्स डेवलपमेंट एंड रेगुलेशन एक्ट तथा 9 /13 झारखंड मिनरल पीआईएम टी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। कांड के अनुसंधानकर्ता एस आई अविनाश राम बनाए गए हैं। उधर भट्ठा के मालिक शंभूनाथ अग्रवाल का कहना है कि उनके भट्ठा में चोरी का किसी भी तरह का कोयला नहीं खरीदा जाता है।

## जूडो चैंपियनशिप में भाग लेने धनबाद पहुंची 30 सदस्यीय टीम



**धनबाद।** शनिवार को झारखंड राज्य कैडेट जूडो चैम्पियनशिप में भाग लेने धनबाद जिला जूडो टीम देवघर पहुंची। इसकी जानकारी देते हुए धनबाद जूडो संघ के सचिव पप्पू कुमार ने बताया की 30 सदस्यीय टीम में राजकमल सरस्वती विधा मंदिर, डी.ए.वी. कोयला नगर, धनबाद पब्लिक स्कूल हिरक ब्रांच, धनबाद मार्सेल आर्ट सेंटर समेत अन्य संस्थानों के खिलाड़ी सम्मिलित हैं। कोच के रूप मे राहुल शर्मा,सरिता कुमारी वा मैनेजर अक्षय कुमार हैं।स्टेट चैम्पियनशिप मे धनबाद से 4 निर्णायक पप्पू कुमार, आरती कुमारी, सुदीप चक्रवर्ती ,सोमनाथ भट्टाचार्य बनाए गए हैं।

# डीवीसी एसटीएम अस्पताल में रक्तदान शिविर

खबर मन्त्र संवाददाता




**बोकारो/ चन्द्रपुरा।** शहीद तिलका मांझी मेमोरियल डीवीसी अस्पताल चंद्रपुरा में डीवीसी और भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन डीवीसी चंद्रपुरा के वरीय जीएम सह परियोजना प्रधान सुनील कुमार पांडेयए जीएम देवव्रत दास एवं डीजीएम टी टी दास ने किया। शिविर में 23 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। मौके पर श्री पांडेय ने कहा कि थैलेसीमिया बीमारी से ग्रसित बच्चों एवं लोगों की जीवन रक्षा सहित अन्य बीमारी से ग्रसित लोगों के जीवन की रक्षा के लिए रक्तदान किया जाना सेवा धर्म है। रक्तदान से शरीर पर कोई बुरा प्रभाव भी नहीं पड़ता है।

इस अवसर पर डीजीएम केके सिंहए डॉण के पी सिंहए डॉण ए के श्रीवास्तवए डॉण परमवीर कुमारए डॉण लक्ष्मण सोरेनए डॉण एस हेम्ब्रमए डॉण ए तिग्गाएअशोक कुमारए दीपक कुमारए बी के महापात्राए लिल्ली पुष्पा तिग्गाए रागिनी सोरेंगए रेडक्रॉस सोसाइटी के डॉक्टर एस के सिन्हाए रंजन कुमारए गमदेव कुमारए सुमन कुमारीए सोनू रजकए विकास कुमार सहित सीआईएसएफ के उप समादेष्टा नकुल वर्माए अजय कुमार और सीआईएसएफ के जवान व अस्पताल के कर्मचारी मौजूद थे।

## एक नजर में

### भाजयुमो ने निकाली बाइक रैली



**सिंदरी।** मोदी सरकार के नौ साल बेमिसाल के तहत प्रदेश व्यापी महाजनसंपर्क अभियान के तहत सिंदरी में शनिवार को भाजपा युवा मोर्चा के द्वारा बाइक रैली व नुक्कड़ सभा आयोजित की गई। भाजपा नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक के नेतृत्व में बाइक रैली कांड्रा बाजार से शुरू होकर अटल चौक में अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पणए रोहड़ाबाँध में बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद शहरपुरा शिव मंदिर प्रांगण में नुक्कड़ सभा में तब्दील हो गई। कार्यक्रम में भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी ने नुक्कड़ सभा में कहा कि केंद्र की मोदी सरकार गरीबों पर खजाना लुटाने वाली सरकार है। नुक्कड़ सभा का संचालन भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष बम्पी चक्रवर्ती ने किया। बाइक रैली में किसलय तिवारी, सिंदरी विधायक पत्नी तारा देवी, भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष बम्पी चक्रवर्ती, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रकाश बाउरी शामिल थे।

### तोपचांची चिकित्सा पदाधिकारी पर कार्रवाई की मांग



**तोंपचाची।** तोपचांची प्रखंड मुखिया संघ की बैठक को चितरपुर में हुई। बैठक में विगत शुक्रवार 16 जून को जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह व जिला परिषद सदस्य विकास कुमार महतो के साथ दुर्व्यवहार की निंदा की गई। तोपचांची प्रखंड मुखिया संघ के सदस्य कपिल सिंह ने बताया कि जिला परिषद अध्यक्ष जैसे ऊंचे पद पर आसीन व्यक्ति के साथ दुर्व्यवहार शोभनीय नहीं है। धनबाद सिविल सर्जन तत्काल तोपचांची सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सा प्रभारी श्वेता गुंजन पर कार्रवाई करे। जनप्रतिनिधि के साथ दुर्व्यवहार तोपचांची प्रखंड मुखिया संघ बर्दाश्त नहीं करेगा। मौके पर सीताराम महतो, परीक्षित सिंह, द्वारिका प्रसाद महतो, दयानंद प्रमाणिक, अजमत अंसारी, गुलाम सरवर खान, लालचंद महतो, बैजनाथ महतो, अजय महतो आदि मौजूद थे।

### महाधिवेशन को सफल बनाने की अपील



तोंपचाची। झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति का प्रथम महाधिवेशन 18 जून को बलियापुर में होगा। महाधिवेशन की सफलता के लिए शनिवार 17 जून को को तोपचांची प्रखंड के हटिया मैदान में बैठक हुई। बैठक में जयराम महतो भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि बलियापुर में महाधिवेशन होगा, जिसे सफल बनाने के लिए बैठक बुलाई गई है। उन्होंने महाधिवेशन को सफल बनाने की अपील की, कहा कि बैठक में तोपचांची प्रखंड की विभिन्न पंचायतों के युवा मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि महाधिवेशन में चुनाव सहित अन्य राजनीतिक विषयों पर चर्चा होगी। चुनाव टुंडी से लड़ेंगे या डुमरी से, संवाददाताओं के इस सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि वह थोपा हुआ लीडर नहीं बनना चाहते। वर्तमान समय की जो मांग होगी, उसी पर विचार किया जाएगा. बैठक में हेमलाल महतो, फरजान खान, महेश दूबे, संतोष महतो, विशाल महतो, लोबिन महतो, जय जगन्नाथ, तुला महतो, जगदीश प्रसाद महतो, चोला राम महतो, भुनेश्वर महतो आदि मौजूद थे।

### वेदांता ईएसएल में दो श्रमिक घायल

**बोकारो।** वेदांता ईएसएल के कॉरपोरेट कम्युनिकेशन विभाग की तान्या गुप्ता ने बताया कि ऑनशोर कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के कर्मचारी भीमसेन पांडे और विमल पांडे प्लांट के कोक ओवन में काम कर रहे थे। काम के दौरान ऊंचाई से गिरने के कारण उनके हाथ और सिर में चोटें आईं। दोनों व्यक्तियों को अस्पताल ले जाया गया और फिलहाल वे खतरे से बाहर हैं।

### बिजली समस्या को लेकर जीएम से वाता

**बेरमो।** बोकारो जिला के बेरमो अनुमंडल अंतर्गत सीसीएल कथारा क्षेत्र के झिरकी पंचायत मुस्लिम टोला इस्लाम गली में बिजली की समस्या को लेकर परेशानी विस्थापित ग्रामीण कथारा जीएम से मिले पर चर्चा हुई।

पेज 3 का शेष

### सीएमओ से वार्ता...

**सीएम के प्रतिनिधि ने वार्ता की :** मुख्यमंत्री ने बतौर अपने प्रतिनिधि विनय कुमार चौबे को शिष्टमंडल से वार्ता के लिए अधिकृत किया। विनय कुमार चौबे ने शिष्टमंडल को वेतनमान के मुद्दे पर अगले सप्ताह मुख्यमंत्री से बात कराने का आश्वासन दिया। उनके आश्वासन पर एकीकृत सहायक अध्यापक माने। उन्होंने घेराव कार्यक्रम एक हफ्ते टाल दिया। शिष्टमंडल में बिनोद बिहारी महतो, संजय कुमार दुबे, हृषिकेश पाठक, दशरथ ठाकुर, प्रद्युम्न कुमार सिंह (सिंटू) शामिल थे। वेतनमान के मुद्दे पर अड़े रहे : श्री चौबे ने अनुकंपा का प्रावधान शिथिल करने, इपीएफ लागू करने, सीटेट को जेटेट का लाभ देने, केस वापसी जल्द करने, आकलन 100 अंकों का करने आदि समस्याओं के जल्द निदान का भरोसा दिलाया। वार्ता के दौरान शिष्टमंडल वेतनमान के मुद्दे पर अड़े रहे कि यदि 30 जून तक सरकार ने वेतनमान के मुद्दे पर पहल नहीं कीतो दो जुलाई को राज्य इकाई की बैठक कर उग्र आंदोलन करेगा। सत्ता पक्ष के विधायक, मंत्रियों का क्षेत्र में व्यापक विरोध करने आदि का निर्णय लेने को बाध्य होंगे।

### छुपछुपा के कोर्ट...

**क्या है मामला :** यह मामला वर्ष 2017 का है। अमिषा पर पैसे बनाने के नाम पर ढाई करोड़ रुपये लेने का आरोप है। हरमू हाउसिंग कॉलोनी में एक कार्यक्रम के दौरान अजय कुमार सिंह की उनसे भेंट हुई थी। अजय को उन्होंने फिल्मों में पैसे लगाने को ऑफर दिया। आरोप के मुताबिक, उन्होंने फिल्म देसी मैजिक बनाने के नाम पर ढाई करोड़ रुपये अमीषा पटेल के खाते में ट्रांसफर कर दिये। अजय कुमार सिंह लवली वर्ल्ड इंटरटेनमेंट के प्रोपराइटर हैं। फिल्म नहीं बनाने और पैसे वापस नहीं होने के बाद अजय कुमार सिंह ने निचली अदालत में शिकायतवाद दर्ज करायी। अमीषा पटेल पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया। फिल्म नहीं बनने पर उन्होंने अमीषा पटेल से पैसे की मांग की थी। तब अभिनेत्री ने उन्हें चेक दिया था, जो बाउंस हो गया था। अमीषा पटेल के खिलाफ कोर्ट ने दो बार वारंट जारी किया था। पहला वारंट 6 अप्रैल 2023 को और दूसरा वारंट 20 अप्रैल 2023 को जारी किया था।

# किडनी डोनेट करने के बाद सामान्य रहता है डोनर का स्वास्थ्य

## एशियन अस्पताल में किडनी ट्रांसप्लांट ओपीडी का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** शनिवार को बरटांड पेट्रोल पंप के समीप एशियन अस्पताल में किडनी ट्रांसप्लांट ओपीडी का उद्घाटन किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. मिहिर कुमार, एशियन अस्पताल के सेंटर हेड डॉ. सी. राजन डॉ ए एम राय ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. मिहिर कुमार ने कहा किडनी के मरीजों के लिए एशियन अस्पताल धनबाद में ओपीडी की शुरूआत की गई है और वे मरीजों की चिकित्सीय एवं परामर्श सेवा में हर शनिवार को प्रातः 10.00 से 2.00 अपराह्न तक उपलब्ध रहेंगे। धनबाद एशियन अस्पताल में किडनी के मरीजों की प्रारंभिक परामर्श एवं उपचार दवाओं और डायलिसिस सेवा तत्काल प्रदान की जाएगी। और बीमारी के अंतिम चरण में गुर्दे का प्रत्यारोपण यह सलाह दी जाएगी जो रोबोटिक तकनीक से एशियन इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस फरीदाबाद में किया जाएगा। एशियन अस्पताल फरीदाबाद में अनुभवी एवं विशेषज्ञ सर्जन और प्रशिक्षित टीम है जिनको रोबोटिक सहायकों के साथ काम करने का विशेष प्रशिक्षण हासिल है जो अत्याधुनिक रोबोट तकनीक से गुर्दा प्रत्यारोपण के लिए सबसे बेहतर एवं सफल अस्पताल है। रोबोटिक-असिस्टेड किडनी ट्रांसप्लांट आधुनिक युग में एक बेहतर तरीका है इससे सर्जन के लिए सर्जरी करना आसान होता है और रोगी ट्रांसप्लांट के दौरान कम दर्द-पीडा के साथ पूरी प्रक्रिया से गुजर जाता है और यह काफी सुरक्षित भी है। मुख्य ब्रांच एशियन इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस फरीदाबाद में रोबोटिक तकनीक से करीब सैकड़ों सफल ऑपरेशन किया जा चुका है। रोबोटिक तकनीक से किडनी ट्रांसप्लांट किया हुआ मरीज ऑपरेशन के बाद हर मूवमेंट कर सकते हैं। परंपरागत ओपन सर्जरी के साथ-साथ लेप्रोस्कोपिक सर्जरी की तुलना में रोबोटिक सर्जरी के अनेक बेनिफिट है। इस अवसर पर उपस्थित डॉ. ए. एम. राय ने अपने परिजनों को किडनी डोनेट करने के संबंध में संदेश दिया कि किडनी डोनेट करने के बाद डोनर का स्वास्थ्य सामान्य रहता है। किडनी डोनेट के उपरांत शारीरिक कमजोरी कि कोई धारणा ना पाले। सामान्य जीवन के लिए एक किडनी काफी है।और अपने परिवार में किडनी से ग्रसित सदस्य को अगर कभी किडनी की जरूरत पड़े तो उन्हें दान करें।

## किडनी ट्रांसप्लांट में कम खर्च आता है

रोबोटिक सर्जरी के बाद मरीज अच्छी तरह खाना-पीना, एक्सरसाइज एवं बिल्कुल सामान्य जीवन यापन जी रहे हैं। सबसे बड़ी बात रोबोटिक किडनी ट्रांसप्लांट में अन्य अस्पतालों की तुलना में एशियन अस्पताल में खर्च बहुत ही कम आता है। एक अन्य महत्वपूर्ण नियम की एशियन इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में मरीज का किडनी ट्रांसप्लांट उसके रिलेटेड पर्सन से ही किडनी ट्रांसफर किया जाता है। अनुवांशिकता मैचिंग का फायदा होता है। इससे किडनी के मरीज का किडनी ट्रांसप्लांट के उपरांत जीवन दीघार्यु और स्वास्थ्य सामान्य होती है।

### 24 घंटे मिलेगी ओपीडी की सुविधा

ओपीडी उद्घाटन के मौके पर सेंटर हेड डॉ. सी. राजन ने कहा एशियन हॉस्पिटल धनबाद में किडनी ट्रांसप्लांट ओपीडी की शुरूआत की गई है इससे अब धनबाद एवं आसपास जिले के लोग लाभान्वित होंगे। एशियन अस्पताल के समस्त अनुभवी एवं विशेषज्ञ डॉक्टर हर जटिल से जटिल रोगों के इलाज के लिए 24 घंटे सेवा में उपलब्ध है और उनके निदान के लिए प्रयत्नशील है।

स्पीड न्यूज

## अविश्वास की चपेट में हैं भारत-पाकिस्तान संबंध : बिलावल भुट्टो




**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के संबंध अविश्वास के माहौल की चपेट में हैं। इंस्टीट्यूट ऑफ स्ट्रैटेजिक स्टडीज इस्लामाबाद की 50वीं सालगिरह पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान आपसी सम्मान और संप्रभु समानता के आधार पर भारत के साथ 'अच्छे पड़ोसी संबंध' रखने के लिए प्रतिबद्ध है। बिलावल ने कहा कि शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्राध्यक्षों की बैठक जल्द भारत में होने वाली है। उन्होंने दावा किया कि पाकिस्तान इस बैठक में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए तरीकों की तलाश कर रहा था, लेकिन भारत ने डिजिटल बैठक आयोजित करने की घोषणा कर दी। पाकिस्तान शंघाई सहयोग संगठन, संयुक्त राष्ट्र और अन्य बहुपक्षीय संगठनों के माध्यम से भारत के साथ बातचीत करने को प्रतिबद्ध है।

## नेपाल के राष्ट्रपति की तबीयत फिर बिगड़ी

काठमांडू। नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद शनिवार सुबह काठमांडू के मनमोहन कार्डियोथोरेसिक वैस्कुलर एंड ट्रांसप्लांट सेंटर में भर्ती कराया गया है। अस्पताल के कार्यकारी निदेशक डॉ. रत्नामणि गजुरेल ने एक बयान में बताया कि राष्ट्रपति पौडेल के स्वास्थ्य की निगरानी रखी जा रही है। उल्लेखनीय है कि इसके पहले 13 जून को पौडेल को दिल का दौरा पड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था और 14 जून को उन्हें डिस्चार्ज किया गया था।

## फ्रांस में 5.8 तीव्रता के भूकंप के झटके

पेरिस। फ्रांस के पश्चिमी क्षेत्र में भूकंप के शक्तिशाली झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.8 रिकार्ड की गई है। इससे कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है। 1100 से ज्यादा घरों में बिजली गुल हो गई। फ्रांस के भूकंप विज्ञानियों ने कहा है कि 2000 के दशक के बाद देश में इस तीव्रता का भूकंप आया है। राष्ट्रीय भूकंपीय निगरानी केंद्र (राष्ट्रीय नेटवर्क रेनास) ने कहा है भूकंप की तीव्रता 5.3 रही। मगर फ्रेंच सेंट्रल सीस्मोलॉजिकल ब्यूरो ने रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.8 बताई है। यह झटके उत्तर में रेन्नेस और दक्षिण-पश्चिम में बोर्डो तक महसूस किए गए।

## सुभाष चंद्र बोस होते तो भारत का बंटवारा नहीं होता : डोभाल

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने शनिवार को कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस में अंग्रेजों को निडर होकर चुनौती देने का साहस था और अगर वह उस समय होते, तो भारत का विभाजन नहीं होता। डोभाल ने कहा कि बोस भारत की आजादी के लिए अंग्रेजों से लड़ने के लिए दृढ़ थे और कभी भी आजादी की भीख नहीं मांगना चाहते थे। उन्होंने कहा कि वह न केवल राजनीतिक अधीनता को समाप्त करना चाहते थे, बल्कि महसूस करते थे कि लोगों की राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक मानसिकता को बदलना होगा और उन्हें आकाश में मुक्त पक्षियों की तरह महसूस करना चाहिए। उद्योग मंडल एसोचैम द्वारा आयोजित पहले नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मृति व्याख्यान में एनएसए ने यह बात कही।

# मोदी के सम्मान में व्हाइट हाउस में लहराया तिरंगा

एजेंसी

**अमेरिकी राष्ट्रपति के आवास के बाहर एक साथ लहरा रहें हैं दोनों देशों के राष्ट्रीय ध्वज**

**वाशिंगटन।** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अमेरिका आगमन पर स्वागत की तैयारी तेजी के साथ शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री मोदी चार दिवसीय यात्रा पर यहां 21 जून को पहुंच रहे हैं। अमेरिकी सरकार भी भारत के प्रधानमंत्री की यात्रा को लेकर बेहद उत्सुक है। इस क्रम में शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास व्हाइट हाउस के बाहर भारतीय तिरंगा (राष्ट्रीय ध्वज) और अमेरिकी झंडे (देश के राष्ट्रीय ध्वज) को एक साथ लहराया गया।

यह देखकर भारतीय मूल के नागरिक प्रसन्न हैं। वह इसे भारत के सम्मान और गर्व की दृष्टि से देख रहे हैं। उल्लेखनीय है कि भारतीय प्रधानमंत्री मोदी 23 जून को यहां रोनाल्ड रीगन बिल्डिंग ऐंड इंटरनेशनल ट्रेड सेंटर में विभिन्न हिस्सों से पहुंचे आमंत्रित नेताओं को संबोधित करेंगे। इसके बाद अमेरिका की उप राष्ट्रपति कमला हैरिस और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन भारतीय नेता के सम्मान में दोपहरकालीन भोज की मेजबानी करेंगे।प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका दौरे के प्रथम दिन 21 जून को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय न्यूयॉर्क में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह की अगुवाई करेंगे। 22 जून को अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से वाशिंगटन में उनकी मुलाकात का कार्यक्रम तय है। 22 जून को ही बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडेन भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सम्मान में आयोजित राजकीय रात्रिभोज की मेजबानी करेंगे। मोदी 22 जून को ही अमेरिकी कांग्रेस की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री वाशिंगटन में प्रमुख कंपनियों के सीईओ, पेशेवरों, अन्य हितधारकों के साथ बातचीत भी करेंगे।



## युगांडा में स्कूल पर आतंकी हमला, 41 लोगों की मौत

**कंपाला।** युगांडा में आईएसआईएस से जुड़े आतंकी समूह ने एक स्कूल पर हमला कर दिया। इस हमले में 38 छात्रों समेत 41 लोगों की मौत हो गयी। आठ लोग घायल हो गए। पश्चिमी युगांडा के मपांडवे कस्बे में अलाइड डेमोक्रेटिक फोर्स के बंदूकधारियों ने एक स्कूल पर हमला कर दिया। हमले में 41 लोगों की मौत हो गयी। इनमें से 38 छात्र थे। आठ अन्य लोग घायल हुए हैं। जिस जगह हमला हुआ, वह क्षेत्र कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य की सीमा से जुड़ा है।

# यूपी के डिफेंस कॉरिडोर में विमान व ब्रह्मोस भी बनेंगी

## रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा भारत : राजनाथ

एजेंसी

**यूएवी, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का होगा निर्माण और ड्रोन भी बनेगा**

**लखनऊ।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को आत्मनिर्भर भारत सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के डिफेंस कॉरिडोर में अब केवल नट-बोल्ट या कलपुर्जों का निर्माण ही नहीं किया जाएगा बल्कि विमान व ब्रह्मोस मिसाइलें भी बनेंगी। यहां पर यूएवी, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का निर्माण और ड्रोन तैयार करने का काम किया जाएगा। रक्षामंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारा में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यहां यूपीडीआईसी एक महत्वाकांक्षी परियोजना है जिसके जरिए विदेशी आपूर्तिकताओं पर भारतीय रक्षा क्षेत्र की निर्भरता घटाने का इरादा है। अलीगढ़ में 11 अगस्त, 2018 को एक कार्यक्रम में रक्षा उत्पादन में 3,700 करोड़ रुपये से अधिक निवेश की घोषणा के साथ इस परियोजना की शुरूआत हुई थी।

राजधानी लखनऊ के सूर्य क्लब सभागार कैंट में आयोजित संगोष्ठी में राजनाथ सिंह ने कहा कि साल 1971 और कारगिल युद्ध के समय कुछ देशों ने हमें हथियार नहीं दिया उन देशों का हम नाम नहीं लेंगें। हालांकि आज जब भारत बोलता है तो पूरी दुनिया सुनती है। रक्षा मंत्री ने कहा कि आज जब तकनीक का नाम नया योद्धा युद्ध में आया है, तब हमें कहीं और आगे



बड़ा सोचने की आवश्यकता है। हमें क्षितिज से परे सैन्य साजो-सामान के क्षेत्रों में भी आत्मनिर्भरता प्राप्त करने की आवश्यकता है। जितने महत्वपूर्ण हमारे सैनिकों का शौर्य और प्रदर्शन है, उतने ही महत्वपूर्ण प्लेटफॉर्म, उपकरण और नई-नई तकनीकें भी हैं।

रक्षा मंत्री ने कहा कि हमने उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में रक्षा गलियारा के जरिए रक्षा विनिर्माण के लिए एक अनुकूल वातावरण तैयार किया है। मुझे बताया गया है कि इस गलियारे के लिए करीब 1,700 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण की योजना है, जिसमें से 95 प्रतिशत से अधिक भूमि का पहले ही अधिग्रहण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि इनमें से 36 उद्योगों और संस्थानों को करीब 600 हेक्टेयर भूमि आवंटित कर दी गई है और 16,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के अनुमानित निवेश के साथ 109 सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि अभी तक करीब 2,500 करोड़ रुपये का कुल निवेश विभिन्न इकाइयों द्वारा यूपीडीआईसी में किया गया है।

# बंगाल में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री पर हमला

## पंचायत चुनाव में लगातार हिंसा जारी



एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव की घोषणा के बाद से ही लगातार हिंसा का दौर जारी है। शनिवार को सुबह सबसे पहले समय केंद्रीय गृह राज्यमंत्री निशिथ प्रमाणिक को निशाना बनाकर उनके काफिले पर हमला किया गया। इस हमले के आरोप राज्य के मंत्री उदयन गुहा और उनके समर्थकों पर लगे हैं। उसके बाद दोपहर के समय मालदा जिले में तृणमूल कांग्रेस के एक नेता की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। राज्य भर में हो रही हिंसा की इन वारदातों को लेकर राज्यपाल डॉक्टर सी वी आनंद बोस ने राज्य के चुनाव आयुक्त राजीव सिन्हा को बुलाया था लेकिन वह नहीं गए। उन्होंने कहा कि स्क्रुटनी के काम में बिजी हैं, किसी और दिन जाएंगे।

इधर दक्षिण 24 परगना के कैनिंग में एक बार फिर तनाव का माहौल बन गया है। तृणमूल और विपक्षी दलों के समर्थकों के बीच लगातार हिंसा की घटनाएं हो रही हैं। अब राज्यपाल वहां जाने की तैयारी में हैं। इसके पहले वह भांगड़ गए थे जहां आईएसएफ के एक नेता की गोली मारकर हत्या की गई है।

मालदा जिले में शनिवार दोपहर के समय तृणमूल कांग्रेस के पूर्व पंचायत प्रधान के पति को 34 नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गिरा कर बर्बर तरीके से पीट-पीटकर मौत के घाट उतारा गया। मृतक की पहचान मुस्तफा शेख के तौर पर हुई है। उनकी पत्नी मालदा के सूजापुर ग्राम पंचायत की प्रधान थी।

उसके पहले सुबह के समय केंद्रीय गृह राज्यमंत्री निशिथ प्रमाणिक पर एक बार फिर कूचबिहार जिले में जानलेवा हमला हुआ है। यहां साहिबगंज इलाके में जब भारतीय जनता पार्टी के विधायक सुकुमार रॉय और पार्टी की महिला पंचायत उम्मीदवार के साथ प्रमाणिक गुजर रहे थे तो शनिवार को उनके काफिले को घेर कर धारदार हथियारों से हमले किए गए। तीर चलाए गए हैं और कटार फेंके गए हैं। तीर के अगले हिस्से में लोहे की धारदार नोक लगी थी जिसे लगने पर जान भी जा सकती है। केंद्रीय मंत्री ने कहा है कि बमबारी भी हुई है। उन पर तृणमूल के लोगों ने हमला करवाया है। प्रमाणिक ने कहा कि राज्य के गुंडा मंत्री उदयन गुहा ने हमला करने वालों का नेतृत्व किया है।

### मालदा में टीएमसी नेता की पीट-पीटकर हत्या

**राज्यपाल ने किया कैनिंग का दौरा, दी कड़ी चेतावनी**

**पश्चिम बंगाल** के राज्यपाल डॉक्टर सीवी आनंद बोस ने शनिवार को दक्षिण 24 परगना जिले के कैनिंग इलाके का दौरा किया है। यहां पंचायत चुनाव को केंद्र कर सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस के दो गुटों के बीच हिंसक झड़पें हुई हैं। इसके पहले उन्होंने भांगड़ का दौरा किया था। गवर्नर ने पीड़ित लोगों से मुलाकात की। साथ ही मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि जो लोग हिंसा की घटना में शामिल हैं उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। राज्यपाल ने शनिवार को अपना सारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम रद्द किया और हिंसा प्रभावित क्षेत्र में पहुंचे। उन्होंने यहां सिंचाई विभाग के दफ्तर में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक भी की है। राज्यपाल ने स्थानीय लोगों से बात करने के साथ ही अधिकारियों को भी निर्देशित करते हुए कहा कि जो भी हिंसा कर रहा है उसके खिलाफ बेखौफ कार्रवाई करें। बाकी कोई समस्या होगी तो राजभवन हस्तक्षेप करेगा।

# बालासोर ट्रेन दुर्घटना में मृतक की पहचान के लिए डीएनए नमूने एकत्र करेगा रेलवे

**कोलकाता।** भारतीय रेलवे ने दो जून को बहनागा, जिला बालासोर में 12841 शालीमार-एमजीआर चेन्नई सेंट्रल कोरोमंडल एक्सप्रेस और 12864 एसएमवीटी बेंगलुरु हावड़ा एक्सप्रेस में हुई ट्रेन दुर्घटना में शामिल मृतकों के रिश्तेदारों/निकट संबंधियों के डीएनए नमूने एकत्र करने का निर्णय लिया है। अज्ञात शवों का दावा करने के लिए मृतक के साथ पहचान और संबंध स्थापित करने के लिए। रेलवे एतद् द्वारा अनुरोध करता है कि वे आगे आकर मृतक की पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित स्थल, समय और स्थान पर अपने डीएनए नमूने दें और निम्नलिखित रेलवे अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं। स्थानः अकादमिक ब्लॉक, एम्स, भुवनेश्वर संपर्क : कार्मिक अधिकारी, मोबाईल 8455887604 - वाणिज्य प्रबंधक, मोबाइल 8455885967 जनसम्पर्क अधिकारी - 8455885040 जनसंपर्क अधिकारी, मोबाइल - 8455885041 भुवनेश्वर रेलवे में सहायता : स्टेशनः 0674 - 2534027 ईस्ट कोस्ट रेलवे कंट्रोल रूम, भुवनेश्वर 8455885999 और खुर्दा रोड - 8455887999 पर सहायता कौशिक मित्रा, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, पूर्व रेलवे ने बंगाल और आसपास के मृतक के परिजनों/निकट संबंधियों से अनुरोध किया है कि यदि वे अपने रिश्तेदारों के शव लेने में विफल रहे तो उपरोक्त अधिकारियों से संपर्क करें।

## एनएसजी के पूर्व अधिकारी की 45 करोड़ की संपत्ति जब्त

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एनएसजी के पूर्व डिप्टी कमांडेंट प्रवीण यादव और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने उनकी 45.20 करोड़ रुपये की 52 चल और अचल संपत्तियों को पीएमएलए के तहत जब्त किया है। ईडी ने शनिवार को एक बयान में कहा कि एनएसजी के पूर्व डिप्टी कमांडेंट प्रवीण यादव और उनके परिवार के सदस्यों से संबंधित 45.20 करोड़ की 52 चल और अचल संपत्तियों को जब्त करने का अस्थायी आदेश जारी किया गया है।

# इंफाल में सुरक्षा बलों और भीड़ में झड़प, दो घायल

एजेंसी

**उपद्रवियों ने विधायक के घर में आग लगाने की कोशिश की**

इंफाल। मणिपुर के इंफाल शहर में शुक्रवार रात भीड़ और सुरक्षा बलों के बीच संघर्ष में दो नागरिक घायल हो गए। इस दौरान भाजपा नेताओं के घरों को आग लगाने का प्रयास किया गया। इसकी जानकारी अधिकारियों ने शनिवार को यहां दी। अलग-अलग घटनाओं में मणिपुर के बिष्णुपुर जिले के क्वाकटा और चुराचंदपुर जिले के कंगवई में भी बीती रात स्वचालित हथियारों से गोलीबारी की सूचनाएं मिल रही हैं। इंफाल वेस्ट के इरिंगबाम थाने से भी हथियार लूटने की कोशिश की गई। हालांकि, कोई हथियार उपद्रवी नहीं ले जा पाए।इस बीच दंगाइयों को एकत्र होने से रोकने के लिए सेना, असम राइफल्स और मणिपुर रैपिड एक्शन फोर्स ने राज्य की राजधानी में आधी रात तक संयुक्त मार्च किया। बीती रात लगभग 1,000 लोगों की भीड़ महल परिसर के पास की इमारतों को जलाने की कोशिश करने के लिए एक साथ आई थी। आरएएफ ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और रबड़ की गोलियां चलाईं।

इसके अलावा उपद्रवियों की भीड़ ने विधायक बिश्वजीत के घर में आग लगाने की कोशिश की। हालांकि, आरएएफ कॉलम ने भीड़ को तितर-बितर कर भगा दिया। आधी रात के बाद सिंजेमाई में कुछ अन्य उपद्रवियों ने भाजपा कार्यालय को घेर लिया लेकिन कोई नुकसान नहीं पहुंचा सके, क्योंकि सेना के एक दस्ते ने उन्हें तितर-बितर कर दिया। इसी तरह, आधी रात के करीब इंफाल में पोरमपेट के पास भाजपा की अध्यक्ष शारदा देवी के घर में भीड़ ने तोड़फोड़ करने की कोशिश की। सुरक्षाबलों ने हिंसा फैलाने आए युवकों को खदेड़ दिया। अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले दिन में शुक्रवार को इंफाल शहर के बीचोबीच सड़कों पर जाम लगाया गया और कुछ संपत्तियों को आग लगाई गई थी। इसके अलावा केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री आरके रंजन सिंह के एक घर पर गुरुवार रात हमला किया गया और उसे जलाने का प्रयास किया गया। इसी बीच शाही महल के पास एक सेवानिवृत्त आदिवासी आईएएस अधिकारी के एक गोदाम में शुक्रवार को आग लगा दी गयी, जिसमें वह पूरी तरह से जलकर राख हो गया। गोदाम में आग लगाने के बाद शुक्रवार की शाम भीड़ आरएएफ कर्मियों से भिड़ गई। अधिकारियों ने कहा कि समूह ने वांगखेई, पोरोमपत और थंगापत इलाकों में सड़कों के बीच में टायर, लकड़ी और कचरा भी जलाया, जिससे मणिपुर की राजधानी शहर में यातायात प्रभावित हुआ।

## असम में बाढ़ से 13 जिले प्रभावित

**गुवाहाटी।** असम समेत पूरे पूर्वोत्तर और पड़ोसी देश भूटान में पिछले एक सप्ताह से लगातार हो रही बारिश के चलते असम के 13 जिले बाढ़ से प्रभावित हो गए हैं। कई नदियों के तटबंध टूट गए हैं। सड़कों को भी नुकसान हुआ है। प्रशासन पूरी तत्परता के साथ बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रहा है। असम राज्य आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से 13 जिलों में आई बाढ़ के आज आंकड़े जारी किए हैं। राज्य की तीन नदियां तीन स्थान पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। इनमें पुठीमारी नदी (एनएच रोड क्रॉसिंग), कपिली नदी (कामपुर), ब्रह्मपुत्र (नेमातीघाट) शामिल हैं।




# तारा सिंह के लुक में नजर आये सनी देओल

**मुंबई।** बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता सनी देओल के बेटे करण देओल 18 जून को अपनी गर्लफ्रेंड द्रशा आचार्य के साथ शादी के बंधन में बंधने वाले है। पिछले कुछ दिनों से करण और द्रशा के प्री-वेडिंग फंक्शन चल रहे हैं। हाल ही में करण और द्रशा की संगीत सेरेमनी हुई। खास मौके पर धर्मेंद्र, सनी देओल, बॉबी देओल सहित कई तमाम बॉलीवुड हस्तियां भी मौजूद रहीं। सनी देओल ने करण के कॉन्सर्ट में "मैं निकला गड्डी लेके" गाने पर डांस किया। उनकी परफॉर्मेंस का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सनी ने करण और द्रशा के संगीत समारोह में ब्लॉकबस्टर फिल्म गदरः एक प्रेम कथा के गाने "मैं निकला गड्डी लेके" पर डांस किया। करण और द्रशा के संगीत समारोह के लिए, सनी देओल "गदर" के तारा सिंह की तरह नजर आए। उनकी तस्वीरें इंटरनेट वायरल हो रही है। धर्मेंद्र ने



न सिर्फ अपने पोते के संगीत समारोह में शिरकत की, बल्कि डांस भी किया। धर्मेंद्र ने पोते करण और राजवीर के साथ "यमला पगला दीवाना" गाने पर डांस किया। उनके डांस का वीडियो वायरल हो रहा है। अभिनेता रणवीर सिंह भी करण और द्रशा के संगीत कार्यक्रम में शामिल हुए। करण और द्रशा की शादी 18 जून को होगी। उनकी शादी के समारोह में करीबी दोस्त और परिवार वाले शामिल होंगे।

## आदिपुरुष ने पहले दिन की रिकॉर्ड तोड़ कमाई

**लंबे इंतजार** के बाद आखिरकार फिल्म 'आदिपुरुष' शुक्रवार को रिलीज हो गई। फिल्म को पांच भाषाओं हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में 6200 से ज्यादा स्क्रीन्स पर रिलीज किया गया था। इस फिल्म को अकेले हिंदी भाषा में करीब 4000 स्क्रीन्स पर रिलीज किया गया। सैनील्क रिपोर्ट की मानें तो आदिपुरुष ने पहले दिन 90 करोड़ की कमाई की है। बताया जाता है कि फिल्म आदिपुरुष ने अकेले हिंदी में 45 करोड़ की कमाई की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ओपनिंग डे के वर्ल्डवाइड कलेक्शन की बात करें तो 150 करोड़ के पार पहुंचने की बात कही जा रही है। वहीं यह फिल्म हिंदी भाषी राज्यों में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है। इसके अलावा फिल्म ने अन्य



साउथ भाषाओं में भी अच्छी कमाई की है। ऐसे में ट्रेड एनालिस्ट्स की राय है कि प्रभास की फिल्म इस वीकेंड धमाकेदार कमाई करेगी। 500 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों से मिलेजुले रिव्यू मिले हैं। लेकिन कहा जा रहा है कि फिल्म वीकेंड में अच्छा प्रदर्शन करेगी।



स्पीड न्यूज

## पेट्रो जलप्रपात में डूबने से एक युवक की मौत

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सुप्रसिद्ध पेट्रो जलप्रपात में शनिवार को नीचे पानी के कुंड में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। वहीं युवक की पहचान 31 वर्षीय दीपक कुमार शर्मा पिता अवधेश शर्मा के रूप में किया गया जो नालंदा जिला अंतर्गत बिहार शरीफ के लहेरी थाना के निवासी है। वहीं बताया जाता है की युवक अपने आठ दोस्तों के साथ पेट्रो जलप्रपात में पिकनिक मनाने के लिए आया था, जो सभी मिलकर खाना बना रहे थे और मौज मस्ती चल रही थी। इसी बीच युवक नीचे कुंड में नहाने गया, जहां डूबने से उसकी मौत हो गई। आसपास के लोग बचाने का बहुत प्रयास किया मगर तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मौत की सूचना मिलते ही वहां पिकनिक मना रहे लोगों में हड़कंप मच गया।

## मुख्यमंत्री के द्वारा 22 जून को दिया जाएगा नियुक्ति पत्र

**कोडरमा।** पंचायती राज विभाग झारखण्ड सरकार द्वारा कम्प्यूटर ज्ञान एवं कम्प्यूटर में हिंदी टंकण अहर्ता धारक पद हेतु आयोजित संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2017 के द्वारा पंचायत सचिव पद पर नियुक्ति हेतु सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र 22 जून को रांची के मोहराबादी मैदान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दिया जाएगा, जिले के सफल अभ्यर्थियों को उक्त कार्यक्रम में शामिल करवाने को लेकर डीसी आदित्य रंजन ने एक निर्देश जारी कर, जिला पंचायती राज पदाधिकारी भगीरथ प्रसाद को नोडल पदाधिकारी बनाकर इसकी जिम्मेवारी सौंपी है। जारी निर्देश में अभ्यर्थियों को ससमय रांची ले जाने और वापस लाने को लेकर आदित्य सौरभ नाजिर जिला पंचायती राज पदाधिकारी को प्रतिनियुक्त किया गया। जारी निर्देश में सभी सफल अभ्यर्थियों को 22 जून की सुबह 6 बजे निर्धारित परिधान में समाहरणालय पहुंचने का निर्देश दिया गया है।

## डीडीसी ने ऑनलाइन बैठक कर समीक्षा की

**कोडरमा।** उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने ऑनलाइन बैठक कर जिले में सन्चालित मनरेगा के तहत विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक कर, अधिकारियों को कई निर्देश दिया। बैठक में सतगावां प्रखण्ड के खुट्टा पंचायत में निर्माणधीन बागवानी, कटैया में कूप निर्माण, बासोडीह में बागवानी, चंदवारा प्रखण्ड के भोंडों पंचायत में कूप, पिपराडीह और मरकच्चो के दक्षिणी पंचायत में बागवानी आदि योजनाओं की समीक्षा कर योजनाओं को तेजी से पूर्ण करने, पुराने बागवानी योजनाओं में पटवन का कार्य को लेकर मास्टर रोल निर्गत करने, बागवानी सखी को योजनाओं में जोड़ते हुए मास्टर रोल निर्गत करने, सभी पौधों में एच टेका की मरम्मती, घेरान की मरम्मती आदि करने का निर्देश दिया गया।

## 100 आंगनबाड़ी सेविकाओं का चयन

**कोडरमा।** उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने ऑनलाइन बैठक कर समाज कल्याण विभाग से सन्चालित तितली प्रोजेक्ट की समीक्षा करते हुए, प्रोजेक्ट के तहत 100 आंगनबाड़ी सेविकाओं/सहायिकाओं का चयन किया गया, जिसमे से 99 को तितली प्रोजेक्ट के तहत प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों के आकलन करने, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने आदि से सम्बंधित विस्तृत जानकारी दी गयी।

## जिला ऊधम समिति की बैठक में निर्देश

**कोडरमा।** डीडीसी ऋतुराज की अध्यक्षता में वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट सह जिला उधम समिति की समीक्षा बैठक हुई, बैठक के दौरान पूर्व में लिए गए निर्णयों व आगे की कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए आलू चिप्स निर्माण के लिए स्थल चयन करने का निर्देश दिया गया। बैठक में डीडीसी ने कहा कि आलू चिप्स निर्माण के लिए विस्तृत कार्य योजना को एक सप्ताह के अंदर अंतिम रूप से दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही जिले में मडुआ की खेती और उसके उत्पाद भी बनाये जाएंगे इसके लिए तैयारी अंतिम चरण में है। मौके पर राजीव कु सिंह, प्रीति सिन्हा आदि मौजूद थे।

### लोगों का जुना हुआ मुहाल, तेज पछुआ से खेतों की नमी गायब, संकट में किसान

# बिहार में गर्मी ने तोड़ा 11 साल का रिकॉर्ड

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** बिहार में गर्मी ने 11 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। लोग भीषण गर्मी से परेशान है। सभी को ऐसा लग रहा है कि मानों आसमान से आग बरस रही है। हर दिन तापमान में क्रमिक इजाफा हो रहा है। रात में भी दोपहर जैसी गर्मी है। तेज पछुआ से खेतों की नमी गायब है। बिहार में गर्मी ने 11 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। लोग भीषण गर्मी से परेशान है। सभी को ऐसा लग रहा है कि मानों आसमान से आग बरस रही है। हर दिन तापमान में क्रमिक इजाफा हो रहा है। रात में भी दोपहर जैसी गर्मी है। राज्य में प्रचंड गर्मी के कारण धान की खेती पर असर पड़ा है। लक्ष्य का मात्र 21 फीसदी बिचड़ा ही डाला गया है। भीषण लू और तेज पछुआ के कारण खेतों की नमी गायब हो रही है। जलस्तर भी नीचे जा रहा है। इस कारण सिंचाई में परेशानी हो रही है। पटना में एक तिहाई धान का बिछड़ा झुलस गया है।

**दक्षिण बिहार में सूखने के कगार पर धान का बिचड़ा :** मगध के साथ ही मुंगेर प्रमंडल में तीन से चार फीसदी ही बिचड़ा पड़ा है। दक्षिण बिहार में किसानों की ओर से डाला गया बिचड़ा सूखने की कगार पर है। बारिश में भी देरी की संभावना जताई गई है। इस बार पूरे राज्य में धान की खेती पर असर पड़ा है। क्योंकि, 15 जून तक 30 से 35 फीसदी तक बिचड़ा डाल दिया जाता था। लेकिन, इस बार करीब 14 फीसदी कम बिचड़ा डाला गया है।




**भीषण गर्मी में धान के बिछड़े को बचाना बड़ी चुनौती :** तेजी से बदल रही जलवायु किसानों के लिए चुनौती बन चुकी है। भीषण गर्मी में धान के बिछड़े को बचाना किसानों के लिए एक बड़ी समस्या है। मोटर पंप के सहारे किसान समय समय पर सिंचाई कर रहे हैं। किसानों को इस बार बिचड़ा डालने में भी ज्यादा रुपए खर्च करने पड़ रहे है। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि चावल की कीमतों में इजाफा हो सकता है। साथ ही लोगों की जेब पर इससे पड़ सकता है।

## 34वां प्रांतीय कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिता का उद्घाटन

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर झुमरीतिलैया में शनिवार को विद्या विकास समिति का 34वां प्रांतीय कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिता का उद्घाटन हुआ। इसके पहले एक प्रेस वार्ता की गई, जिसमें उत्तर पूर्व क्षेत्र के क्षेत्रीय मंत्री रामअवतार नारसरिया, प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी, समिति के स्थानीय अध्यक्ष नारायण सिंह, विद्यालय के सचिव अनुराग सिंह और प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार साहू मौजूद थे। प्राचार्य शार्मेन्द्र कुमार साहू ने अतिथियों का परिचय कराया। प्रेसवार्ता में क्षेत्रीय मंत्री राम अवतार नारसरिया और प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में राज्य भर के 24 स्कूलों के 650 बच्चे शामिल हो रहे हैं, जिनके ठहरने और भोजन की व्यवस्था कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर के द्वारा की गई है। वहीं श्री साहू ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में अपनी खेल प्रतिभा का तो दर्शन करने का अवसर मिलेगा।

# ब्लाइंड मर्डर केस का पुलिस ने 48 घंटों के भीतर किया उद्भेदन, गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** पुलिस ने लावालोंग थाना क्षेत्र के पोटम गांव में हुए नाबालिग छात्रा के ब्लाइंड मर्डर केस का 48 घंटों के भीतर उद्भेदन कर दिया है। पुलिस ने मामले का उद्भेदन करते हुए मृत छात्रा के प्रेमी संतोष कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

इस दौरान पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी प्रेमी के पास से नाबालिग छात्रा के हत्या में प्रयुक्त दो पत्थर, घटनास्थल से पाया गया मृतक छात्रा का खून से सना कपड़ा, आरोपी प्रेमी के द्वारा मृतक छात्रा का छुपाए गये चप्पल के साथ हत्या के दौरान उपयोग किया गया एक एंड्रॉयड फोन पर बरामद गया है। गिरफ्तार आरोपी का मृतक छात्रा के साथ पूर्व से ही प्रेम प्रसंग चल रहा था जिसको लेकर बीते मंगलवार को प्रेमी ने छात्रा को मिलने के लिए गांव के पास के जंगल में बुलाया था जहां आरोपी प्रेमी मृतक छात्रा को अपने साथ भाग कर शादी करने के लिए दबाव डाल रहा था जिस पर छात्रा ने यह कह कर मना कर दिया था कि इससे उसके परिवार का इज्जत और मान को ठेस पहुंचेगा।



छात्रा के इस बात से नाराज सनकी प्रेमी ने पास पड़े पत्थर से छात्रा के चेहरे पर वारकर उसकी निर्मम हत्या कर दी। जिसके बाद साक्ष्य छुपाने के लिए शव को पास के ही झाड़ी में फेंक कर पत्तों से ढक दिया था। जिसके बाद ग्रामीणों ने अगले दिन छात्रा के शव को देखे जाने की सूचना लावालोंग थाना पुलिस को दी थी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद करते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया था। वही ग्रामीणों और परिजनों ने आशंका जताई थी कि छात्रा की हत्या से पूर्व उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया है जिसके बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर सिमरिया एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी के नेतृत्व में एसआईटी के टीम का गठन किया गया था। टीम ने 48 घंटे के भीतर मामले का उद्भेदन करते हुए आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार प्रेमी संतोष कुमार लावालोंग थाना क्षेत्र के हेडुम गांव का रहने वाला है।

## मारपीट कर सोने की चेन छीनने का आरोप में सात नामजद

**कोडरमा।** लोचनपुर निवासी भोला यादव ने थाने में आवेदन देकर जान मारने की नीयत से मारपीट कर लहुलुहान करने व सोने के चेन छीन लेने को लेकर सात लोगों को नामजद व 10-11 अज्ञात व्यक्तियों पर मामला दर्ज कराया है। जिनपर मामला दर्ज किया गया है, उनमें बड़कीबागी निवासी सुनील यादव, फरेंदा निवासी अरूण यादव, लोचनपुर निवासी कामेश्वर यादव, बदडीहा निवासी प्रदीप यादव, भोला यादव, बीरू यादव व रंजीत विश्वकर्मा बिजली ऑफिस के पीछे के नाम शामिल है। थाने में दिये गये आवेदन में कहा गया है कि 14 जून रात 930 बजे शादी समारोह में शामिल होने बदडीहा गए थे। वापस लौट रहे थे कि उपरोक्त लोग व 10-11 अन्य लोगों द्वारा उन्हें जान से मारने की नियत से हरवे हथियार से लैस होकर पकड़कर किनारे ले गए और मारपीट कर जख्मी कर दिया और सोने का चेन छीन लिया व धमकी देते हुए कहने लगे कि सभी सही से रहो वरना अबकी बार जान से मार कर फेंक देंगे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में अंतराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी शुरू



योग करते लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भवनाथपुर नगरी में योग दिवस को लेकर तैयारी की जा रही है। योग विशेषज्ञ केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के डीके सिंह ने रोजाना सुबह वंदना से पूर्व योग अभ्यास ट्रेनिंग दी जा रही है। 21 जून के कार्यक्रम का उद्देश्य भैया बहनों को योग, व्यायाम प्राणायाम से जोड़ना है ताकि उन्हें योग के फायदे खुद अपने अंदर महसूस हो और भैया बहन योग को अपने जीवन में उतार सके। योग विशेषज्ञ का कहना है कि एक सप्ताह योगाभ्यास के बाद स्वयं ही भैया बहन योग के लाभ प्रशिक्षु जान सकेंगे। उन्होंने योग के फायदे बताते हुए यह भी बताया की योग आसन शरीर, मन और आत्मा को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। शरीर और मन को शांत करने के लिए यह शारीरिक और मानसिक अनुशासन का एक संतुलन बनाता है। योग तनाव और चिंता का प्रबंधन करने में भी सहायक है। पूर्वाभ्यास में सभी आचार्य, दीदी और विद्यालय के प्रधानाचार्य के सहित विद्यालय के भैया बहन शामिल हुए।

## बीजेपी ने लाभार्थी सम्मेलन को लेकर बैठक आयोजित

**कुन्दा (चतरा)।** शनिवार को महावीर मंदिर परिसर में मंडल अध्यक्ष अनिता कुमारी की अध्यक्षता में बैठक की आयोजन की गई। जिसमें सोमवार को लाभार्थी सम्मेलन की आयोजन को लेकर चर्चा की गई। जिसमें बूथ स्तर के कार्यकताओं को निर्देश दिया गया कि लाभुकों को सम्मेलन में भाग लेने को लेकर लोगों को जागरूक करें और ज्यादा से ज्यादा संख्या में लाभुक सम्मेलन में भाग लें।

# प्रसिद्ध समाजसेवी रक्तवीर स्व कृत्यानंद श्रीवास्तव के परिजन झामुमो में शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा के प्रसिद्ध समाजसेवी उमाशंकर प्रसाद व रक्तवीर स्व. कृत्यानंद श्रीवास्तव के परिजनों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया है। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के कार्यो से प्रभावित होकर गढ़वा के दीपुवा मोहल्ला निवासी प्रसिद्ध समाजसेवी उमाशंकर प्रसाद के पुत्र व पुत्रवधु, रक्तवीर स्व.कृत्यानन्द श्रीवास्तव के भाई लायन आकाश श्रीवास्तव एवं उनकी पत्नी वंदना श्रीवास्तव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण कर ली।

शनिवार को मंत्री श्री ठाकुर के रांची स्थित आवास पर ये सभी पार्टी में शामिल हुए। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करते हुए पार्टी का पट्टा पहना कर उन्हें झामुमो में शामिल किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार के कार्यों से प्रभावित होकर पूरे राज्य में लोगों का पार्टी में शामिल होने का सिलसिला जारी है। इस कार्य में गढ़वा के लोग अव्वल हैं। दूसरे दलों सहित काफी संख्या में समाजसेवी एवं अन्य सभी वर्गों के लोग काफी झामुमो में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ छवि के लोगों को शामिल होने से पार्टी और मजबूत होगी। आने वाले समय में पूरा गढ़वा झामुमोमय होगा। पार्टी में शामिल होने वाले आकाश व वंदना ने कहा कि पूरे गढ़वा में झामुमो की लहर है। मंत्री श्री ठाकुर जिस तरह से गढ़वा में विकास कार्यों को अंजाम दे रहे हैं, इनकी जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम है। मंत्री श्री ठाकुर के कार्यकाल से पहले गढ़वा में विकास नाम का कहीं कोई चीज दिखाई नहीं पड़ता था। अब तक गढ़वा में विकास कार्यों के नाम पर सिर्फ छलावा ही हो रहा था। परंतु अब मंत्री श्री ठाकुर के नेक विचार एवं बेहतर सोच की वजह से गढ़वा में अभूतपूर्व विकास हो रहा है। मौके पर झामुमो के जिला सचिव मनोज ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, डॉ असजद अंसारी, मिथिलेश झा, दीपक पाठक सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।



पार्टी में शामिल कराते मंत्री मिथिलेश ठाकुर

# योगी सेना की पशु तस्करी पर बड़ी करवाई, 28 पशुओं को कासरस मुक्त : विपुल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** योगी सेना की तत्परता से तस्करी कर ले जाए जा रहे 28 पशुओं मुक्त करा लिया गया। गेट रात्रि करीब 10 बजे रंका की तरफ से गढ़वा आ रही ट्रक संख्या बीआर 02 जीए 6033 को टंडवा में योगी सेना के कार्यकताओं ने रोक कर पुलिस को को सौंप दिया। जानकारी देते हुए योगी सेना के अध्यक्ष विपिन दुबे ने बताया कि उन्हें मिली थी कि सूचना कि गढ़वा के रास्टर बिहार के लिए एक ट्रक भैंस तस्करी कर ले जाया जा रहा है। इसकी सूचना मिलते ही तुरंत योगी सेना के कार्यकताओं ने स्थानीय लोगों के साथ मौके पर पहुंच कर सभी पशुओं को तस्करों से मुक्त करा लिया। श्री दुबे ने कहा कि जिले में पशु तस्करी का मामला अब बढ़ गई हैं। साथ ही तरीका भी बदल गया है। कभी पिकप से, कभी ट्रक से, कभी कंटेनर से तो कभी एक आदमी पशुओं के पीछे-पीछे पैदल चलता है, एक आदमी मोटरसाइकिल या कार से रहता है। ताकि इस तरह की परिस्थितियों में भगने में तस्करों को आसानी हो सके। श्री दुबे ने कहा कि तस्कर अपने आप मे सुधार लाये अन्यथा उनकी बढ़ते मनोबल को योगी सेना कुचलने के लिए तैयार है। योगी सेना किसी भी हाल में पशु तस्करी नहीं होने देगा। इसके लिए लगातार योगी सेना के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण सक्रिय हैं। मौके पर योगी सेना के पिंकू तिवारी, अंजन धर दुबे, प्रियांशू दुबे, ज्ञान प्रकाश बिंद, हर्ष कश्यप, राहुल धर दुबे, रामू कुमार, सौरभ तिवारी, सैरभ सिंह, विवेक कुमार, बिट्टू तिवारी, रवि तिवारी, रोहित दुबे, शुभम कुमार, साकेत कुमार, पिंकू तिवारी, आकाश कुमार, परशुराम सेना के जिला अध्यक्ष हरिशंकर दुबे, संजय तिवारी, राजेश चौबे, मनोज पांडेय, बजरंगदल के जिला संयोजक शुभम चौबे, शुभम केशरी, रौनक कमलापुरी, विवेक सिन्हा, आकाश गुप्ता, पवन बिंद आदि सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।



एक नजर में

## रेड क्रॉस ने किया टीबी मरीजों के बीच पोषाहार का वितरण

**गढ़वा।** रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में सदर अस्पताल परिसर स्थित जिला यक्ष्मा कार्यालय परिसर में टीबी मरीजों के बीच पोषाहार का वितरण किया गया। बताते चलें कि रेड क्रॉस सोसाइटी ने टीबी मरीजों को गोद लिया है, जिसके तहत पिछले छह माह से मरीजों के बीच पौष्टिक आहार वितरण किया जाता है। मौके पर सोसाइटी के चेयरमैन डॉ मुरली प्रसाद गुप्ता ने कहा कि टीबी को पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। यह बैक्टीरिया से होने वाली बीमारी है। सबसे कॉमन फेफड़ों की टीबी है। यह ब्रेन, यूट्रस, मुंह, लीवर, किडनी, गला, हड्डी शरीर के अन्य हिस्सों में भी हो सकती है। मरीज खांसने-छींकने के दौरान नाक-मुंह पर रुमाल रखें। सचिव डॉ जेपी सिंह ने कहा कि टीबी का बैक्टीरिया शरीर के जिस भी हिस्से में होता है, वहां के टिशयु को नष्ट कर देता है। यदि फेफड़ा में टीबी है तो धीरे-धीरे फेफड़ा को बेकार कर देती है। मौके पर जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ कमलेश कुमार, रेडक्रॉस वाईस चेयरमैन विनोद कमलापुरी, रेडक्रॉस हेल्थ चेयरमैन डॉक्टर पतंजलि केशरी, मनोज केशरी, ज्ञान प्रकाश केशरी, नंद कुमार गुप्ता, संतोष मेहता आदि उपस्थित थे।

## टेम्पो पलटने से कई लोग घायल

**मझिआंव।** गढ़वा से मझिआंव आने के दौरान हरण दुबे के समीप टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें कई लोग घायल हो गए। जिसमें 3 घायलों को निजी वाहन से मझिआंव निवासी ललित राम के द्वारा रेफरल अस्पताल लाया गया। जहां पर गंभीर रूप से घायल छत्तीसगढ़ के रामानुजगंज निवासी चंद्र देव कश्यप की 40 वर्षीय पत्नी रंभा देवी एवं आंशिक रूप से घायल 22 वर्षीय पुत्री प्रियंका देवी के साथ आंशिक रूप से घायल स्व. गनौरी राम के पुत्र चंद्रदेव कश्यप को उपस्थित चिकित्सक डॉ कविता कुमारी एवं सहयोगी राकेश ठाकुर, आदित्य दुबे के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। इधर इस संबंध में जानकारी देते हुए चंद्रदेव कश्यप ने बताया कि अपने घर से अपने बड़ी लड़की के यहां मोहम्मदगंज कमलेश राम के यहां जा रहे थे। उसी दौरान गढ़वा से मझिआंव टेंपो से आ रहे थे उसी क्रम में हारन दुबे के समीप टेंपो अनियंत्रित होकर दूसरे तरफ पेड़ से जाकर टकरा कर पलट गई जिसमें टेंपो में सवार कई लोग घायल हो गए और हम सभी लोगों को मझिआंव निवासी ललित राम के द्वारा अस्पताल लाया गया है। साथ ही बताया कि टेंपो चालक नाबालिग था एवं नशा भी किए हुए था। ललित राम ने बताया कि दुर्घटना के बाद देखा कि उन लोग गो को काफी चोट लगी है जिसे गंभीर स्थिति देखते हुए इलाज के लिए मझिआंव अस्पताल ले आया।

## पद्मश्री नाना चूड़ासामा के जन्मदिन पर लस्सी और गमछा का वितरण

**गढ़वा।** भारतीय मूल की पहली स्वयंसेवी संस्था जायंट्स इंटरनेशनल के संस्थापक पद्मश्री नाना चूड़ासामा के जन्मदिन के अवसर पर जायन्ट्स ग्रुप गढ़वा के तत्वावधान में निःशुल्क कपड़ा/सत्तू बैंक के समीप राहगीरों को सत्तू का लस्सी पिलाया गया। साथ ही उपस्थित महिला पुरुषों के बीच गमछा का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्व. नाना चुडासमा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं केक काटकर की गई। मौके पर जायन्ट्स पदाधिकारियों ने कहा कि जायन्ट्स के संस्थापक पद्मश्री नाना चूड़ासामा ने 1972 में गरीबों की सेवा के लिए जायन्ट्स ग्रुप की स्थापना मुंबई में की थी। जो अब एक ग्रुप से बढ़कर भारत सहित विश्व के कई देशों में लगभग 700 ग्रुप हो गया है। मौके पर मुख्य रूप से ग्रुप अध्यक्ष कमलेश गुप्ता, जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन आठ के निवर्तमान अध्यक्ष अलख नाथ पाण्डेय, विनोद कमलापुरी, मदन प्रसाद केशरी, शौकत खान, विजय केशरी, नंदकुमार गुप्ता, मनोज केशरी, दीपक तिवारी, मोजिबुद्दीन खान, चंदन जायसवाल आदि लोग उपस्थित थे।

## ड्यूटी के प्रति रहे ईमानदार: एसपी

**चतरा।** हजारीबाग पुलिस लाइन में बीते 12 से 14 जून तक छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय पुलिस ड्यूटी मीट का आयोजन किया गया। जिसमें चतरा जिला ओवरऑल चैंपियन रहा। जिले के 11 पुलिसकर्मी एवं अधिकारियों ने इसमें हिस्सा लिया था। इनमें 11 मेडल चतरा पुलिस ने हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। जिले के एस?आई अविनाश कुमार तीन विषयों में प्रथम और एक विषय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। बेहतर प्रदर्शन पर उन्हें ओवरऑल रेंज चैंपियन का खिताब दिया गया। शुक्रवार को एसपी राकेश रंजन ने सभी प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि जिला पुलिस के लिए गौरव का क्षण है। बता दें कि पुलिस ड्यूटी मीट में प्रतिभागियों का चयन किया जाता है जो अपनी ड्यूटी के प्रति पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी बरतते हैं। कांड के उद्भेदन से लेकर हर तरह के पुलिस मैनुअल का पालन करनेवाले पुलिसकर्मी एवं पदाधिकारी इसमें हिस्सा लेते है।

## अफीम के साथ तीन महिला गिरफ्तार

**चतरा।** हंटरगंज पुलिस ने अफीम के साथ तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिलाओं में देवंती देवी, दमिया कुमारी और पूजा देवी शामिल हैं। इनके पास से पांच किलो 36 ग्राम और तीन मोबाइल बरामद किया गया है। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर हंटरगंज पुलिस की स्पेशल टीम ने हंटरगंज थाना गेट के समीप वाहन चेकिंग अभियान के दौरान जयमंगला बस से तस्करी कर बिहार के गया ले जा रहे प्रतिबंधित अफीम की खेप के साथ 2 महिलाओं को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस ने गिरफ्तार दोनों महिलाओं के पास से 5 किलोग्राम प्रतिबंधित अफीम व विभिन्न कंपनियों के तीन मोबाइल फोन बरामद किया है। गिरफ्तार महिलाओं ने पुलिस के पूछताछ के दौरान बताया कि सदर थाना क्षेत्र के तपेज इलाके के निवासी युगल किशोर साव नामक व्यक्ति की पत्नी पूजा कुमारी ने जब्त अफीम की खेप को बिहार के गया पहुंचाने के लिए कहा था। गिरफ्तार महिलाओं के बयान के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए युगल किशोर साव की पत्नी पूजा कुमारी को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने की मां भद्रकाली की पूजा

**इटखोरी।** झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एसएन पाठक शनिवार को ऐतिहासिक मां भद्रकाली मंदिर में पूजा अर्चना करने के लिए इटखोरी पहुंचे। मंदिर परिसर में पहुंचकर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने अपनी पत्नी के संग सर्वप्रथम पूरे विधि विधान के साथ मां भद्रकाली की पूजा की। पूजा के दौरान मंदिर के पुजारियों ने उच्च न्यायालय के न्यायाधीश तथा उनकी पत्नी को आशीर्वाद स्वरूप माता की चुनरी भेंट की। मंदिर की परिक्रमा करने के पश्चात उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने मंदिर परिसर में नारियल की संकल्प बलि भी अर्पित की। पूजा के पश्चात पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता तथा अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी ने उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को मां भद्रकाली की तस्वीर वाला मोमेंटो भेंट किया। इससे पूर्व इटखोरी आगमन पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को जिला परिषद के डाक बंगला परिसर में गार्ड आफ आनर दिया गया। मंदिर परिसर की साफ-सफाई तथा व्यवस्था देखकर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश काफी प्रसन्न हुए।